

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





10 'ऐसा कुछ नहीं है...', विराट कोहली से प्रतिस्पर्धा पर बोले स्टीव स्मिथ

वीरेंद्र सहवाग ने अपने पसंदीदा क्रिकेटर रोहित को ... 11



वर्ष : 15 | अंक : 151 | नई दिल्ली, बुधवार, 11 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 46 एजेंडों पर लगी मुहर

# कैबिनेट फैसला : 6421 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सहायकों की होगी बहाली

### 6421 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सहायक के पद सृजित



प्रात : किरण संवादाता

पटना। नीतीश सरकार रोजगार को लेकर संवदेनशील है। इस दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। विभिन्न विभागों में खाली पदों व नए पदों का सृजन कर बड़ी संख्या में बहाली की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राज्य सरकार ने रोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण फैसला लिया है। बिहार के 6421 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कुल 6421 सहायक के पद सृजित किया गया है। इस पर एक अरब 27 करोड़ 13 लाख 58 हजार रुपए का वार्षिक व्यय होगा। छात्रावास प्रबंधक के 91 पदों पर बहाली की स्वीकृति शामिल है। वहीं, कारा निदेशालय में 10 कार्यालय परिचारकों के अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति भी दी गई है।

**विश्वविद्यालय के 60 पदों के सृजन को भी स्वीकृति :** बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों के लिए कल 60 पदों के सृजन की स्वीकृति भी कैबिनेट की बैठक में दी गई है। ग्रामीण कार्य विभाग में संविदा के आधार पर 231 सहायक अभियंता की नियोजन की स्वीकृति दी गई है। योजना एवं विकास विभाग में कार्य हित में 350 तकनीकी पर्यवेक्षकों की सेवा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कनीय अभियंता के पद पर नियमित नियुक्ति होने तक प्राप्त किए जाने एवं उसे पर होने वाले अनुमानित वार्षिक व्यय 13 करोड़ 25 लाख 73000 की स्वीकृति दी गई है। जल संसाधन विभाग में 56 पदों का सृजन किया गया है।

### विधान मंडल के सचेतक को राज्य मंत्री का दर्जा

बिहार विधानमंडल दल के सचेतक के लिए खुशखबरी है। अब विधान मंडल के सचेतक को उप मंत्री नहीं अब राज्य मंत्री के पद से नवाजा जायेगा। अब उन्हें राज्य मंत्री की सुविधा मिलेगी। यह फैसला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। बैठक में 46 एजेंडे पर मुहर लगी है। कैबिनेट के इस फैसले के बाद बिहार विधान मंडल के सचेतक को उपमंत्री के बदले राज्य मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। इस निर्णय के बाद बिहार विधान मंडल नेता विरोधी दल, संसदीय सचिव, सचेतक और सदन नेता (वेतन भत्ता) नियमावली के संशोधन की स्वीकृति भी दी गई है।

## राजधानी पटना में बनेंगे तीन नए पांच सितारा होटल

### होटलों के निर्माण को मिली कैबिनेट की स्वीकृति

प्रात : किरण संवादाता

● पीपीपी मोड पर पांच सितारा होटलों का होगा निर्माण व संचालन

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें 46 एजेंडों पर मुहर लगी। राज्य में पर्यटकों की बढ़ती संख्या और बेहतर औद्योगिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए राजधानी पटना में तीन नए पांच सितारा होटलों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गयी। राजधानी पटना में होटल पाटलिपुत्र अशोक, बांकीपुर बस स्टैंड एवं सुल्तान पैलेस परिसर की भूमि पर पीपीपी मोड पर पांच सितारा होटलों का निर्माण किया जाएगा। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कैबिनेट में इस निर्णय हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा है कि राज्य में बेहतर औद्योगिक वातावरण और पर्यटकों की सुविधा हेतु पटना में उच्च स्तरीय होटल के निर्माण की आवश्यकता महसूस हो रही थी, तीन नए पांच सितारा होटलों का निर्माण किये जाने से आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि तो होगी ही साथ ही साथ रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। तीन नए पांच सितारा होटलों के निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी देते हुए नीतीश मिश्रा ने बताया कि आधुनिक निर्माण के साथ विरासत संरक्षण को भी ध्यान में रखते हुए सुल्तान पैलेस के वर्तमान ऐतिहासिक भवन को संरक्षित रखते हुए उक्त भूमि पर पांच सितारा हेरिटेज होटल का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही होटल पाटलिपुत्र अशोक एवं बांकीपुर बस स्टैंड परिसर की भूमि पर अवस्थित वर्तमान संरचना/भवन को हटाकर उक्त भूमि पर नए पाँच सितारा होटल का निर्माण किया जाएगा। होटल पाटलिपुत्र अशोक की भूमि पर कम से कम 100 कमरों तथा बांकीपुर बस स्टैंड एवं सुल्तान पैलेस परिसर की भूमि पर कम से कम 150-150 कमरों की क्षमता वाले पाँच सितारा होटलों का निर्माण किया जाएगा, साथ ही शेष भू-खण्ड पर चार सितारा होटलों का निर्माण वैकल्पिक रहेगा एवं बाध्यकारी नहीं होगा। इन तीनों पाँच सितारा होटलों के निर्माण हेतु प्रस्तावित तीनों भू-खण्डों का मिश्रित उपयोग अर्थात आतिथ्य क्षेत्र एवं सार्वजनिक बाजार (खुदरा क्षेत्र) हेतु उपयोग में लाया जाएगा। इस कार्य के निमित्त लीज की अवधि 60 वर्ष की होगी, जिसका विस्तार इसके उपरांत 30 वर्षों के लिए किया जा सकेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी की हालत गंभीर : एम्स

नईदिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती भारतीय काम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी के महासचिव सीताराम येचुरी की हालत गंभीर है। वह सीने में दर्द की शिकायत के बाद ही 19 अगस्त को दिल्ली के एम्स में भर्ती हुए थे। येचुरी की देखभाल कर रहे एम्स के डॉक्टर ने बताया कि उनकी हालत गंभीर है, कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। येचुरी को रेस्पिरेटरी सपोर्ट पर रखा गया है। केंद्रीय समिति कार्यालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी के महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की गहन देखभाल इकाई में तीव्र श्वशन के संक्रमण का इलाज चल रहा है। वह रेस्पिरेटरी सपोर्ट पर हैं।

### सर्वोच्च न्यायालय में सरकार का पक्ष रखने के लिए छह वरिष्ठ अधिवक्ता एएसजी नियुक्त

नईदिल्ली। सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए छह वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया है। सोमवार को जारी कैबिनेट की नियुक्ति समिति के आदेश के अनुसार, एएसजी की नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है। इनमें एस. द्वारकानाथ, अर्चना पाठक दवे, सत्य दर्शी संजय, बृजेंद्र चाहर, राघवेंद्र पी शंकर और राजकुमार भास्कर ठाकरे शामिल हैं। एएसजी सर्वोच्च न्यायालय तथा विभिन्न उच्च न्यायालयों में सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं और सरकार का बचाव करने में अटॉर्नी जनरल तथा सॉलिसिटर जनरल की सहायता करते हैं। नई नियुक्तियों से पहले शीर्ष अदालत में पांच एएसजी थे और छह पद रिक्त थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने थरूर के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही पर रोक लगाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना कथित तौर पर बिच्छू से करने के एक पुराने मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ चल रही मानहानि की कार्यवाही पर मंगलवार को पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति आर महादेन की पीठ ने श्री थरूर को अंतरिम राहत दी और इस मामले के शिकायतकर्ता भारतीय जनता पार्टी नेता राजीव बब्बर को नोटिस जारी करके चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब देने का निर्देश दिया।

## अब राजमार्ग पर 20 किलोमीटर तक आवाजाही के लिए नहीं देना होगा शुल्क

### सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

प्रात : किरण



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले वाहनों को अब 20 किलोमीटर के दायरे में आवाजाही के लिए कोई टोल शुल्क नहीं देना होगा। अगर यात्रा की दूरी 20 किलोमीटर से अधिक है, तभी यात्रा के दौरान तय की गई दूरी के लिए शुल्क लिया जाएगा। इसे लेकर सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को अधिसूचना जारी की। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम, 2008 में हाल ही में कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। इन संशोधनों का उद्देश्य टोल संग्रहण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। मंत्रालय द्वारा अधिसूचना के तहत राष्ट्रीय परमिट वाहन के अलावा किसी यांत्रिक वाहन का चालक, स्वामी या प्रभारी व्यक्ति जो राष्ट्रीय राजमार्ग, स्थायी पुल, बाइपास या सुरंग का उपयोग करता है, तब उससे ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रहण प्रणाली के तहत एक दिन में प्रत्येक दिशा में बीस किलोमीटर की यात्रा तक शून्य-उपयोगकर्ता शुल्क लिया जाएगा। यदि यात्रा की गई दूरी बीस किलोमीटर से अधिक है, तो वास्तविक यात्रा की गई दूरी के लिए शुल्क लिया जाएगा।

## केंद्रीय गृह मंत्री ने आई4सी के प्रथम स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित

# अगले 5 साल में लगभग 5 हजार साइबर कमांडो तैयार होंगे : शाह

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित न रहकर राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी बन गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने साइबर अपराध से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में करीब 5,000 ह्यसाइबर कमांडो को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय मंत्री शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आई4सी के प्रथम स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। साथ ही उन्होंने साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रमुख पहलों का शुभारंभ भी किया। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि साइबर सुरक्षा के बिना किसी भी देश का विकास असंभव है। उन्होंने कहा कि तकनीक मानव जीवन के लिए आशीर्वाद साबित होती है और आज सभी नई पहलों में तकनीक का बहुत उपयोग हो रहा है। लेकिन तकनीक के बढ़ते उपयोग से कई खतरे भी पैदा हो रहे हैं, इसीलिए साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित न रहकर राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी बन गई है। उन्होंने कहा कि आई4सी जैसे प्लेटफॉर्म इस प्रकार के खतरों से निपटने में बहुत बड़ा योगदान कर सकते हैं। उन्होंने आई4सी से सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर जागरूकता, समन्वय और साझा प्रयास को जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोई भी एक संस्था अकेले साइबर स्पेस को सुरक्षित नहीं रख सकती। यह तभी संभव है जब कई स्टेकहोल्डर्स एक ही मंच पर आकर एक ही तरीके और रास्ते पर आगे बढ़ें। अमित शाह ने आज यहां आई4सी के चार प्रमुख साइबर प्लेटफॉर्म्स का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि साइबर धोखाधड़ी न्यूनीकरण केंद्र (सीएफएमसी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना थी, जिसका आज शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ आज साइबर कमांडो, समन्वय प्लेटफॉर्म और सस्पेक्ट रजिस्ट्री का भी शुभारंभ हुआ है। शाह ने कहा कि आज से आई4सी एक जनजागरूकता अभियान भी शुरू कर रहा है।

देश के 72 से अधिक टीवी चैनल्स, 190 रेडियो एफएम चैनल्स, सिनेमाघरों और कई अन्य प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से इस अभियान को गति देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पीड़ित को साइबर अपराध से बचने का तरीका नहीं पता होगा, तब तक यह अभियान सफल नहीं हो सकता। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी न्यूनीकरण केंद्र के साथ बैंक, वित्तीय संस्थान, टेलीकॉम कंपनी, इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर और पुलिस को एक ही मंच पर लाकर इस केन्द्र का विचार रखा गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह साइबर अपराध की रोकथाम का एक प्रमुख प्लेटफॉर्म बनेगा। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र को अलग-अलग डेटा का एआई के उपयोग से साइबर अपराधियों के काम करने के तरीकों की पहचान कर इसकी रोकथाम का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साइबर कमांडो कार्यक्रम के तहत 5 साल में लगभग 5 हजार साइबर कमांडो तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों -भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम इसमें देश को साइबर सुरक्षित बनाने के लिए सभी कानूनी इंतजाम किए गए हैं।

## सिखों को खतरा सिर्फ 1984 में हुआ था राहुल के बयान पर पुरी का पलटवार

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सिख समुदाय को लेकर दिए गए राहुल गांधी के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि भारत में सिखों को एक ही बार चिंता, असुरक्षा और अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ था, जब उनका परिवार सत्ता में था। उन्होंने कहा कि 1984 में जब राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी सत्ता में थे तो सिख समुदाय के खिलाफ नरसंहार किया गया था। तीन हजार निर्दोष सिखों को मार दिया गया था। लोगों को उनके घरों से खींचकर बाहर निकाल कर जिंदा जला दिया गया था। राजीव गांधी ने उस समय बयान दिया था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तब धरती हिलती है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सिखों के लिए जितना काम किया है, आजादी के बाद उतना काम कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी जब भी गुरुद्वारे जाते हैं, स्वयं भी पगड़ी पहनकर ही जाते हैं।

## नौसेना के दो जहाज मालपे व मुल्की एक साथ कोच्चि में लॉन्च

### जहाजों के नाम रणनीतिक महत्व के भारतीय तट से सटे बंदरगाहों पर रखे

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय नौसेना के लिए एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट मालपे और मुल्की को मंगलवार को एक साथ कोच्चि में लॉन्च किया गया। समुद्री परंपराओं को ध्यान में रखते हुए दोनों जहाजों को दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास की उपस्थिति में उनकी पत्नी विजया श्रीनिवास ने लॉन्च किया। भारतीय नौसेना को ये साइलेंट हंटर्स मिलने पर तटीय सीमाओं पर दुश्मनों की पनडुब्बियों का पता लगाने में आसानी होगी। रक्षा मंत्रालय ने मेसर्स कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ 30 अप्रैल, 2019 को आठ एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इसी प्रोजेक्ट के तहत भारतीय नौसेना के लिए बनाए गए चौथे और पांचवें जहाज मालपे औरमुल्की को आज सीएसएल, कोच्चि में लॉन्च किया गया। समुद्री परंपराओं को ध्यान में रखते हुए दोनों जहाजों को दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास की पत्नी विजया श्रीनिवास ने अथर्ववेद के मंत्रोच्चारण के साथ लॉन्च किया।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार माहे श्रेणी के एएसडब्ल्यू शैलो वाटर क्राफ्ट के नाम भारत के तट पर सामरिक महत्व के बंदरगाहों के नाम पर रखे गए हैं। इन जहाजों को स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक अंडरवाटर सेंसर से लैस किया जाएगा। इन जहाजों को तटीय जल में पनडुब्बी रोधी अभियानों के साथ-साथ कम तीव्रता के समुद्री संचालन (एलआईएमओ) तथा खदान बिछाने के काम के लिए तैयार किया गया है। यह जहाज 1800 समुद्री मील तक की सहनशक्ति के साथ 25 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त कर सकते हैं। इन जहाजों में 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री होगी, जिससे देश के भीतर रोजगार की भी क्षमता बढ़ेगी। इस प्रोजेक्ट के तीन जहाज माहे, मालवन और मंगरोल 30 नवंबर, 2023 को सीएसएल में लॉन्च किये गए थे। अब दो जहाज एक साथ लॉन्च किये जाने के बाद यह कार्यक्रम भारतीय शिपयार्ड की मेक इन इंडिया क्षमता को दिखाता है। भारतीय नौसेना के लिए कुल 16 जहाजों का निर्माण किया जा रहा है। भारतीय नौसेना की योजना 2026 तक सभी 16 जहाजों को सक्रिय सेवा में रखने की है। एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी जहाज 78 मीटर लंबे हैं और 25 समुद्री मील अधिकतम गति सहित इनका विस्थापन लगभग 900 टन है।

## अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी गिरोह के मुख्य संचालक को यूएई से भारत लाया गया: सीबीआई

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी गिरोह के एक प्रमुख सरगना को मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात से लाया गया। उसके खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण और इंटरपोल के साथ मिलकर एक अभियान चलाया था। अधिकारियों ने बताया कि मुनियाद अली खान इस मामले में तीसरा भगोड़ा है, जिसे सफलतापूर्वक भारत वापस लाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि खान संयुक्त अरब अमीरात से जयपुर हवाई अड्डे पर उतरा और एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई प्रवक्ता ने यहां बताया कि एनआईए द्वारा जांच किये गए मामले में आरोप लगाया गया था कि खान ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर सऊदी अरब के रियाद से भारत में सोने की अवैध तस्करी की साजिश रची थी। मामले के दो सह-आरोपियों शौकत अली और मोहब्बत अली को सीबीआई के वैश्विक अभियान केंद्र द्वारा इंटरपोल एनसीबी-रियाद और एनआईए के साथ समन्वित एक अभियान में क्रमशः तीन अप्रैल, 2024 और 17 अगस्त, 2023 को सऊदी अरब से लाया गया था। आरोप है कि खान ने सह-आरोपियों के साथ मिलकर रियाद से जयपुर में तस्करी के लिए सोने की छड़ें उपलब्ध कराई थीं।

**बैठक** — पीएम ने की राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान के शासी निकाय की पहली बैठक की अध्यक्षता

# अनुसंधान के लिए संसाधनों की कमी आड़े नहीं आने दी जायेगी: मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों से बड़े अनुसंधान के क्षेत्र में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने पर जोर देते हुए कहा कि उनके प्रयासों के लिए संसाधनों की कोई कमी आडे नहीं आने दी जायेगी। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां अपने आवास पर राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान के शासी निकाय की पहली बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में देश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिदृश्य तथा अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों की नई रूपरेखा के बारे में चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान के शासी निकाय की पहली बैठक के साथ एक नई शुरूआत हुई है। उन्होंने देश में अनुसंधान इकोसिस्टम में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, उन्हें हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने और बड़े अनुसंधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शोध को मौजूदा समस्याओं के नए समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समस्याएं वैश्विक प्रकृति की हो सकती हैं लेकिन उनका समाधान भारतीय जरूरतों के अनुरूप स्थानीय होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने संस्थानों के उन्नयन और मानकीकरण की आवश्यकता पर भी चर्चा की। उन्होंने उनकी विशेषज्ञता के आधार पर क्षेत्र विशेषज्ञों की एक सूची तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने एक डैशबोर्ड विकसित करने की भी बात कही, जहां देश में अनुसंधान और विकास से जुड़ी जानकारी आसानी के बारे में आसानी से पता लगाया जा सके। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान और नवाचार के लिए संसाधनों के उपयोग की वैज्ञानिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। इसे एक महत्वाकांक्षी शुरूआत बताते हुए उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिक समुदाय को विश्वास होना चाहिए कि उनके प्रयासों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। अटल टिंकरिंग लैब्स के सकारात्मक प्रभावों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इन की ग्रेडिंग की जा सकती है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे पर्यावरण परिवर्तन के लिए नए समाधान की तलाश, ईवी के लिए बैटरी सामग्री, प्रयोगशाला में विकसित हीरे आदि क्षेत्रों में अनुसंधान पर भी चर्चा की। शासी निकाय ने उन विश्वविद्यालयों को जोड़कर हब और स्पोक मोड में एक कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया, जहां अनुसंधान प्रारंभिक चरण में है और उन्हें मेंटरशिप मोड में शीर्ष स्तरीय स्थापित संस्थानों के साथ जोड़ा गया है।

## भारत-फिलीपींस जेडीसीसी की बैठक 11 सितंबर को, रक्षा सचिव मनीला जाएंगे

### फिलीपींस राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अवर सचिव इरिनियो क्रूज एस्पिनो शामिल होंगे

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने 11 सितंबर को भारत-फिलीपींस संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की पांचवीं बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए मनीला का दौरा करेंगे। यात्रा के दौरान रक्षा सचिव दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

वह फिलीपींस सरकार के अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मिलेंगे। बैठक की सह-अध्यक्षता फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अवर सचिव इरिनियो क्रूज एस्पिनो करेंगे। यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत और फिलीपींस राजनयिक संबंधों के 75 साल और भारत की एक्ट ईस्ट नीति के 10 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। दोनों देशों के बीच एक मजबूत और बहुआयामी संबंध हैं, जो रक्षा और सुरक्षा सहित कई रणनीतिक क्षेत्रों में और आगे बढ़े हैं। वे रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक-दूसरे का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जेडीसीसी का गठन 2006 में दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन के दायरे में किया गया है। बैठक का चौथा संस्करण मार्च, 2023 में नई दिल्ली में संयुक्त सचिव स्तर पर आयोजित किया गया था। पांचवें संस्करण में सह-अध्यक्ष को सचिव स्तर पर पदोन्नत किया गया। इसीलिए रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए मनीला का दौरा करने जा रहे हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 11 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार, एजेंसी।** कनखल थाना क्षेत्र में हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार योगिता निवासी ग्राम रसूलपुर उर्फ कंकर खाता थाना लक्सर ने शिकायत देकर बताया कि उसका पति युद्धवीर तीन सितंबर को बैंक के काम से बाइक पर हरिद्वार आ रहे थे। सहगल पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे मौके पर ही मौत हो गई थी। सोशल मीडिया के जरिये उनके परिवार को घटना के बारे में पता चसा। इसके बाद अब मामले में पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी मनोज नौटियाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत में दो लोग घायल

**धनौरी, एजेंसी।** बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए धनौरी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जानकारी के मुताबिक कोटामुराद नगर निवासी दीपक कुमार बाइक से पीठ बाजार जा रहा था। इसी दौरान डालूवाला मोड़ के समीप सामने से आ रही बाइक से जा भिड़ी। दूसरी बाइक को हजारा ग्रंट निवासी रमेश चला रहा था। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। ग्रामीणों ने निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। धनौरी पुलिस चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सुर्खियों में आई 100 साल की बच्ची, बोलीं- जब तक नहीं मानोगे मेरी बात, उपवास नहीं तोडूंगी

**चमोली, एजेंसी।** चमोली जिले के डुमक के ग्रामीणों का क्रमिक उपवास 39वें दिन भी रहा जारी। कैंडल मार्च निकाला गया, लेकिन इस दौरान जो सबसे अधिक चर्चाओं में वो हैं डुमक की सौ वर्षीय बच्ची। उत्तराखंड के चमोली जिले के डुमक की सौ साल की बच्ची सुर्खियों में हैं। उन्होंने ठानी है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी वह अपना उपवास नहीं तोड़ेंगी। सड़क की मांग को लेकर डुमक के ग्रामीणों का क्रमिक उपवास लगातार जारी है। 39वें दिन 100 वर्षीय बच्ची देवी सहित गांव के अन्य लोग उपवास पर बैठे। वहीं शनिवार देर शाम को ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। डुमक के ग्रामीण एक अगस्त से गांव में ही आंदोलन कर रहे हैं। ग्रामीण सैंजी लगा मैकोट डुमक कलगोठ सड़क को पुराने समरेखण से बनाने और बंद पड़े कार्य को तुरंत शुरू कराने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में ग्रामीणों ने शनिवार देर शाम को गांव में कैंडल मार्च निकाला। रविवार को क्रमिक उपवास पर बैठीं 100 वर्षीय बच्ची देवी ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती वह उपवास नहीं तोड़ेंगी। बच्ची देवी लगभग हर दिन धरना स्थल पहुंच रही हैं। क्रमिक उपवास पर बैठने वालों में रणजीत सिंह, सुंदर सिंह, महावीर सिंह, विक्रम सिंह आदि शामिल रहे। उनके साथ धरने पर विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, अंकित सिंह, ज्ञान सिंह, योगंबर सिंह सहित अन्य ग्रामीण बैठे रहे।

### बच्चों में डायरिया, पीलिया के बढ़ने लगे केस, 80 फीसदी बेड फुल

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बदलते मौसम में अस्पतालों में हेपेटाइटिस बी के अलावा निमोनिया, डायरिया और टायफायड के केस काफी आ रहे हैं। मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होने के कारण बेस और सुशीला तिवारी अस्पताल में काफी संख्या में प्रभावित मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। एसटीएच में रविवार को भी इमरजेंसी में भीड़ रही। डॉक्टरों के अनुसार अनियमित खानपान, दूषित पानी पीने आदि की वजह से पेट संबंधी बीमारियों में इजाफा हो रहा है। इसके अलावा बुखार, खांसी के भी मरीज पहुंच रहे हैं। एसटीएच की बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि बाल रोग विभाग में 80 फीसदी बेड भर गए हैं। सबसे ज्यादा डायरिया, निमोनिया, टायफायड और पीलिया के मरीज आ रहे हैं। वहीं बेस अस्पताल में 20 बेड के बाल रोग विभाग में 15 बेड फुल हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज त्रिपाठी ने बताया कि इस समय बुखार से पीड़ित बच्चे काफी ज्यादा आ रहे हैं।

# सिस्टम ने मुंह फेरा तो ग्रामीणों ने चंदे से सड़क बनाकर दिखाया आइना



**गंगोलीहाट, एजेंसी।** सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटकर थक चुके गंगोलीहाट विकासखंड के पठक्यूड़ा गांव के ग्रामीणों ने खुद 1200 मीटर सड़क का निर्माण कर सरकारी मशीनरी को आइना दिखाया है। ग्रामीणों ने आपस में चंदा किया और आठ दिन तक श्रमदान कर गांव तक सड़क पहुंचाई। ग्रामीणों के इस प्रयास की हर तरफ सराहना हो रही है।

गंगोलीहाट विकासखंड के पठक्यूड़ा गांव को जोड़ने के लिए राज्य गठन के 24 साल बाद भी सड़क नहीं पहुंची। बीमारों और गर्भवतियों को डोली के सहारे अस्पताल पहुंचाना ग्रामीणों की मजबूरी बन गया। सड़क न होने से गांव विकास की दौड़ में पिछड़ गया और 40 से अधिक परिवार पलायन कर गए। सड़क के लिए ग्रामीणों ने सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटे, लेकिन कुछ भी हासिल नहीं हुआ। ऐसे में ने अपनी लड़ाई खुद लड़ने की ठानी और आपस में चंदा एकत्र कर सड़क निर्माण में जुट गए। इस दौरान तत्कालीन विधायक ने भी दो लाख रुपये दिए थे।

जेसीबी किराए में ली और खुद आठ दिन कड़ी मेहनत के बाद ग्रामीणों ने गांव तक 1200 मीटर सड़क का निर्माण किया है। सरकारी मशीनरी की बेरुखी से ग्रामीणों में आक्रोश भी है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए गांवों को सड़क से जोड़ने के दावे तो खूब हो रहे हैं जो धरातल पर बेअसर हैं। कहा अब हमने सड़क बना दी है, सरकार को हमारी परेशानी समझते हुए इसमें डामरीकरण करना चाहिए। संवाद

पठक्यूड़ा के 16 परिवारों ने हार नहीं मानी और अपने गांव तक सड़क पहुंचा दी। हेम चंद्र पंत, गिरीश चंद्र पाठक, हिमांशु पाठक, नीरज पाठक ने कहा कि नगर का नजदीकी गांव सड़क से वंचित होना विकास के सभी दावों को हवाई साबित करता है। कहा सड़क काट दी है और सुधारीकरण के लिए 80,000 जमा भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि सड़क बनने से उनके गांव के साथ ही इससे लगे भुल्यूड़ा गांव को भी लाभ पहुंचेगा।

गंगोलीहाट। युवाओं ने सड़क का काम शुरू कराया तो बीते वर्ष विधायक मीना गंगोला ने भी विधायक निधि से दो लाख रुपये दिए थे। इसके बाद भी आधा अधूरा निर्माण हुआ। युवाओं ने दोबारा सड़क बनाने की पहल की और ग्रामीणों से दोबारा चंदे की अपील की। ग्रामीणों ने दोबारा आपसी सहयोग से सड़क का निर्माण करा दिया।

गांव के उत्साही और इस काम के लिए दिनरात जुटे रहे युवाओं का कहना है कि सड़क तो ग्रामवासियों के सहयोग से बन गई है। अब इस कच्ची सड़क का डामरीकरण किया जाना है। इसके लिए मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक से गुहार लगाई गई है। अगर डामरीकरण के लिए धनराशि मिले तो गांव तक पक्की सड़क का निर्माण हो जाएगा।

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने नंदा देवी मेला का किया शुभारंभ, विधायक मनोज तिवारी भी रहे उपस्थित



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में पौराणिक ऐतिहासिक नंदा देवी मेला का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने किया। वहीं इस अवसर पर विधायक मनोज तिवारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्राप्त सूचना के मुताबिक अल्मोड़ा में आयोजित इस मेला के अवसर पर केंद्रीय मंत्री का कहना है कि इस ऐतिहासिक मेले का महत्व आज भी विशेष है। उन्होंने कहा कि मां नंदा का आशीर्वाद सभी के लिए फलीभूत रहे। वहीं आगे कहा कि इस मेले से जुड़ी लोक परंपरा यहां हमेशा कायम रहे। इसके अतिरिक्त सभी श्रद्धालुओं पर मां नंदा देवी की कृपा बनी रहे और सभी को मनवाशिंत फल मिले। वहीं इस मौके पर विधायक मनोज तिवारी का कहना है कि अल्मोड़ा का यह नंदा देवी मेला उत्तराखंड की खुशहाली का प्रतीक है। इसी के साथ उन्होंने मानव जीवन के कल्याण की कामना की।

बता दें कि अल्मोड़ा में सांस्कृतिक एवं धार्मिक मां नंदा देवी मेला का आगाज पंचमी को हो गया है। इसमें राजपरिवार के चंद राजवंश द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अनुष्ठान जारी रहा है। इस दौरान मां नंदा-सुनंदा की मूर्ति केलो खांम के आवाहन के बाद मूर्ति बनाई गई। वहीं इनके अनुष्ठान के बाद विधिवत पूजन के उपरांत नंदा अष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस मेले के चलते लाखो की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

## ऊधम सिंह नगर बनने लगा साइबर ठगों का गढ़, विदेशी साइबर अपराधियों से है कनेक्शन



**रुद्रपुर, एजेंसी।** राजस्थान, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, अरूणाचंल, असम, बिहार, झारखंड के बाद अब ऊधम सिंह नगर भी साइबर अपराधियों का गढ़ बनने लगा है। यही नहीं उनके कनेक्शन विदेशी साइबर अपराधियों से भी है। रुद्रपुर के छतरपुर और बरेली के रहने वाले दो साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद इसकी पुष्टि हुई है। पूछताछ में पता चला है कि वह धोखाधड़ी से प्राप्त रुपयों को अलग अलग खातों में डालकर बाद में क्रिप्टो करेंसी में तब्दील करते थे। इस तरह के इनपुट मिलने के बाद साइबर थाना पुलिस जिले में सक्रिय साइबर अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। ऊधम सिंह नगर में लगातार साइबर अपराध की घटनाएं हो रही है। लोग साइबर ठगों के झांसे में आकर अपनी जमा पूंजी गंवा रहे है। इसकी शिकायत पर पुलिस और साइबर थाना पुलिस आइटी एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू करती है।

जांच के दौरान गिरफ्तार अधिकतर साइबर अपराधी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, अरूणाचंल, असम, बिहार, झारखंड के होते थे। लेकिन रविवार को साइबर थाना पुलिस ने 53 लाख की आनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले छतरपुर पंतनगर निवासी मास्टर माइंड गुरप्रीत सिंह और ग्राम खितौसा भोजीपुरा बरेली निवासी प्रेमशंकर को गिरफ्तार किया।

साइबर थाना पुलिस के अनुसार गुरप्रीत सिंह की साइबर ठगी में गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में पता चला है कि कई अन्य लोग भी जिले के उनसे जुड़े हुए है। बताया कि वर्ष, 2017-18 तक दुबई में रह चुका है। उसके विदेश में रहने वाले कई साइबर अपराधियों से कनेक्शन है और उनसे इंटरनेट के माध्यम से संपर्क करते रहता है।

### अभियान चलाया, 194 लोग ऑटो पार्ट्स की कालाबाजारी करते मिले

**हल्द्वानी, एजेंसी।** पुलिस ने शनिवार और रविवार को को जिलेभर में अभियान चलाते हुए कबाड़ की दुकानों, मोटर गैराज और रिपेयरिंग की दुकानों में छापा मारा। अभियान के दौरान जिलेभर में 317 दुकानों की चेकिंग की गई। इस दौरान 194 लोग ऑटोमोबाइल पार्ट्स की कालाबाजारी करते मिले। इन सभी पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल 45,700 रुपया जुर्माना वसूल किया। हल्द्वानी, लालकुआं, भवाली, नैनीताल और रामनगर सर्किल क्षेत्रों में थाना पुलिस की टीमों ने चेकिंग अभियान चलाया। छापे के दौरान कबाड़ की 123, मोटर गैराज की 69 और रिपेयरिंग की 125 दुकानों की जांच की गई। पुलिस ने 164 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 45,700 रुपये का जुर्माना वसूला। इसके साथ ही जिले के अलग-अलग 44 संवेदनशील इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया जिसमें 11 लोग बिना सत्यापन के रहते मिले। इन सभी के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

## आधी आबादी की सुरक्षा के लिए सड़क पर उतरीं महिलाएं



**रामनगर, एजेंसी।** देश और प्रदेश में बढ़ रहे महिला अपराधों के विरोध में रामनगर में महिलाओं और युवा कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। महिला एकता मंच और जिम कॉर्बेट महिला क्लस्टर ने ग्राम कानिया चौराहा पर धरना देकर जुलूस निकाला। चंपा पांडे ने 11 सितंबर 2024 को वनग्राम सुंदरखाल में भी धरना-प्रदर्शन की घोषणा की। कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों अपराधियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

वहां महिला एकता मंच की संयोजक ललिता रावत, समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रभात ध्यानी, किसान संघर्ष समिति के ललित उप्रेती, सरस्वती जोशी, कौशल्या, माया नेगी आदि रहीं।

वहीं युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी महिला उत्पीड़न के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली। रैली भवानीगंज से शुरू हुई जो लखनपुर के शहीद पार्क पर समाप्त हुई। रैली में महिलाएं भी शामिल हुईं।

जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि महिला अपराध के मामलों में कठोर कानून बनाकर आरोपियों को फांसी दी जाए। वहां प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, ब्लॉक अध्यक्ष नितिन शाह, अमित कुमार, बलजिंदर सिंह, अब्दुल रहमान, कमला देवी, सचिन कुमार आर्य आदि मौजूद रहे।

प्रदेश में महिलाओं के साथ बढ़ रहे अपराध और भ्रष्टाचार के विरोध में 9 सितंबर को कांग्रेस कार्यकर्ता रुद्रपुर में डीएम कार्यालय का घेराव करेंगे। रविवार को कांग्रेस कार्यालय रामनगर में पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ऊधमसिंह नगर के डीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बैठक में नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, ललिता उपाध्याय, पुष्पा देवी, विमला आर्य, हाजी मो. अकरम आदि मौजूद रहे।


## नशे के सौदागरों की तोड़ी जाएगी कमर : एसएसपी

**काशीपुर, एजेंसी।** एसएसपी मणिकांत मिश्र ने कहा कि नशे के सौदागरों की कमर तोड़कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। ताकि नशे का कारोबार करने वालों की कमर तोड़ी जा सके।

यह बातें रविवार की देर शाम कोतवाली में एसएसपी मणिकांत मिश्र ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वन विभाग कर्मियों पर जानलेवा हमला करने वाले तस्करों की धरपकड़ के लिए टीम लगी हुई हैं। कहा कि कुछ स्थानों पर महिला संबंधी अपराध सामने आए हैं। इसमें शामिल एवं कृत्य करने वाले सफेदपोश समेत आरोपी खुले घूम रहे हैं, मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा।

एसएसपी ने कहा कि जिले में साइबर ठगों के खिलाफ केस बहुत दर्ज हुए हैं, ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घटना को अंजाम देकर बॉर्डर पार करने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए बिजनौर और बरेली पुलिस के अधिकारियों से वार्ता हुई है। शीघ्र ही एक बैठक की जाएगी। संबंधित बॉर्डरों से सटे थानों से वार्ता कर आरोपियों को एक दूसरे को शेयर किया जाएगा। बताया कि जिले में 606 सीसीटीवी लगे हैं।

## धरती के कंपन से पता चलेगा कब होगा भूस्खलन...बचाव के लिए मिलेगा समय



**देहरादून, एजेंसी।** वैज्ञानिक प्रो. एमएल शर्मा ने बताया कि जमीन में जहां भी हरकत होती है उससे वाइब्रेशन पैदा होता है। सिस्मोग्राफ पर दर्ज कंपन के आधार पर वापस सिग्नल के पीछे जाकर पता किया जाता है कि ये सिग्नल भूकंप का था या भूस्खलन का।

धरती के भीतर हो रही हलचल आपदा की आहट होती है लेकिन अब इसी कंपन के जरिये एक अलर्ट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इसके जरिये भूस्खलन का पता 30 मिनट से लेकर दो दिन पहले तक लगा लिया जाएगा। टिहरी में 18 ब्रॉडबैंड स्टेशन लगाए गए हैं जहां इस सिस्टम का परीक्षण किया जा रहा है।

वैज्ञानिक प्रो. एमएल शर्मा ने बताया कि जमीन में जहां भी हरकत होती है उससे वाइब्रेशन पैदा होता है। सिस्मोग्राफ पर दर्ज कंपन के आधार पर वापस सिग्नल के पीछे जाकर पता किया जाता है कि ये सिग्नल भूकंप का था या भूस्खलन का। इसका अध्ययन करके यह भी पता लगाया जा सकता है कि भूस्खलन कितने समय बाद होगा। रॉक थोड़ा सा भी खिसकती है तो उसके दो तीन दिन बाद बड़ी मात्रा में मलबा खिसककर नीचे आने की आशंका होती है।

इस सिस्टम के लिए टिहरी के चारों ओर लगे ब्राडबैंड स्टेशन से हाल ही में चमोली में आई त्रासदी के दौरान भी कुछ सिग्नल रिकार्ड किए गए। उन्होंने बताया कि छह माह पहले आईआईटी रुड़की के भूकंप विभाग के वैज्ञानिक एवं शोधार्थियों ने टिहरी में लगे 18 ब्राडबैंड स्टेशनों के जरिये इसका अध्ययन शुरू किया है। करीब एक साल में तैयार होने वाले इस अर्ली वार्निंग सिस्टम से पूर्वानुमान शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद इसे राज्य के किसी भी हिस्से में स्थापित किया जा सकता है।

# तपोवन में बनाई गई वायरक्रेट की सुरक्षा दीवार 21 दिन में धंसी, रिसाव से आया पानी और मलबा



**नैनीताल, एजेंसी।** तपोवन क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण एक बार फिर देवखड़ी नाला उफान पर आ गया। उधर वन विभाग की ओर से बनाई गई पत्थरों की वायरक्रेट दीवार भी एक जगह से बैठ गई। तपोवन क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण एक बार फिर देवखड़ी नाला उफान पर आ गया। उधर वन विभाग की ओर से बनाई गई पत्थरों की वायरक्रेट दीवार भी एक जगह से बैठ गई। इस कारण नाले से हुए पानी के रिसाव के कारण कृष्णा विहार, गायत्री नगर क्षेत्र की सड़कों में दोबारा मलबा भर गया। अब लोग ही प्रशासन और वन विभाग की कार्यप्रणाली में सवाल उठा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि ये प्रशासन और वन विभाग की लापरवाही है। बोले हमने पहले ही कह दिया था कि इसका ये स्थाई समाधान नहीं है। रविवार को तपोवन क्षेत्र में अतिवृष्टि हुई। अतिवृष्टि के कारण देवखड़ी नाला उफान में आ गया। नाला उफान पर आने के कारण वन विभाग की ओर से बनाई गई सुरक्षा दीवार एक ओर से बैठ गई। इससे हुए पानी के रिसाव से कृष्ण विहार और गायत्री नगर की सड़कों पर मलबा और पानी भर गया। गनीमत रही कि बारिश रुक गई। इस कारण लोगों के घरों में पानी घुसने से बच गया। उधर पानी और मलबा आने से लोगों का सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। बता दें कि 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन तपोवन क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण कारण करीब 180 घरों से अधिक घरों में मलबा और पानी घुस गया था। इससे लोगों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। वन विभाग ने 20 अगस्त से वायर क्रेट से पत्थरों की दीवार बनाने का काम किया।

## वेल्डिंग की दुकान में टूटे रिश्ते : खून से सना फर्श देख सहमे लोग, संपत्ति विवाद में रेत दिया छोटे भाई का गला

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** सितारगंज में घर और दुकान के बंटवारे को लेकर बड़े भाई ने धारदार हथियार से गला रेतकर रिश्तों का कत्ल कर दिया।

सितारगंज में घर और दुकान के बंटवारे को लेकर बड़े भाई ने धारदार हथियार से गला रेतकर रिश्तों का कत्ल कर दिया। आसपास के व्यापारियों ने बताया कि रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास जब गुरविंदर पाल सिंह दुकान में अकेला था तभी एक व्यक्ति मुंह पर नकाब बांधकर उसकी दुकान में पहुंचा और छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया।

इस दौरान दुकान में रखे सामान के नीचे गिरने की आवाज सुनकर बाहर निकले व्यापारियों ने गुरविंदर को लहूलुहान हालात में नीचे पड़ा हुआ देखा तो वह दौड़कर गुरविंदर पाल की दुकान पर पहुंचे। इस दौरान व्यापारियों ने हत्यारोपी को घटनास्थल से दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

लोगों ने बताया कि गुरविंदर पाल सिंह चार भाई-बहन थे। सबसे छोटे भाई की दो साल पहले ही मृत्यु हो चुकी है। बहन का बरेली में विवाह हुआ था।



सबसे बड़ा भाई कुलदीप सिंह कई वर्ष से पंजाब के फरीदकोट में रहता था। वह लंबे समय से हिस्से की बंटवारे की मांग कर रहा था।

**THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.**

NAMO eWaste

# NAMO EWASTE MANAGEMENT LIMITED

Our Company was originally incorporated as "Namo eWaste Management Limited" a public limited company under the Companies Act, 1956 at Delhi, pursuant to a certificate of incorporation dated January 13, 2014 issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. We commenced commercial operations pursuant to a Certificate for Commencement of Business dated January 29, 2014 issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. Our Company's Corporate Identity Number is U74140DL2014PLC263441.

**Registered Office:** B-91, Private No. A-6, Basement, Main Road, Kalkaji, South Delhi, New Delhi-110019, Delhi, India;
**Corporate Office:** 14/1, Main Mathura Road, Faridabad 121003, Haryana, India.
**Tel No:** +91-129-4315187; **E-mail:** cs@namoewaste.com; **Website:** www.namoewaste.com;
**CIN:** U74140DL2014PLC263441; **Contact Person:** Sarita, Company Secretary & Compliance Officer

**OUR PROMOTERS: AKSHAY JAIN & RACHNA JAIN**

**"THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NSE (NSE EMERGE)."**

We are an E Waste collection, disposal and recycling company that offers comprehensive services for recycling of electrical and electronic equipment (EEE) waste like Air Conditioners, Refrigerator, Laptop, Phones, Washing Machine, Fans etc.

## BASIS OF ALLOTMENT

**INITIAL PUBLIC OFFER OF 60,24,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH (THE "EQUITY SHARES") OF NAMO EWASTE MANAGEMENT LIMITED ("OUR COMPANY" OR "THE ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹85 PER EQUITY SHARE (INCLUDING SHARE PREMIUM OF ₹75 PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹5120.40 LAKHS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 3,02,400 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹85 PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹257.04 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 57,21,600 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹85 PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UPTO ₹4863.36 LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.34% AND 25.02% RESPECTIVELY OF THE POST-ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE IS RS.10 AND ISSUE PRICE IS RS. 85 EACH. THE ISSUE PRICE IS 8.5 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE**
**ANCHOR INVESTOR ISSUE PRICE: RS. 85 PER EQUITY SHARE. THE ISSUE PRICE IS 8.5 TIMES OF THE FACE VALUE**

**BID/ ISSUE PERIOD**

**ANCHOR INVESTOR BIDDING DATE WAS: TUESDAY, SEPTEMBER 03, 2024**
**BID / ISSUE OPENED ON: WEDNESDAY, SEPTEMBER 04, 2024**
**BID / ISSUE CLOSED ON: FRIDAY, SEPTEMBER 06, 2024**

## RISKS TO INVESTORS:

a) We are an authorised E-waste recyclers to carry on the business of eWaste collection, disposal and recycling. Failure to renew it in a timely manner may result in fines, legal penalties, or even business shutdown.
b) We are primarily dependent upon few key suppliers within limited geographical location for collection and recycling of electronic waste, with whom we have entered into long term purchase agreements which imposes fixed pricing conditions, stipulating that we must purchase the materials at predetermined prices irrespective of market fluctuations.
c) The Merchant Banker associated with the Issue has handled 54 SME public issues in the past three years out of which 1 SME Issue closed below the Issue Price on listing date.
d) Average cost of acquisition of Equity Shares held by the Individual Promoter is

| Sr. No. | Name of the Promoters | Average cost of Acquisition (in ₹) |
|---|---|---|
| 1. | Akshay Jain | 2.48 |
| 2. | Rachna Jain | 2.55 |

and the Issue Price at the upper end of the Price Band is Rs. 85 per Equity Share.

e) The Price/ Earnings ratio based on Diluted EPS for Fiscal 2024 for the company at the upper end of the Price Band is 19.63
f) Weighted Average Return on Net worth for Fiscals 2024, 2023 and 2022 is 13.72%.
g) The Weighted average cost of acquisition of all Equity Shares transacted in the last one year, 18 months and three years from the date of Prospectus is as given below:

| Period | Weighted Average Cost of Acquisition (in Rs.) | Upper end of the Price Band (Rs. 85) is "X" times the weighted Average cost of Acquisition | Range of acquisition price: Lowest Price – Highest Price (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| Last 1 year | 0.95 | 89.47 | 0-225 |
| Last 18 months | 2.59 | 32.82 | 0-40 |
| Last 3 years | 11.63 | 7.31 | 0-40 |

h) The Weighted average cost of acquisition compared to Floor Price and Cap Price.

| Types of transactions | Weighted average cost of acquisition (₹ per Equity Shares) | Floor price (i.e. ₹ 80) | Cap price (i.e. ₹ 85) |
|---|---|---|---|
| WACA of primary issuance (exceeding 5% of the pre issue capital) | 2.03 | 39.41 times | 41.87 times |
| WACA for secondary sale / acquisition (exceeding 5% of the pre issue capital) | NA^ | NA^ | NA^ |

***Note:***
*^There were no secondary transactions in last 18 months from the date of the Prospectus.*

## PROPOSED LISTING: WEDNESDAY, SEPTEMBER 11, 2024*

The Issue was being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations, as amended, wherein not more than 50% of the Net Issue was available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs", the "QIB Portion"), Our Company in consultation with the Book Running Lead Manager has allocated upto 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations ("Anchor Investor Portion"). Further, not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Issue was made available for allocation to Retail Individual Bidders in accordance with the SEBI (ICDR) Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) were required to mandatorily utilise the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of RIBs using the UPI Mechanism, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors were not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, see ***"Issue Procedure"*** beginning on page 231 of the Prospectus.

The investors are advised to refer to the Prospectus for the full text of the Disclaimer clause pertaining to NSE. For the purpose of this Issue, the Designated Stock Exchange will be the National Stock Exchange of India Limited. The trading is proposed to be commenced on or before Wednesday, September 11, 2024*

**Subject to the receipt of listing and trading approval from the NSE ("NSE Emerge").*

## SUBSCRIPTION DETAILS

The bidding for Anchor Investors opened and closed on Tuesday, September 03, 2024. The Company received 10 Anchor Investors applications for 23,68,000 Equity Shares. The Anchor Investor Allocation price was finalized at Rs. 85/- per Equity Share. A total of 17,15,200 Equity Shares were allotted under the Anchor Investors portion aggregating to Rs. 14,57,92,000/-.

The Issue (excluding Anchor Investors Portion) received 2,94,677 Applications for 95,14,64,000 Equity Shares (after bid not banked cases and removing multiple and duplicate bids and before technical rejection) resulting 220.81 times subscription (including reserved portion of market maker and excluding anchor investor portion). The details of the Applications received in the Issue from various categories are as under (before technical rejections):

**Detail of the Applications Received (excluding Anchor Investors Portion):**

| Sr. No. | Category | Number of Applications | No. of Equity Shares applied | Equity Shares Reserved as per Prospectus | No. of times Subscribed | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Market Maker | 1 | 3,02,400 | 3,02,400 | 1.00 | 2,57,04,000 |
| 2 | QIB (excluding Anchor investor portion) | 69 | 17,34,27,200 | 11,44,000 | 151.60 | 14,74,13,12,000 |
| 3 | Non Institutional Investor | 22820 | 34,28,70,400 | 8,59,200 | 399.06 | 29,14,27,10,400 |
| 4 | Retail Individual Investors | 271787 | 43,48,64,000 | 20,03,200 | 217.08 | 36,96,00,24,000 |
| | **TOTAL** | **294677** | **95,14,64,000** | **43,08,800** | | **80,86,97,50,400** |

**Final Demand:**
A summary of the final demand as per NSE as on the Bid/ Issue Closing Date at different Bid prices is as under:

| Sr. No | Bid Price | No. of Equity Shares | % to Total | Cumulative Total | Cumulative % of Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 80 | 980800 | 0.09 | 980800 | 0.09 |
| 2 | 81 | 153600 | 0.01 | 1134400 | 0.11 |
| 3 | 82 | 224000 | 0.02 | 1358400 | 0.13 |
| 4 | 83 | 449600 | 0.04 | 1808000 | 0.17 |
| 5 | 84 | 448000 | 0.04 | 2256000 | 0.22 |
| 6 | 85 | 712304000 | 68.22 | 714560000 | 68.44 |
| 7 | Cut off Price | 329513600 | 31.56 | 1044073600 | 100.00 |
| | **TOTAL** | **1044073600** | **100.00** | | |

The Basis of Allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange, being National Stock Exchange of India Limited ("NSE Emerge") on September 09, 2024.

**1) Allotment to Retail Individual Investors (After Technical Rejections):**
The Basis of Allotment to the Retail Individual Investors, who have Bid at cut-off Price or at or above the Issue Price of Rs. 85 per Equity Share, was finalized in consultation with NSE. The category has been subscribed to the extent of 213.08 times. The total number of Equity Shares Allotted in this category is 20,03,200 Equity Shares to 1252 successful applicants. The details of the Basis of Allotment of the said category are as under:

| No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of Applications Received | % of Total | Total No. of Shares Applied | % to Total | No. of Equity Shares Allotted per Applicant | Ratio | Total No. of shares allocated/allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1600** | 266783 | 100 | 42,68,52,800 | 100 | 1600 | 1252:266783 | 20,03,200 |

**2) Allotment to Non-Institutional Investors (After Technical Rejections):**
The Basis of Allotment to the Non-Institutional Investors, who have bid at the Issue Price of Rs. 85 or above per Equity Share was finalized in consultation with NSE. The category has been subscribed to the extent of 394.91 times (after technical rejection). The total number of Equity Shares Allotted in this category is 8,59,200 Equity Shares to 483 successful applicants. The details of the Basis of Allotment of the said category are as under *(Sample Basis)*:

| No. of Shares applied for (Category wise) | Number of applications received | % to total | Total No. of Shares applied in each category | % to total | No of Equity Shares allotted per applicant | Ratio of allottees to applicants | Total No. of shares allocated/allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3200 | 11874 | 52.92 | 37996800 | 11.19 | 1600 | 10:1979 | 96000 |
| 4800 | 2234 | 9.96 | 10723200 | 3.16 | 1600 | 17:2234 | 27200 |
| 6400 | 1181 | 5.49 | 7558400 | 2.22 | 1600 | 12:1181 | 19200 |
| 8000 | 846 | 3.77 | 6768000 | 1.99 | 1600 | 11:846 | 17600 |
| 9600 | 490 | 2.64 | 4704000 | 1.38 | 1600 | 1:70 | 11200 |
| 212800 | 2 | 0.01 | 425600 | 0.12 | 1600 | 1:2 | 1600 |
| 219200 | 2 | 0.01 | 438400 | 0.12 | 1600 | 1:2 | 1600 |
| 220800 | 2 | 0.01 | 441600 | 0.13 | 1600 | 1:2 | 1600 |
| 222400 | 3 | 0.01 | 667200 | 0.19 | 1600 | 1:3 | 1600 |
| 472000 | 3 | 0.01 | 1416000 | 0.41 | 1600 | 2:3 | 3200 |
| 480000 | 5 | 0.02 | 2400000 | 0.7 | 1600 | 4:5 | 6400 |
| 483200 | 1 | 0 | 483200 | 0.14 | 1600 | 1:1 | 1600 |
| 486400 | 1 | 0 | 486400 | 0.14 | 1600 | 1:1 | 1600 |
| 648000 | 1 | 0 | 648000 | 0.19 | 1600 | 1:1 | 1600 |
| 657600 | 1 | 0 | 657600 | 0.19 | 1600 | 1:1 | 1600 |
| 672000 | 1 | 0 | 672000 | 0.19 | 1600 | 1:1 | 1600 |
| 680000 | 1 | 0 | 680000 | 0.2 | 1600 | 1:1 | 1600 |
| 984000 | 1 | 0 | 984000 | 0.29 | 3200 | 1:1 | 3200 |

| No. of Shares applied for (Category wise) | Number of applications received | % to total | Total No. of Shares applied in each category | % to total | No of Equity Shares allotted per applicant | Ratio of allottees to applicants | Total No. of shares allocated/allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 985600 | 1 | 0 | 985600 | 0.29 | 3200 | 1:1 | 3200 |
| 1102400 | 1 | 0 | 1102400 | 0.32 | 3200 | 1:1 | 3200 |
| 1120000 | 1 | 0 | 1120000 | 0.33 | 3200 | 1:1 | 3200 |
| 1144000 | 1 | 0 | 1144000 | 0.33 | 3200 | 1:1 | 3200 |
| 1155200 | 1 | 0 | 1155200 | 0.34 | 3200 | 1:1 | 3200 |
| 1176000 | 2 | 0.01 | 2352000 | 0.69 | 3200 | 1:1 | 6400 |
| 1177600 | 3 | 0.01 | 3532800 | 1.04 | 3200 | 1:1 | 9600 |
| 1200000 | 1 | 0 | 1200000 | 0.35 | 3200 | 1:1 | 3200 |
| 1259200 | 1 | 0 | 1259200 | 0.37 | 3200 | 1:1 | 3200 |
| 1276800 | 1 | 0 | 1276800 | 0.37 | 3200 | 1:1 | 3200 |
| 1278400 | 1 | 0 | 1278400 | 0.37 | 3200 | 1:1 | 3200 |
| 2574400 | 1 | 0 | 2574400 | 0.75 | 6400 | 1:1 | 6400 |
| 2795200 | 1 | 0 | 2795200 | 0.82 | 6400 | 1:1 | 6400 |
| 2822400 | 1 | 0 | 2822400 | 0.83 | 6400 | 1:1 | 6400 |
| 2862400 | 2 | 0.01 | 5724800 | 1.68 | 6400 | 1:1 | 12800 |
| | - | - | - | - | 1600 | 1:2 | 1600 |

**3) Allotment to Market Maker :** The Basis of Allotment to Market Maker who have bid at Issue Price of 85/- per Equity Shares or above, was finalized in consultation with NSE. The category was subscribed by 1.00 times i.e. for 3,02,400 Equity shares the total number of shares allotted in this category is 3,02,400 Equity Shares. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

| No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of Applications received | % to total | Total No. of Equity Shares applied in this Category | % of total | No. of Equity Shares allocated/ allotted per Applicant | Ratio | Total Number of shares allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3,02,400 | 1 | 100.00 | 3,02,400 | 100.00 | 3,02,400 | 1:1 | 3,02,400 |

**4) Allotment to QIBs excluding Anchor Investors (After Technical Rejections):**
Allotment to QIBs, who have bid at the Issue Price of Rs. 85 or above per Equity Share has been done on a proportionate basis in consultation with NSE. This category has been subscribed to the extent of 151.60 times of QIB portion. The total number of Equity Shares allotted in the QIB category is 11,44,000 Equity Shares, which were allotted to 68 successful Applicants.

| CATEGORY | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FPI | VC'S | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **QIB** | 2,12,800 | -- | 14,400 | 2,78,400 | 2,84,800 | 3,53,600 | - | **11,44,000** |

**5) Allotment to Anchor Investors (After Technical Rejections):**
The Company in consultation with the BRLM has allocated 17,15,200 Equity Shares to 10 Anchor Investors at the Anchor Investor Issue Price of Rs. 85 per Equity Shares in accordance with the SEBI (ICDR) Regulations. This represents upto 60% of the QIB Category.

| CATEGORY | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FPI | VC'S | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ANCHOR** | 2,36,800 | - | - | - | 6,49,600 | 7,10,400 | 1,18,400 | **17,15,200** |

The Board of Directors of our Company at its meeting held on Monday, September 09, 2024 has taken on record the basis of allotment of Equity Shares approved by the Designated Stock Exchange, being NSE and has allotted the Equity Shares to various successful applicants. The Allotment Advice Cum Refund Intimation will be dispatched to the address of the investors as registered with the depositories. Further, instructions to the SCSBs have been dispatched / mailed for unblocking of funds and transfer to the Public Issue Account on or before September 10, 2024. In case the same is not received within ten days, Investors may contact the Registrar to the Issue at the address given below. The Equity Shares allotted to the successful allottees shall be uploaded on September 10, 2024 for credit into the respective beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company is in the process of obtaining the listing and trading approval from NSE and the trading of the Equity Shares is expected to commence trading on Wednesday, September 11, 2024.

**Note:** All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus dated September 09, 2024 filed with the Registrar of Companies, Delhi ("RoC").

### INVESTORS, PLEASE NOTE

**The details of the allotment made has been hosted on the website of the Registrar to the Issue, Maashitla Securities Private Limited at website: www.maashitla.com**
**TRACK RECORD OF BOOK RUNNING LEAD MANAGER:** The Merchant Banker associated with the Issue has handled 54 SME Public Issues in the past three years out of which 1 SME Public Issue was closed below the Issue Price on listing date.

All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the First/ Sole Bidder Serial number of the ASBA form, number of Equity Shares bid for, Bidder DP ID, Client ID, PAN, date of submission of the Bid cum Application Form, address of the Bidder, the name and address of the Designated Intermediary where the Bid cum Application Form was submitted by the Bidder and copy of the Acknowledgment Slip received from the Designated Intermediary and payment details at the address given below:

Maashitla® Creating Successful People

**MAASHITLA SECURITIES PRIVATE LIMITED**
**Address:** 451, Krishna Apra Business Square, Netaji Subhash Place, Pitampura-110034, New Delhi, India.
**Tel No:** +91-11-45121795; **Email:** ipo@maashitla.com; **Investor Grievance Email:** investor.ipo@maashitla.com
**Contact Person:** Mukul Agrawal; **Website:** www.maashitla.com; **SEBI Registration No.:** INR000004370; **CIN:** U67100DL2010PTC208725

**Place: Delhi**
**Date: September 10, 2024**

**On behalf of Board of Directors**
**NAMO EWASTE MANAGEMENT LIMITED**
**Sd/-**
**SARITA**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF NAMO EWASTE MANAGEMENT LIMITED**

***Disclaimer:*** *Namo eWaste Management Limited has filed the Prospectus with the RoC on September 09, 2024 and thereafter with SEBI and the Stock Exchange. The Prospectus is available on the website of the BRLM, Hem Securities Limited at www.hemsecurities.com and the Company at: www.namoewaste.com, and shall also be available on the website of the NSE and SEBI. Investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please see* ***"Risk Factors"*** *beginning on page 24 of the Prospectus.*

*The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the* ***"Securities Act"****) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. state securities laws. The Equity Shares are being Issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such Issues and sales are made. There will be no public Issuing in the United States.*

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### शातिर बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली, ।25 साल की उम्र में 15 वारदात को अंजाम दे चुके एक शातिर आरोपित को आम्बेडकर नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही दो नाबालिग को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।इनके पास से तीन बटनदार चाकू जब्त किए गए हैं। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश गोपाल उर्फ काकू पहले से लूट, सेंधमारी, चोरी, आर्म्स एक्ट इत्यादि में शामिल था। यह आम्बेडकर नगर थाना का घोषित बदमाश भी है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गोपाल उर्फ काकू के रूप में हुई है।पुलिस टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान अलग अलग जगह से इन सभी को पकड़ा है। जंगल के पास संदेहजनक हालत में घूम रहे गोपाल को पकड़ा गया और तलाशी में बटनदार चाकू मिला। दूसरे मामले में शाम के समय मदनगीर के पास एक नाबालिग को पकड़ा गया, जिसके पास से भी चाकू मिला और दूसरे नाबालिग को मदनगीर के एमसीडी पार्किंग के पास से पकड़ा गया।

### कालिंदी कुंज थाना क्षेत्र की 50 झुग्गियों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली के कालिंदी कुंज थाना क्षेत्र इलाके स्थित झुग्गियों में सोमवार रात अचानक आग लगने से 50 से अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गईं। इससे वहां रहने वाले लोग बेघर हो गए। दिल्ली दमकल विभाग के अनुसार आग की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की 12 गाड़ियों को भेजा गया, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना से प्रभावित मुन्ना अली ने बताया कि हम लोग सो रहे थे। इस दौरान आग लग गई। जैसे-तैसे हम लोग अपनी जान बचाकर भागे, लेकिन सामान जलकर खाक हो गया। सब कुछ जल गया है कुछ भी नहीं बचा है। लाखों का सामान जल गया। आग लगने की वजह साफ नहीं हो पाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार कुछ झुग्गियों में कबाड़ का सामान पड़ा हुआ था,जिससे आग तेजी से फैली।

### घरेलू विवाद में शख्स ने पत्नी समेत पूरे परिवार पर डाला तेजाब

नई दिल्ली। भजनपुरा थाना क्षेत्र में एक शख्स ने घरेलू विवाद में अपनी ससुराल में जाकर पत्नी समेत पूरे परिवार पर तेजाब (टायलेट में प्रयोग होने वाला) डाल दिया। हादसे के वक्त उसकी पत्नी, दो बच्चे और सास कमरे में बैठी हुई थीं। तेजाब फेंकने के बाद आरोपित भाग गया। मामूली रूप से झुलसे चारों लोगों को पड़ोसियों ने जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। कविता की शिकायत पर भजनपुरा थाना ने प्राथमिकी की है।फरार आरोपित की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। कविता परिवार के साथ भजनपुरा में रहती हैं। परिवार में पांच वर्ष का बेटा व 18 माह की बेटी और मां राधा है। वर्ष 2018 में कविता ने शिव विहार निवासी सोनू शर्मा से दूसरी शादी की थी। सोनू पेशे से बढ़ई है। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद ही दंपती में झगड़े होने लगे। पत्नी से अलग होकर करीब एक वर्ष से सोनू राजस्थान में काम कर रहा था। ऐसे में कविता मायके में रह रही थी।

### जंगल बचाने की मुहिम को प्रेरित करतीं आरजू की तस्वीरें

नई दिल्ली। जंगल बचाने की अपील देश में लोग अलग-अलग तरीके से कर रहे हैं, लेकिन आरजू खुराना अपनी तस्वीरों से इसके लिए लोगों को प्रेरित कर रही हैं। इन दिनों वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर आरजू खुराना की देश के 55 टाइगर रिजर्व में खींची गई चुनिंदा फोटो की प्रदर्शनी प्रोजेक्ट आल टाइगर रिजर्व थ्रू द लेंस बीकानेर हाउस में प्रदर्शित की गई है। इसको इस तरीके से दर्शाया गया है कि दर्शक यह महसूस कर सकें कि वह प्रकृति और पर्यावरण के बीच हैं। यह 10 सितंबर तक प्रदर्शित की जाएगी। आरजू का कहना है कि यह जंगल बचाने की मुहिम का हिस्सा है। हमें उम्मीद है लोग इन तस्वीरों को देखकर जंगल के बारे में सोचेंगे।

### लूट का विरोध करने पर युवक को चाकू मारा

नई दिल्ली। द्वारका नॉर्थ इलाके में आठ सितंबर की रात तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने पहले युवक को जमकर पीटा और फिर उसका मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने चाकू मार कर पीड़ित को घायल कर दिया। आरोपियों के जाने के बाद घायल किसी तरह अपने घर पहुंचा। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी और घायल को अस्पताल में भर्ती किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 38 वर्षीय ज्ञान सिंह अपने परिवार के साथ भारत विहार, गली नंबर 2, ककरौला इलाके में रहता है। पीड़ित मजदूरी करता है और मूलतः उत्तर प्रदेश के जालौन का रहने वाला है। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित ने बताया कि आठ सितंबर की देर रात भोजन के बाद वह दुकान से सामान लेने गया था।

# दो हजार खरीदारों ने डीडीए फ्लैटों की बुकिंग कराई

प्रात: किरण



नई दिल्ली, एजेंसी। फ्लैट खरीदारों के लिए मंगलवार से दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की 39,708 फ्लैटों के लिए बुकिंग प्रक्रिया शुरू हो गई। डीडीए ने सस्ता घर और मध्यम वर्गीय आवासीय योजना को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर शुरू किया है। इसी के मद्देनजर लोग पंजीकरण करने के बाद फ्लैटों की बुकिंग कर सकते हैं। दोपहर 12 बजे तक मंगलवार को दो हजार से अधिक लोगों ने फ्लैटों की बुकिंग कराई। सस्ता घर आवास योजना में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी के कुल 34,177 फ्लैटों को बुक करा सकते हैं। इसमें रोहिणी सेक्टर-34 और 35, नरेला के कई सेक्टर, सिरसपुर, लोकनायकपुरम और रामगढ़ कॉलोनी में लोगों को वन बीएचके के ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैटों को बुक करने का अवसर मिल रहा है। साथ ही मध्यमवर्गीय आवासीय योजना में ईडब्ल्यूएस, एमआईजी और एचआईजी के कुल 5,531 फ्लैटों को बुक कर सकते हैं। इसमें नरेला के विभिन्न सेक्टर, लोकनायकपुरम और जसोला में ईडब्ल्यूएस, एमआईजी और एचआईजी फ्लैटों को बुक करने का अवसर मिल रहा है। डीडीए प्रशासन के अनुसार सस्ता घर और मध्यम वर्ग आवासीय योजना के पंजीकरण और बुकिंग प्रक्रिया 31 मार्च, 2025 तक जारी रहेगी। लोगों को साइटों पर नोडल अधिकारी लोन की सुविधा के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं।

**30 हजार लोग सीधा बुकिंग कर सकते हैं:** अधिकारियों के अनुसार बीते वर्ष दो आवासीय योजना में पंजीकरण कर चुके 30 हजार लोगों को सीधा नई योजना में बुकिंग करने की सुविधा दी है। वह डीडीए की वेबसाइट में जाकर ऑनलाइन माध्यम से अपनी प्राथमिकता अनुसार फ्लैटों को बुक कर सकते हैं। उन्हें पंजीकरण शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है।

**24 से 26 सितंबर को होगी ई-नीलामी:** डीडीए ने द्वारका आवासीय योजना में 173 आरामदायक फ्लैटों को निकाला है। इसमें एमआईजी, एचआईजी, सुपर एचआईजी और पेंटहाउस शामिल हैं। इन फ्लैटों के लिए ऑनलाइन माध्यम से फ्लैटों की ई-नीलामी की प्रक्रिया 24 से 26 सितंबर के दौरान होगी। इस दौरान लोग डीडीए की वेबसाइट पर इन फ्लैटों के लिए बोली लगा सकेंगे।

# किशोरियों से प्रॉपर्टी डीलर करता था छेड़छाड़, गिरफ्तार

नई दिल्ली,एजेंसी। निहाल विहार इलाके में पांच किशोरियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले प्रॉपर्टी डीलर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सरफराज के रूप में हुई है। आरोप है कि वह किशोरियों को ऑफिस में सफाई सहित अन्य कार्यों के लिए नौकरी पर रखता था और इसके बाद अश्लील हरकत करता था। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था।

जानकारी के मुताबिक ज्वालापुरी की 16 साल की किशोरी को एक महिला काम करने के लिए सरफराज के ऑफिस में ले गई थी, लेकिन सोमवार को किशोरी घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने सरफराज पर गायब करने का आरोप लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। पहले भीड़ ने आरोपी के कार्यालय पर हंगामा किया। इसके बाद आक्रोशित भीड़ निहाल विहार थाने पहुंच गई और सरफराज के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगी। लोगों ने सरफराज पर किशोरियों से छेड़छाड़ और ब्लैकमेल करने करने का आरोप लगाया। आक्रोशित लोग नारेबाजी करने लगे। इस बीच किशोरी लौट आई और सरफराज पर यौन संबंध बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। हंगामे के बीच चार अन्य किशोरियों के परिजन सामने आए। इन्होंने भी सरफराज पर आरोप लगाया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी पीड़ित किशोरियों की काउंसिलिंग कराई गई। सोमवार देर रात बयान के आधार पर धमकी देने, पोक्सो एवं छेड़छाड़ की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी किशोरियां 13 से 16 साल के बीच की हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर को कब्जे में ले लिया है। इसके अलावा आरोपी के फोन की भी जांच की जा रही है।

# चुनाव से पहले भाजपा ने मानी हार, चोर दरवाजे से बर्खास्त करना चाहती है दिल्ली सरकार : आतिशी

## भाजपा का एक मात्र काम चुनी हुई विपक्षी सरकारों को गिराना है :आतिशी

प्रात: किरण

नई दिल्ली। दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की खबरों पर साझा करते हुए वरिष्ठ आप नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि,भाजपा चोर दरवाजे से दिल्ली की चुनी हुई सरकार को बर्खास्त करना चाहती है। उन्होंने कहा कि, भाजपा का एक मात्र काम चुनी हुई विपक्षी सरकारों को गिराना है। आतिशी ने कहा कि, भाजपा दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक नहीं खरीद सकी इसलिए अब दिल्ली की चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए षड्यंत्र शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि, अगर भाजपा षड्यंत्र रचकर अरविंद केजरीवाल जी की सरकार गिराएगी तो आने वाले चुनावों में दिल्ली की जनता भाजपा को मुंहतोड़ जबाव देगी। यदि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा तो आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीरो सीटें आयेंगी।

आतिशी ने कहा कि, भाजपा का एक ही काम है, चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम। भाजपा जहां चुनाव नहीं जीतती वहाँ विधायकों के खरीद-फरोख़्त करने की कोशिश करती है, चोर दरवाजे से सरकार बनाने का प्रयास करती है। ये काम भाजपा ने दिल्ली में भी किया लेकिन सफल न हो सकी।

उन्होंने कहा कि, दिल्ली में भाजपा आम आदमी पार्टी के विधायक नहीं खरीद सकी इसलिए अब भाजपा ने दिल्ली की चुनी हुई सरकार को गिराने का षड्यंत्र शुरू कर दिया है। आतिशी ने कहा कि, "मैं भाजपा को ये बता दूँ कि, दिल्ली के लोग ये सब षड्यंत्र देख रहे है। दिल्ली के लोगों को पता है कि यदि उनके लिए कोई एक आदमी काम करता है तो वो अरविंद केजरीवाल जी है। अगर उन्हें कोई 24 घंटे बिजली देता है, फ्री बिजली देता है, उनके बच्चों को अच्छे स्कूल देता है, मोहल्ला क्लीनिक में फ्री इलाज देता है, बुजुर्गों को तीर्थ-यात्रा करवाता है तो वो सिर्फ.और सिर्फ. अरविंद केजरीवाल है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने बेटा बनकर दिल्ली की सेवा की है, इसलिए भाजपा उनसे डरती है।"

उन्होंने कहा की, अगर भाजपा षड्यंत्र रचकर अरविंद केजरीवाल जी की सरकार गिराएगी तो आने वाले चुनावों में दिल्ली की जनता भाजपा को मुंहतोड़ जबाव देगी। आज दिल्ली विधानसभा में भाजपा के 8 विधायक है और यदि राष्ट्रपति शासन लगा तो अगली बार भाजपा का सूपड़ा साफ होगा और जीरो सीट आएगी। क्योंकि दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल जी से प्यार करते है।

# विज्ञान पार्क बनाने की योजना में पेड़ बने रोड़ा, डिजाइन में बदलाव करेगा एनडीएमसी

प्रात: किरण

नई दिल्ली। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एनडीएमसी को तुगलक क्रिसेंट में स्कूली बच्चों के लिए विज्ञान पार्क की योजना में पेड़ आड़े आ गए हैं। इन्हें हटाए बिना योजना को अमलीजामा पहनाना संभव नहीं है। इससे निपटने के लिए एनडीएमसी ने योजना के प्रारंभिक डिजाइन में परिवर्तन का निर्णय लिया है। दरअसल, उद्यान विभाग ने पेड़ों को काटने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इस पार्क में 16 विज्ञान मॉडल और इंटरेक्टिव डिस्प्ले शामिल करने की योजना बनाई गई थी, जो बच्चों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराएंगे।

एनडीएमसी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अपने इलाके के बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से गत वर्ष तुगलक क्रिसेंट में एक विज्ञान पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया था। यहां स्थापित किए जाने वाले मॉडल भी लाए जा चुके है, लेकिन उनको स्थापित करने के लिए तय किए गए स्थलों के बीच में कई पेड़ आ गए है। इन्हें हटाने के लिए एनडीएमसी अफसरों ने उद्यान विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया था। लेकिन उन्होंने पेड़ काटने की अनुमति देने से स्पष्ट इंकार कर दिया। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय के अनुसार, नई योजना के तहत विज्ञान पार्क के अन्य हिस्सों को भी पुनर्विचार किया जाएगा, जिससे पेड़ों को सुरक्षित रखा जा सके और पार्क की शैक्षिक उद्देश्यों को पूरा किया जा सके। इसके अतिरिक्त यह सुनिश्चित किया है कि पार्क का नया डिजाइन बच्चों के लिए आकर्षक और शिक्षाप्रद रहे। इसके निर्माण में पर्यावरणीय मानकों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान पार्क के माध्यम से बच्चे खेल-खेल में विज्ञान के विभिन्न आयामों को समझ सकेंगे।

# दो लड़कियों ने सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाकर पीटा

प्रात: किरण

नई दिल्ली, एजेंसी। न्यू अशोक नगर इलाके में गुरुवार को सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट, प्रेस से जलाने और हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपी लड़कियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता 58 वर्षीय अखिलेश कुमार गली संख्या दो, राजवीर कॉलोनी में परिवार के साथ किराये पर रहते हैं। वह पिछले तीन महीने से अनिकांत अपार्टमेंट में गार्ड की नौकरी करते हैं। पांच सितंबर को उनकी रात आठ से सुबह आठ बजे तक की ड्यूटी थी। आरोप है कि रात करीब 11 बजे अपार्टमेंट में फ्लैट संख्या एक में रहने वाली भव्या नामक लड़की उनके पास आई और फ्लैट में पानी न आने के बारे में बताया। साथ ही चलकर चेक करने के लिए बोला। पीड़ित ने टंकी न पता होने की बात कही और सुबह देखने को कहा तो वह गाली गलौच करने के बाद चली गई। थोड़ी देर बाद अपनी बहन चार्वी के साथ वहां आई और नौकरी से निकलवाने की धमकी देने लगी। आरोप है कि उन दोनों ने पीड़ित से फ्लैट में गंदा पानी आने की बात कहकर चेक करवाने के लिए उन्हें फ्लैट में ले गई। इसके बाद दोनों ने मिलकर पीड़ित की पिटाई की और घर में रखी गर्म प्रेस से पीड़ित को जलाने लगी। मारपीट के दौरान किसी नुकीली चीज से भी हमला किया। इसके बाद शोर सुनकर पड़ोसियों ने गेट खुलवाकर उसे छुड़ाया।

# मनीष सिसोदिया ने मद्रासी कैंप के लोगों से मिलकर दिया भरोसा, एक भी झुग्गी टूटने नहीं देगी आप की सरकार

प्रात: किरण



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को मद्रासी कैंप का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के एलजी द्वारा सैकड़ों झुग्गियां तोड़ने के लिए भिजवाए गए नोटिस से पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार उनके साथ खड़ी है। दिल्ली में जब तक आप की सरकार है, तब तक किसी को भी बेघर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होने कहा कि भाजपा पहले अपने एलजी से कहकर अफसरों को डराती-धमकाती है और फिर नोटिस दिलवाती है। यहां 50-60 साल से हजारों लोग रह रहे हैं। बिना पुनर्वास किए इन्हें विस्थापित नहीं किया जा सकता। आम आदमी पार्टी इनके घरों को बचाने के लिए तानाशाही के खिलाफ सड़क से लेकर कोर्ट तक मजबूती से लड़ेगी। इस दौरान जंगपुरा से आप विधायक प्रवीन कुमार भी मौजूद रहे।

पुराना बारापुला के पास बसी मद्रासी कैंप में रह रहे लोगों ने मिलने के बाद आप के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने पूरी दिल्ली में आतंक मचा रखा है। भाजपा, एलजी से कहकर अफसरों को डराती-धमकाती हैं और उनसे नोटिस दिलवाती है। इसके बाद भाजपा वाले आकर खुद प्रदर्शन भी करते हैं।

उन्होंने कहा कि मद्रासी कैंप 50-60 साल से ज्यादा समय से लोग रह रहे हैं। इनके बच्चों की यहीं रहते शादियां हुई हैं। बिना पुनर्वास की कोई व्यवस्था किए इन लोगों को विस्थापित नहीं जा सकता है, ये गलत हैं। आम आदमी पार्टी इन लोगों के साथ खड़ी है और हम इस तरह इनकी झुग्गियों को नहीं टूटने देंगे। मनीष सिसोदिया ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा कि बुलडोजर राज में झुग्गी-झोपड़ी वालों के साथ अन्याय नहीं चलेगा। दिल्ली के मद्रासी कैंप के झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले हजारों लोग दिल्ली का अभिन्न हिस्सा हैं। अगर एलजी साहब और भाजपा इनके घरों को हटाने या तोड़ने की कोशिश करेगी तो हम बिल्कुल भी नहीं सहेंगे। हम इन लोगों के घरों को बचाने के लिए तानाशाही के खिलाफ डट कर लड़ेंगे। चाहे इसके लिए कोर्ट में लड़ना पड़े या जमीन पर। आम आदमी की सरकार ने जरूरतमंदों के सिर पर छत दी है, लोगों के घर बसाए हैं। फ्री बिजली, पानी और बच्चों को बेहतर शिक्षा दी है। मगर भाजपा ने लोगों के बसे-बसाए घरों को सिर्फ तोड़ा है। शिक्षा का स्तर बद से बदतर किया है। हम इसके खिलाफ अदालत से लेकर सड़क तक लड़ेंगे।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि इन लोगों को प्लॉट देने का वादा किया गया था। इनके छोटे-छोटे बच्चे हैं। इन्हें कैसे उजाड़ा जा सकता है? यही तो भारत के लोग हैं। जब हम 2047 के भारत की बात करते हैं तो क्या इनके बच्चे उस भारत में नहीं आते हैं? ये लोग ऐसे कैसे इनका घर तोड़ सकते हैं? आखिर ये लोग कहां जाएंगे? हम इन झुग्गियों को बिल्कुल नहीं टूटने देंगे। हम कानून लड़ाई भी लड़ रहे हैं। हमारे स्थानीय विधायक ने इन लोगों के लिए वकील भी उपलब्ध कराया है। ये नोटिस पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को डराकर निकलवाया गया है। हम इसे नहीं टूटने देंगे। ये आदेश वापस लिए जाएंगे और उनकी पूरी मदद की जाएगी। अरविंद केजरीवाल इनके बच्चों को पढ़ा रहे हैं, वो इसलिए ऐसा नहीं कर रहे ताकि इनको यहां से उजाड़ दिया जाए।

# आइसक्रीम वेंडर को गोली मारने वाले दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

नई दिल्ली। पुलिस ने गोविंदपुरी में आइसक्रीम वेंडर को गोली मारने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित किसी अन्य व्यक्ति को धमकाने के लिए आए थे। शातिरों ने पहली गोली तो चला दी थी, लेकिन दूसरी गोली चलाते समय पिस्तौल के झटके से गोली वेंडर को जा लगी। बता दें कि छह सितंबर को गोविंदपुरी इलाके में रविदास मार्ग पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग की थी। इसमें एक गोली आइसक्रीम वेंडर उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी विजय मोर्या के सिर में लगी थी। उन्हें गंभीर हालत में एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान गोविंदपुरी निवासी अरुण उर्फ बाल और विशु उर्फ विश्वजीत के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह पानी बेचने एक व्यक्ति व उसके बेटे पर गोली चलाने आए थे। आरोप है कि वह आरोपितों को धमकी दे रहा था। इसलिए वह उसे डराने के लिए फायरिंग करने आए थे। आरोपितों ने पहली गोली तो चला दी। दूसरी गोली चलाते समय पिस्तौल का झटका लगने से उसकी नाल नीचे की तरफ हो गई। ऐसे में गोली विजय के सिर में लगी। जांच में पता चला कि आरोपितों ने वारदात से दो दिन पहले भी गोली चलाई थी।

# गांव भलस्वा के किसानों की 423 बीघा कृषि भूमि वापस ना मिलने पर आक्रोश : पंचायत संघ

प्रात: किरण



नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ की गांव भलस्वा के किसानों की कृषि भूमि जो शासन प्रशासन द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा अधिग्रहण रद्द करने के बाद भी कब्जे में है को लेकर पंचायत की। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की शासन प्रशासन के द्वारा गांव ग्रामीण किसानों के साथ दोयम दर्जे के व्यवहार को लेकर इनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव ओर जल्द इस कृषि भूमि को किसानों को हजार्ने के साथ वापिस करने की मांग का प्रस्ताव पास किया। पंचायत की अध्यक्षता श्रीकृष्ण यादव ने की इसमे पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह शौकीन,17गांव खाप कराला की तरफ से पूर्व प्रधानाचार्य ओमवीर शौकीन, सह प्रमुख सुनील शर्मा मादीपुर, पंच प्रमुख अधिवक्ता यमन यादव ,एछऊ-78 फ्हअ गांव भलस्वा अध्यक्ष दिनेशयादव,रेजिडेंट्स वेलफेयर एशोसियेशन भलस्वा गांव सचिव श्रीभगवान यादव,गांव पंचायत प्रमुख भलस्वा मन्नू यादव व कई गांवों के पंचायत प्रमुख व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पंच प्रमुख अधिवक्ता यमन यादव ने कहा की वर्ष 1998 में गांव भलस्वा के किसानों की कृषि भूमि रकबा 929 बीघा 15 बिस्वा जमीन अधिग्रहण नियम 17 के तहत अधिग्रहण स्लम बस्ती बनाने के लिए की। जिस पर माननीय न्यायालय के एक आदेश 31मई 2002 में इस अवार्ड 18 के तहत अधिग्रहण नोटिफिकेशन रकबा 929 बिघा की कार्रवाई को रद्द कर दिया। लेकिन इसके उपरांत भी शासन प्रशासन ने किसानों को जमीन वापस नहीं की और ना ही इस आदेश के बारे में किसानों को अवगत कराया गया। लेकिन वर्ष 2003 में पुनः पूरे रकबे 929बीघा 15बिसवा को नये अधिग्रहण नोटिफिकेशन नियम 4 के तहत अधिग्रहण की कार्रवाई की। जिसमें नोटिफिकेशन नियम 6 के तहत 929बीघा 15बिसवा में से 423 बीघा कृषि भूमि छोड़ दी गई।

इसी भूमि 423 बीघा का अवार्ड 18 के अधिग्रहण रद्द होने के बाद और नये अवार्ड 24 नोटिफिकेशन में नहीं लेने के बाद भी आज तक किसानों को कृषि भूमि वापिस नहीं की। इस संबंध में अधिवक्ता यमन यादव पिछले दो वर्षों से संबंधित विभाग व भूमि अधिग्रहण कलेक्टर (उत्तरी अलीपुर दिल्ली)से पत्राचार व आर टी आई द्वारा जानकारी मांगने पर भी नहीं दी जा रही है। पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह शौकीन ने कहा की संबंधित शासन प्रशासन को पुराने अवार्ड 18 में रद्द होने के बाद भूमि वापस नहीं की। और नये अवार्ड 24 में 423 बीघा को नये नियम 6 के तहत बढ़ा हुआ मुआवजा भी नहीं दिया गया। जिसको लेकर गांव के किसानों में सरकार व विभाग के प्रति भारी आक्रोश है।जो गांवों व किसानों के साथ कुठाराघात है जो बर्दाश्त नहीं होगा। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव व सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा की पंचायत ने इसे गंभीर मानते हुए निर्णय लिया की मुख्यमंत्री दिल्ली का वर्तमान आवास केंद्रीय कारागार तिहाड़ में जाकर ज्ञापन देंगे।

# लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में औचक निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज

प्रात: किरण




नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में डेंगू के मरीज के लिए उपचार व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने हेतु लगातार दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज अस्पतालों का दौरा कर रहे हैं कइसी सिलसिले में आज स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल का औचक निरीक्षण किया कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल प्रशासन से डेंगू के मरीजों के उपचार के लिए अस्पताल में की गई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली कअस्पताल प्रशासन ने बताया, कि अस्पताल में डेंगू के मरीजों के लिए अलग से कमरे की व्यवस्था की गई है, ताकि अन्य मरीजों को डेंगू फैलने का खतरा न हो कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि अस्पताल में मंकी पॉक्स का केवल एक मरीज है, उस मरीज की स्थिति स्थिर है, किसी प्रकार की घबराने वाली बात नहीं है कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल में मौजूद मरीजों एवं उनके परिजनों से प्रत्यक्ष रूप से बात की और हमेशा की तरह अस्पताल की वास्तविक स्थिति के बारे में जानने की कोशिश की कअस्पताल में भर्ती मरीजों ने एवं उनके परिजनों ने साफ-सफाई के मामले में अपनी संतुष्टि प्रकट की कइसी प्रकार से मंत्री सौरभ भारद्वाज ने जब मरीज और उनके परिजनों से अस्पताल में मिलने वाले खाने की गुणवत्ता पर प्रश्न पूछे तो सभी मरीजों ने खाने की गुणवत्ता को लेकर भी अपनी संतुष्टि जताई कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल प्रशासन से भी बात कर यह जानने की कोशिश की, कि अस्पताल में किसी प्रकार की कोई समस्याएं या कोई कमी तो नहीं आ रही है कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने पर्चे की लाइन में लगे मरीजों से भी बात की, कुछ मरीजों ने पूरी दवाइयां नहीं मिलने की शिकायत की।

अस्पताल में डेंगू और मंकी पॉक्स से जुड़े मामलों का संज्ञान लेने तथा उनके उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए आज मंत्री सौरभ भारद्वाज ने लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन से बातचीत कर डेंगू और मंकी पॉक्स के मौजूद मरीजों के संबंध में जानकारी हासिल की तथा साथ ही साथ इन मरीजों के लिए अस्पताल में की गई उपचार व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली क अस्पताल प्रशासन ने बताया कि मंकी पॉक्स का केवल एक ही केस अस्पताल में आया है और उस मरीज की हालत भी स्थिर है, घबराने की कोई बात नहीं है कइसी प्रकार से बुखार के मामलों में कुछ बढ़ोतरी हुई है, परंतु स्थिति नियंत्रण में है, किसी भी प्रकार से घबराने वाली कोई स्थिति अभी नहीं है कसाथ ही साथ अस्पताल प्रशासन ने मंत्री सौरभ भारद्वाज को बताया कि डेंगू के मरीजों के लिए अस्पताल में अलग से कमरे की व्यवस्था की गई है, ताकि अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों को डेंगू का खतरा न हो, साथ ही साथ डेंगू के मरीजों के उपचार के लिए सभी दवाइयां और सुविधाएं तैयार हैं। अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों से मंत्री सौरभ भारद्वाज जी ने प्रत्यक्ष रूप से बातचीत की और उनसे अस्पताल की असल परिस्थिति के बारे में जानने की कोशिश की कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने अलग-अलग कमरों में जाकर वहां भर्ती मरीजों से एक-एक कर बातचीत की और उनसे अस्पताल में मिलने वाले उपचार और अस्पताल की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली कमरीजों ने अस्पताल में मिल रहे उपचार और अस्पताल की व्यवस्था के संबंध में संतुष्टि जाहिर की कन केवल मरीज ने बल्कि उनके साथ मौजूद उनके परिजनों ने भी अस्पताल की व्यवस्था और अस्पताल में मिल रहे इलाज की तारीफ की कपरिजनों ने कहा कि केजरीवाल सरकार के शासन में दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाएं बहुत बेहतर हो गई हैं। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दवाई की खिड़की पर लाइन में खड़े कुछ मरीजों से बातचीत कर दवाइयां की स्थिति के बारे में जानने की कोशिश की कलाइन में खड़े लोगों ने बताया की दवाई देने में बहुत समय लगाया जाता है कएक-एक व्यक्ति को डेढ़ से दो घंटे दवाई की लाइन में खड़ा होना पड़ता है, तब जाकर दवाई मिलती है कसाथ ही साथ कुछ लोगों ने सभी दवाइयां ना मिलने की भी शिकायत की क उन्होंने कहा कि जो दवाइयां महंगी होती है, वह दवाइयां बाहर से खरीदने के लिए कह दिया जाता है कलाइन में लगे लोगों ने बताया कि ऐसा अक्सर होता रहता है कपर्चे में लिखी सभी दवाइयां नहीं मिलती, कुछ दवाइयां बाहर से खरीदने के लिए कह दिया जाता है कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने मरीजों की शिकायत का तुरंत संज्ञान लेते हुए अस्पताल प्रशासन से सभी दवाइयां मरीज को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और जो दवाइयां अस्पताल में खत्म हो गई है।

# भाजपा को काशी-अयोध्या की तरह दिल्ली में गरीबों की झुग्गियों पर बुल्डोजर नहीं चलाने देंगे : आप




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने भाजपा द्वारा दिल्ली में गरीबों की झुग्गियों पर बुल्डोजर चलाने की कार्रवाई पर सख्त ऐतराज जताया है। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि भाजपा को भोलेनाथ की नगर काशी और भगवान श्रीराम की नगर अयोध्या की तरह दिल्ली में गरीबों की झुग्गियों पर बुल्डोजर नहीं चलाने देगी। गरीब विरोधी मानसिकता रखने वाली भाजपा ने पहले एलजी के जरिए बारापुला ब्रिज पर लाइसेंस लेकर रेहड़ी-पटरी लगाने वाले सैकड़ों लोगों को हटवा दिया और अब मद्रासी कैंप की झुग्गियों पर बुल्डोजर चलवाने की तैयारी कर रही है। लेकिन आम आदमी पार्टी इन झुग्गियों को तोड़ने नहीं देगी। हम सड़क से लेकर कोर्ट तक इन गरीबों के हक के लिए आवाज उठाएंगे। वहीं, जंगपुरा से आप विधायक प्रवीण कुमार ने कहा कि बारापुला के पास मद्रासी कैंप बस्ती रेलवे विभाग की जमीन पर बसी है, लेकिन एलजी साहब के दबाव में पीडब्ल्यूडी ने यहां नोटिस लगाया है। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने भी अधिकारियों को यहां ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगाने का निर्देश दिया है।आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने जंगपुरा से विधायक प्रवीण कुमार और पार्षद सारिका चौधरी के साथ पार्टी मुख्यालय में भाजपा की बुल्डोजर की राजनीति के खिलाफ संयुक्त प्रेसवार्ता की। इस दौरान प्रियंका कक्कड़ ने मीडिया को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक जनसभा की वीडियो को दिखाया। इस वीडियो में प्रधानमंत्री कहा था कि जहां झोपड़ी, वहां मकान होना चाहिए और गरीब को भी सम्मान से जीने का हक होना चाहिए। हमने ठान लिया है कि जहां झुग्गी-झोपड़ी में गरीब हैं, उनको अपना पक्का मकान दिलवाएंगे। उस मकान में पानी, बिजली, शौचालय होगा। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि अब वही भाजपा जंगपुरा में बारापुला ब्रिज के पास मद्रासी कैंप है। यह कैंप डूसिब के अधीन है। वहां रह रहे लोगो का बिना पुनर्वास किए झुग्गियों को नहीं तोड़ा जा सकता। लेकिन भाजपा ने जो राम की नगरी आयोध्या और काशी में किया।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, बुधवार, 11 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे परिसर में रेलवे की ओर से करवाया जा रहा है फॉगिंग

जमुई [ झाझा ] डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलें सामने आने पर रेलकर्मियों के द्वारा फॉगिंग करवाए जाने की मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे के वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार झाझा के रेलवे परिसर सहित अन्य विभागों में फॉगिंग करवाया गया। रेलवे कॉलोनी, रनिंग रूम, रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर फॉगिंग चलाए जाने से बढ़ते मच्छर के प्रकोप को रोकने की कोशिश कि जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षण गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम होने के कारण इन दिनों मच्छर का प्रकोप बढ़ चुका है जिसके कारण डेंगू, मलेरिया बीमारी भी अपना पांव पसार रही है। जिसकी रोकथाम को लेकर वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार फॉगिंग करवाया जा रहा है साथ ही साथ जहां जहां गंदगी जमा है उस जगह साफ- सफाई का कार्य भी करवाया जा रहा है। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने आगे बताया कि फॉगिंग का कार्य लगातार सभी जगहों पर करवाया जा रहा है।

### हंगामा मचाते चार शराबी हुआ गिरफ्तार

जमुई [ झाझा ] शराब पीकर हंगामा मचाते चार शराबी को पुलिस ने सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। दी गई जानकारी अनुसार दीघरा गांव में कुछ लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई चार लोग शराब के नशे में धुत होकर हंगामा मचा रहा है जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और चारो शराबियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए शराबियों की पहचान दिघरा गांव के रहने वाले पिंटू यादव, मनोज यादव, मुकेश यादव और बंटिया बाराबांक के रहने वाले संतोष यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराबियों पर प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सड़क निर्माण को लेकर सपा का आन्दोलन तेज

## बैठक में धरना व सड़क जाम का सपाईयों ने किया ऐलान

प्रात: किरण संवाददाता




मुंगेर (बिहार)। शहर के मुख्य सड़क का निर्माण, बढ़ते अपराध, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की कुव्यवस्था बिजली की अनियमित आपूर्ति स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने प्रखंड व अंचल कार्यालय में लूट खसोट सहित कई अन्य जन समस्याओं को लेकर आक्रोशित सपा कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष अमर शक्ति के नेतृत्व में नयागांव सिमेंट्री रोड में बैठकर संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया है और धरना व सड़क जाम की चेतावनी दी है। नगर अध्यक्ष सह वार्ड आयुक्त अमर शक्ति ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव जन समस्याओं पर आधारित राजनीति करती है आज शहर के मुख्य सड़क की दुर्दशा अति भयावह है लेकिन शासन प्रशासन से लेकर स्थानीय सांसद और विधायक खामोश है लेकिन हम सपाई खामोश नहीं बेचेंगे और अब धरना व सड़क जाम के लिए सड़क पर उतरेंगे।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से शामिल जिला मीडिया प्रभारी सह नगर के संगठन प्रभारी मनोज क्रांति ने कहा कि शासन प्रशासन के निकम्पेन का प्रमाण है शहर के मुख्य सड़क की दुर्दशा, नीतीश कुमार का सुशासन और जमालपुर विधायक का विकास का दावा दोनों को जनता ढूंढ रही है उन्होंने आगे कहा की समाजवादी पार्टी शहर के सड़क निर्माण के लिए किसी भी हद से गुजरने के लिए तैयार है। वहीं उपाध्यक्ष डॉ सुधीर गुप्ता प्रधान महासचिव सह वार्ड आयुक्त रूपेश कुमार छोटू ने कहा कि सरकार से लेकर स्थानीय जन प्रतिनिधि लगातार शहर की जनता को छलने का काम कर रही है जिसका जबाब हम सपाईयों का आन्दोलन होगा, नेताओ ने कहा की शासन -प्रशासन अविलंब सड़क निर्माण की घोषणा करें अन्यथा आंदोलन झेलने के लिए तैयार रहें। बैठक में सर्वसम्मति से 19 सितम्बर को एक दिवसीय धरना एवं एक पखवाड़े बाद सड़क जाम का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर सचिव आशिष कुमार सत्यजीत पासवान मीडिया प्रभारी कुमार प्रभाकर दिनेश साहू मिथलेश चौरसिया कुणाल यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# तीन बच्चे की मां प्रेमी संग फरार पति ने थाना में दिया आवेदन

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। फेसबुक पर हुआ प्यार और तीन बच्चे की मां प्रेमी के संग हुई फरार। कुछ इसी प्रकार के मामले में पीड़ित पति के द्वारा संग्रामपुर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। संग्रामपुर थाने में दिए गए आवेदन में पीड़ित पति ने यह आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी तीन बच्चों को छोड़कर घर के गहने और जेवरात लेकर अपने फेसबुक की प्रेमी के साथ फरार हो गई। थाना क्षेत्र के पीड़ित पति ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 20 वर्ष पूर्व उनकी शादी भागलपुर जिले में हुई थी। शादी के बाद उनके तीन बच्चे भी हुए थे। बच्चों की परवरिश एवं घरेलू खर्चों को पूरा करने के लिए कमाने के लिए जयपुर चला गया था। वहां वह मजदूरी का कार्य करता था। यहां घर में पत्नी को फेसबुक के माध्यम से एक लड़के से नजदीकी बढ़ने लगी। धीरे-धीरे उनकी नजदीकी प्यार में बदल गई और उनकी पत्नी तीन बच्चों को छोड़कर घर के गहने और जेवरात लेकर अपने प्रेमी के संग फरार हो गई। इस संबंध में थाना अध्यक्ष रूबी कांत कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले को लेकर आवेदन दिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## मारपीट की धटना में महिला जख्मी

कल्याणपुर समसतीपुर चकमेहसी थाना क्षेत्र के चकमहेसी गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजनों के सहयोग से जख्मी महिला को पीएचसी कल्याणपुर में कराई गई। जहां चिकित्सक ने बेहतर ईलाज के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## शराब से भरी कार को पुलिस ने किया जब्त, चालक फरार

जमुई [ झाझा ] पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चांय गांव की ओर से गुजर रही शराब से भरी एक कार को जब्त किया गया। हालांकि रात्रि का फायदा उठाकर चालक मौके स्थल पर वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि रात्रि में सूचना प्राप्त हुआ कि झारखंड दिशा से एक कार जिसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब भरा हुआ वह चांय गांव होते हुए गुजरने वाला है जिसके बाद पुलिस पदाधिकारी एवं शस्त्रबल के साथ उक्त गांव पहुंचा तो एक कार सामने से आ रही थी जिसे रूकवाने की कोशिश किया लेकिन चालक वाहन लेकर आगे निकल गया तो उसे पकड़ने के लिए पुलिस ने पीछा किया तो चालक शराब से भरा कार चांय गांव के समीप छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा।

# 230 छात्रों-छात्राओं के बीच बांटे गए किट,होगी सुविधा

प्रात: किरण संवाददाता





गिद्धौर प्रखंड के मौरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंधौरा के 230 छात्रों के बीच किट का वितरण किया गया। वितरण का नेतृत्व प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत शर्मा एवं वरीय यह शिक्षिका हेमलता सिन्हा के द्वारा किया गया। इस दौरान शिक्षक हेमलता सिन्हा,नीलू कुमारी,कुमकुम भारती,मंटू मंडल,कुमार राजीव रंजन,विनीता कुमारी की उपस्थिति में 70 प्रतिशत से अधिक है, उन्हें प्रथम अभियान के तहत किट बैग उपलब्ध कराया गया। शिक्षकों द्वारा बताया गया कि विद्यालय में कुल नामांकित बच्चों की संख्या वर्ग आठवीं तक 295 के करीब है। जिसे देखते हुए प्रथम अभियान में 70 प्रतिशत से अधिक की उपस्थिति वाले छात्रों का चयन कर किट बैग उपलब्ध कराया गया। दूसरे अभियान में इससे बचें छात्रों को किट बैग उपलब्ध कराया जाएगा। किट के माध्यम से बच्चों को छात्राओं को कॉपी,कलम, डिक्शनरी,ज्योमेट्री बॉक्स,एटलस बुक आदि उपलब्ध कराया गया।

इस क्रम में छात्राओं को कहा गया कि सभी प्रकार की सुविधा शिक्षा विभाग के द्वारा छात्राओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। इसलिए सभी छात्र विद्यालय में 100 प्रतिशत उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। वही किट प्राप्त कर छात्रों में खुशी देखी गई। इस क्रम में अमन कुमार,सूरज कुमार,प्रिंयका कुमारी,अंजली कुमारी,पुनम कुमारी,नेहा कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं के होमवर्क की जांच में शिक्षक लाल पेन का करेंगे इस्तेमाल

प्रात: किरण संवाददाता




गिद्धौर। छात्रों के होमवर्क की जांच के लिए शिक्षक लाल पान का इस्तेमाल करेंगे। इस बारे में शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को निर्देशित किया है। बता दे कि इस बारे में निदेशक प्राथमिक शिक्षा ने निर्देश जारी किया है।जिसमें कहा गया है कि प्रारंभिक विद्यालयों के वर्ग एक से आठ के छात्रों के गृह कार्य के मूल्यांकन के लिए लाल पेन का उपयोग किया जाएगा। सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभाग द्वारा शिक्षक मार्गदर्शिका बनाई गई है। इसी क्रम में गृह कार्य मूल्यांकन में एक दृष्टिकोण लागू करने हेतु सभी वर्ग शिक्षक द्वारा गृह कार्य मूल्यांकन में लाल पेन के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए क्रियान्वित किया जाना है। बता दे की लाल पेन से गृह कार्य,कक्षा कार्य की जांच मूल्यांकन करने से छात्रों के लिए शिक्षकों द्वारा किए गए सुधार टिप्पणियों और सुझावों की पहचान करना आसान हो जाता है।विद्यालय प्रधान प्रत्येक माह तिथिबार सभी कक्षाओं को इस अनुक्रमांक के छात्रों के लेखन पुस्तिका की जांच कर यह सुनिश्चित करेंगे कि वर्ग शिक्षक द्वारा नियमित रूप से छात्रों के गृह कार्य,कक्षा कार्य की जांच की जा रही है।यदि किसी कक्षा में 31 से अधिक छात्र नामांकित हो तो ऐसे छात्रों के अनुक्रमांक के इकाई अंकों की तिथि को उनके लेखन पुस्तिका की जांच विद्यालय प्रधान सुनिश्चित करेंगे। सभी कक्षाओं और विषयों में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश का पालन तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी जमुई ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में शिक्षकों को लाल पेन के इस्तेमाल के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# जिला विधिक प्राधिकार के अध्यक्ष ने विधिज्ञ संघ मुंगेर में राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में संबोधित किया



प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशन अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के तत्वाधान में एडीआर भवन परिसर में आगामी 14 सितंबर 2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।इस संबंध में मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर आलोक गुप्ता की अध्यक्षता में विधिज्ञ संघ मुंगेर में उपस्थित सभी अधिवक्तागण को संबोधित किया गया उनके द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में आपकी भूमिका अहम है अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के लिए आपके सहयोग की आवश्यकता है। अध्यक्ष के साथ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अविनाश कुमार द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय प्रबल दत्ता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार दिनेश कुमार भी विधिज्ञ संघ में उपस्थित अधिवक्ता गण को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए उनके द्वारा संबोधन किया गया । विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद सिंह एवं सचिव श्रीमती रानी कुमारी द्वारा अधिक से अधिक वादों के निष्पादन में सहयोग करने का आश्वासन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया गया है

# अनदेखी- एक पंचायत, एक बैंक नीति पर अमल नहीं

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। बैंकिंग आज आबादी के बड़े हिस्से की महत्वपूर्ण जरूर बनी है। ऐसे में गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर सहूलियत से भारी बैंकिंग सेवा को लागू करने के लिए लगभग डेढ़ साल पहले ही निर्णय लिया गया था। उसका ब्लू प्रिंट भी तैयार कर लिया गया था लेकिन अब तक इसे जमीन पर अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है। जिले के जिन पंचायतों में बैंक नहीं है, वहां पंचायत सरकार भावनों में बैंकों की शाखाएं खोले जाने की योजना प्रस्तावित है। दरअसल राज्य सरकार के निर्देश पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में उक्त आशय का निर्णय लिया गया था। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के निर्णय के आलोक में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति ने पंचायतों में बैंकों की शाखाएं खोल जाने के निर्णय को अमलीजामा पहनाने की प्रक्रिया करीब डेढ़ साल पहले प्रारंभ हुई थी।लेकिन अभी तक इसे अमली जामा पहनाने के लिए कोई कारगर प्रयास नहीं हो सका है। इससे आम ग्रामीणों के लिए बैंकिंग आज भी परेशानियों का सबब बना है। पंचायत सरकार भवन में खोली जानी है बैंक की शाखा बैंक शाखा विहीन पंचायतों के पंचायत सरकार भवन में बैंक की शाखा खोली जाएगी। सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण नहीं कराया गया है। चरणबद्ध तरीके से सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। और ग्राम पंचायत के नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन हस्तगत भी कर दिया गया है। उन पंचायतों में यदि पहले बैंक शाखा नहीं है तो ऐसे में पंचायत के पंचायत सरकार भवन में बैंक की शाखा खोलने का निर्णय राज्य सरकार के द्वारा लिया गया है।

# मौसम जनित बीमारी के चपेट में आने वाले मरीजों की स्वास्थ्य केंद्र में लगी भीड़

प्रात: किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में मौसम के उतार-चढ़ाव की वजह से मौसम बीमारियों से ग्रसित रोगियों के संख्या में इजाफा हुआ है। खासकर वायरल फीवर, सर्दी जुकाम एवं उल्टी दस्त के मरीजों की भीड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में भी देखी जा रही है। इन सभी मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में मौजूद चिकित्सक के द्वारा बेहतर परामर्श के साथ-साथ दवा उपलब्ध कराई जाती है। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने आए प्रखंड क्षेत्र के सुखदेव नगर गांव निवासी किलिश मांझी एवं उसके साथ आये उसकी पत्नी फूलवती देवी ने बताया कि उनके घर के सभी सदस्य बुखार से पीड़ित है। उनके पति पिछले 5 दिन से बुखार से पीड़ित हैं। इधर-उधर से दवा लाकर दिए थे परंतु कोई सुधार नहीं होने पर आज उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओ पी डी में मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एस एस रॉय ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम में तापमान के उतार-चढ़ाव की वजह से इस मौसम में वायरल फीवर, सर्दी जुकाम, उल्टी एवं दस्त के मरीजों की संख्या में इजाफा होता है। उन्होंने कहा कि अभी आने वाले अधिकांश मरीज सर्दी जुकाम एवं वायरल फीवर से ग्रसित होते हैं। कुछ मरीज उल्टी एवं दस्त के भी आते हैं परंतु अभी तक सभी मरीज दवाई से ही ठीक हो रहे हैं। उल्टी एवं दस्त के मरीजों को भी स्लाइन करने की जरूरत नहीं पड़ी है। उन्होंने संभावना जताई कि इस महीने के बाद वायरल फीवर के मरीजों में कमी आएगी।

# गड़बड़ी सूची में नाम आने पर शिक्षक शिक्षिका विद्यालय से हुए फरार

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर शिक्षक बहाली में फजीर्वाड़ा सामने आने पर संबंधित शिक्षक कोई बिना सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित हो गए तो, कोई स्वास्थ्य का बहाना बनाकर आज नहीं आए विद्यालय, जबकि अन्य पहले से ही विद्यालय से फरार बताए जाते हैं। लगातार मीडिया में आ रही खबरों के बाद डीएम द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद फर्जी बहाल शिक्षकों में हरकंप मच गया है। मध्य विद्यालय समर्था के शिक्षक अमरजीत कुमार और पंकज कुमार साहू बिना सूचना के सोमवार से फरार हैं। जबकि ये दोनों शिक्षक 5 सितंबर तक विद्यालय आते जाते रहे हैं। बताया जाता है कि इन दोनों शिक्षकों का 15 दिनों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण भी नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक इन दोनों शिक्षकों का नाम ई-शिक्षा पोर्टल पर पंचायत शिक्षक के रूप में दर्ज किया गया है जबकि अन्य शिक्षकों का चयन बीपीएससी के द्वारा टीआरई-1 चढ़ा है। पंचायत शिक्षक के रूप में इनका नाम चढ़ना संदेह के घेरे में हैं, जो जांच के बाद खुलासा हो सकता है। मध्य विद्यालय समर्था की प्रधानाध्यापिका विभा कुमारी ने बताया कि जैसे ही मीडिया के माध्यम से इसकी सूचना मुझे मिली मैं इससे संबंधित जानकारी अपने वरीय पदाधिकारी को ईमेल के माध्यम से भेजी हूं । उन्होंने बताया कि अमरजीत कुमार और पंकज कुमार साहू सोमवार से बिना सूचना के अनुपस्थित हो गए हैं और उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय शिशबन्नी की शिक्षिका इंदु कुमारी का जब नाम आया तो वह भी अस्वस्थता का कारण बताकर आज से विद्यालय नहीं आई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने बताया कि इंदू कुमारी 2 दिन की अस्वस्थता का आवेदन देकर विद्यालय नहीं आई है। मीडिया में आ रही खबरों के बाद जब इनके प्रमाण पत्र की जांच की गई तो औपबंधिक नियुक्ति पत्र, एवं नियुक्ति पत्र का पत्रांक एक ही पाया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया के शिक्षक सुधांशु कुमार भी आज विद्यालय नहीं आए जबकि शिल्पी कुमारी 1 फरवरी 2024 से फरार चल रही है। सुधांशु कुमार दुर्घटना का कारण बताकर आज विद्यालय में नहीं आए। प्रभारी प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार टंडन ने बताया कि शिल्पी कुमारी 28 नवंबर 2023 को योगदान की थी। योगदान के पश्चात 1 फरवरी 2024 से वह फरार चल रही है। वही सुधांशु कुमार 5 सितंबर तक विद्यालय आए हैं आज उन्होंने फोन पर सूचना देकर बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं जिसके कारण विद्यालय नहीं आए। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय आलमपुर मुसहरी की शिक्षिका ममता कुमारी 5 फरवरी 2024 से विद्यालय से फरार है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका माला कुमारी ने बताई है कि ममता कुमारी 29 नवंबर 2023 को यहां ज्वाइन की थी। पिछले 5 फरवरी को थंब इंप्रेशन के लिए निकली तो अब तक विद्यालय नहीं आई है।

# पुलिस ने एक युवक को देसी पिस्टल व गोली के साथ किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर, प्रातः किरण संवाददाता पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात एक बजे नगर थाना क्षेत्र के ताजपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के पास धरमपुर जाने वाली गली से एक युवक को एक देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने एक गोली, एक खोखा व एक मोबाइल भी बरामद किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के चांदचौर मथुरापुर के मो. इम्तियाज के पुत्र मो. इब्राहिम (19 वर्ष) के रूप में हुई है। उजियारपुर थाना क्षेत्र के युवक की शहर से रात में हथियार के साथ गिरफ्तारी को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही है कि संभवत वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था, जिसे पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। वहीं पुलिस उससे पूछताछ में जुटी हुई थी। इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि नगर थाने में पदास्थापित एसआई मो. एकरार फारूखी थाने के सशस्त्र बल के साथ मंगलवार की रात गश्ती में थे। इसी दौरान उन्हें एक युवक के हथियार के साथ खड़े होने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसकी सूचना मिलने के बाद उन्होंने एसआई प्रताप कुमार सिंह व एसआई प्रवीण कुमार को एसआई मो. एकरार फारूखी को सहयोग करने के लिए भेजा था। वहीं पुलिस को आता देख युवक ने भागने का प्रयास किया था, हालांकि पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से देसी पिस्टल बरामद हुआ। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसने यह हथियार धरमपुर न्यू कॉलोनी के मो. सागर के पुत्र मो. साहिल उर्फ बौनी से खरीदा है। उसने बताया कि वह वहां से बराबर गोली भी खरीदता है। वहीं इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# घर जलने से लाखों की क्षति कल्याणपुर समसतीपुर

थाना क्षेत्र के सिमरिया भिंडी पंचायत के वार्ड 6 में अचानक रात में लगी आग में एक घर जलकर राख हो गया। जिसमें हजारों रुपए क्षति हो गया है।आग पर काबू निजी पंप सेट आग पर काबू पाया गया। अग्नि पीड़ित रामचंद्र सहनी ने बताया कि घर में रखे अनाज पानी कपड़ा बर्तन सब जलकर राख हो गए हम लोग घर में सोए हुए थे जब आग कि लपेट नींद टूटने पर देखा तो भागते हुए शोर मचाया ।ग्रामीण पहुंचे आग काबू पाया गया।अंचल पदाधिकारी शशि रंजन कुमार ने हल्का कर्मचारी को जांच में भेजा गया है।आगे उन्होंने बताया कि जांच उपरांत सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधा अग्नि पीड़ित को उपलब्ध कराई जाएगी।

## 38 लीटर देसी महुआ शराब के साथ मोटरसाइकिल सहित कारोबारी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। अवैध शराब के निर्माण सेवन एवं परिवहन को लेकर संग्रामपुर थाना पुलिस द्वारा की गई छापेमारी अभियान के तहत सोमवार की देर रात थाना क्षेत्र के संग्रामपुर बाजार के पश्चिम छोड़ स्थित नहर के समीप 38 लीटर देसी महुआ शराब के साथ कारोबारी को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर मंगलवार की सुबह न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष रूबिकांत कच्छप ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापेमारी के दौरान संग्रामपुर थाना पीएसआई अंकीत कुमार भारती के द्वारा एक व्यक्ति को बाइक से शराब की डिलीवरी करने ले जाते हुए पकड़ा गया ।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या – 20 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 19.09..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 20.09..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 20.09..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | S/R to Establishment Office in Raj Bhawan, Patna for the year 2024-25. | 3.43 | 6,900=00 | 750=00 | 01 माह |
| 2. | Provision of UPVC Window in 6th Floor (East Side) at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2024-25. | 8.33 | 16,700=00 | 1,250=00 | 01 माह |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 007741 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 38 वर्ष 2024–25
(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **20.09.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation |
| --- | --- |
| 01- | Provision of Wall Paneling and Other Works in Room No.- 135A Middle Wing Ground Floor, Old Sectt., Patna for the year 2024-25. |
| 02- | Renovation of Flooring Work in 6th Floor (East Side) at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2024-25. |

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No. 007746 (BCD) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 11 सितम्बर, 2024 

## संक्षिप्त खबरें

### सत्य कर्म ही भागवत है :साध्वी अंजू देवी

छपरा कार्यालय ।स्थानीय नारायण पैलेस में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ युवा ब्राह्मण चेतना मंच के वैदिक आचार्यगण आचार्य श्यामसुंदर मिश्रा आचार्य संजय पाठक अंजनी कुमार मिश्रा आचार्य आशुतोष मिश्र आचार्य आचार्य सोनू पांडे आचार्य विमलेश तिवारी मनीष पांडे पंडित अरुण पुरोहित रंजीत उपाध्याय मुन्ना पाठक वैगरह ने वैदिक मंत्रोचार के साथ किया। व्यास पीठ का उद्घाटन मुख्य अतिथि जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. परमेंद्र कुमार बाजपेई एवं पटना एम्स कैंसर विभाग अध्यक्ष डॉ जगजीत पांडे विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिन स्वामी आती देवानंद जी महाराज एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रमुख अवध किशोर मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान वीरेंद्र ब्याहूत एवं धर्म प्रचारक अरुण पुरोहित ने अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर गंगोत्री प्रसाद अधिवक्ता, वैश्य महासभा अध्यक्ष सुपन बिहारी, विनोद कुमार सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता ह्लचतुरी ह्ल, पप्पू चौहान अनिल कुमार सिंह, अरविंद वैश्य बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चों की उपस्थिति रही

### सभी स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है सूची के अनुसार दवा

छपरा । मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा के साथ दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए विभाग सजग है। जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में शत प्रतिशत दवा उपलब्ध कराया जा रहा है। अगर कहीं दवा खत्म हो रहा तो तुरंत उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में दवा मिले इसके लिए आम लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में कभी कभी दवा की कमी के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए आम जनता को आगे आना होगा। आम जनता को भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना होगा और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में दवा की आपूर्ति की मांग करनी होगी। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में दवा की आपूर्ति को लेकर आम जनता की भी जिम्मेदारी है ।

### बीडीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का उदघाटन

जलालपुर ।स्थानीय प्रखंड के रामपुर नूर नगर वार्ड नम्बर 6 में नव निर्मित आंगनवाड़ी केंद्र का हुआ उदघाटन जलालपुर प्रखंड अंतर्गत नूरनगर गाँव के वार्ड नम्बर 6 में प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार प्रसाद मुखिया नागेन्द्र माँझी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की वार्ड नम्बर 6 में आंगनवाड़ी केंद्र के संचालन होने से छोटे छोटे बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा मिल पायेगी ।वही मुखिया ने कहा कि इसके पूर्व भाड़े के मकान में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित था जहां जगह की दिक्कत थी अब न्यू भवन में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किया जाएगा। जिसमें बच्चों को भी सुविधा होगी। इसके साथ की आगनबाड़ी में काम करने वाली महिलाओं को भी सुविधा मिलेगी। मौके पर ग्राम वासियों में खुशी का माहौल देखा गया। इस अवसर पर सरपंच संजय राम, सरपंच सचिव वर्णन यादव,एल एस शिखा कुमारी, सेविका अनामिका कुमारी, सहायिका सरोजा देवी,राजेश राय,संजय कुमार,अशोक कुमार माँझी, अमरेंद्र माँझी, वर्जित राम, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### घरेलू गैस सिलेंडर प्रयोग कर रहे दुकानदार के दुकान में छापेमारी

परसाः-परसा बाजार के कई दुकानों में उपयोग किए जा रहे कमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किए जाने की सूचना पर एमओ राणा रणधीर सिंह ने पुलिस बल के साथ परसा बाजार के दर्जनों दुकानों में छापेमारी की।और दुकानों में घरेलू गैस की जगह कमर्शियल गैस सिलेंडर का प्रयोग करने का निर्देश दिया ।एमओ राणा रणधीर सिंह ने कहा कि परसा बाजार के दर्जनों चाय,नाश्ता व मिठाई दुकानों में छापेमारी की गई ।जहा कुछ दुकानदारों के पास घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग करने पर उन्हें कमर्शियल गैस सिलेंडर का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया ।उन्होंने बताया कि दुकानों में बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस रीफलिंग करना कानून अपराध है ।इस दौरान कर्मी आपरेटर जाफर आलम के अलावे पुलिस बल तैनात थे।

# चुनावी रंजिश को लेकर जमकर चाकू बाजी, आधा दर्जन लोग घायल एक की हालत गंभीर, पटना रेफर

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा। सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ और एक पक्ष ने दुसरे पक्ष के आधा दर्जन लोगों को चाकू और फरसा मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया।घायलों में अजय तिवारी, विजय तिवारी,राम जी तिवारी, धीरज तिवारी, मुन्ना तिवारी , सूरज तिवारी शामिल है।

वही घायल विजय तिवारी ने बताया की यह मामला चुनाव के समय का ही है। अचानक पंद्रह बीस आदमियों के द्वारा हमला किया गया है ।घायल पक्ष बीजेपी से जुड़े हुए है । वही इस बात की जानकारी मिलते ही बीजेपी के कई नेता छपरा सदर अस्पताल पहुंच गए। वही इस घटना की सूचना प्राप्त होने पर मढ़ौरा पुलिस हरकत में आई और घटना स्थल पर पहुंच कर मामले को शांत कराया और घायलों को मढ़ौरा सी एच सी में ईलाज हेतु भरती करवाया और गंभीर रूप से घायलो को छपरा सदर अस्पताल भेजा।

वही इस मामले की जानकारी सारण एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए बताया की मरहौरा के कर्णपुरा ग्राम में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मार-पीट की घटना घटित हुई। जिसमें दोनों पक्ष के कई लोग मार-पीट के दौरान जख्मी हो गये थे। प्राप्त सूचना पर मढ़ौरा थाना पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर पहूँच कर त्वरित कार्रवाई करते हुए जख्मियों को पी0एच0सी0 मढ़ौरा भर्ती कराया गया था जिनका बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया है। इस संबध में मढ़ौरा थाना द्वारा दोनों पक्ष से तीन-तीन लोगो को पुछ-ताछ हेतु हिरासत में लिया गया है व कांड दर्ज करने हेतु आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एनक्यूएएस के मानकों के आधार पर अंतिम चरण में चल रही है तैयारियां: सिविल सर्जन

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। निर्धारित मापदंड के आधार पर स्वास्थ्य संस्थानों का विकास, बेहतर सेवाओं की उपलब्धता, स्वच्छ व स्वास्थ्यवर्द्धक माहौल का निर्माण राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) का मुख्य उद्देश्य होता है। उक्त बातें सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) मासूमगंज का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के द्वारा प्रमाणीकरण से पहले स्थानीय स्तर पर आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने यह भी कहा कि यूपीएचसी को एनक्यूएएस के मापदंडों पर खड़ा उतरते हुए बेहतर प्रदर्शन के आधार पर अंकों का निर्धारण होता है। जिसमें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए मॉडल टीकाकरण कॉर्नर, स्वच्छता, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, हॉस्पिटल इंफेक्शन, मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार, स्वच्छ व शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, परिसर की साफ-सफाई का इंतजाम, शौचालय की सुविधा सहित अस्पताल में शांत व स्वच्छ वातावरण के निर्माण को लेकर समीक्षा की गई हैं।

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविंद कुमार का कहना है कि हमलोगों का प्रयास रहता है कि जिला मुख्यालय स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा जिले के अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर के अलावा रेफरल अस्पताल मढ़ौरा, तरैया और बनियापुर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से अपने लाभार्थियों या निवासियों को हर तरह की सुख सुविधाएं उपलब्ध हो। इसके लिए पीरामल स्वास्थ्य और जपाईगो सहित कई अन्य सहयोगी संस्थाओं का सहयोग हर समय मिलते रहता है। हालांकि जिलाधिकारी अमन समीर के दिशा निर्देश और सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा के मार्ग दर्शन में मानकों के आधार पर सभी तरह की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल में आने वाले सभी तरह के मरीजों को दी जाने वाली सुख सुविधाओं को धरातल पर उतारने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास करता हैं। क्योंकि शिशु मातृ मृत्यु दर को कम करने के साथ ही नियमित टीकाकरण, चिकित्सीय परामर्श, दवा के साथ ही शांत एवं स्वच्छ वातावरण का होना बहुत ज्यादा जरूरी होता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को कई अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा सहयोग भी किया जाता है।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर डीएम एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



प्रात :किरण संवाददाता

अमनौर प्रखण्ड के अपहर पंचायत के गौरी शिव शंकर मन्दिर परिसर में मुख्यमंत्री का होगा कार्यक्रम अमनौर आगामी बारह सितम्बर को अमनौर प्रखड के अपहर शिवालय परिसर में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होना है ।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर अपहर गौरी शंकर शिवालय परिसर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है ।सुबह से ही कार्यक्रम स्थल के पास अधिकारियों की ताता लगी हुई है ।मंगलवार को डीएम अमन समीर एसपी कुमार आशीष अमनौर पहुँच कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा तैयारी का जायजा लिया ।पहले से ही डीआरडीए निदेशक कयूम अंसारी , डीडीसी यतेन्द्र कुमार ,एसडीएम डॉ प्रेरणा सिंह बीडीओ राजीव सिन्हा सहित अन्य अधीकारियों मौजूद होकर चल रहे तैयारी को खुद कराने में जुटे हुए थे। मन्दिर परिसर के समक्ष एक बड़ी तलाब है ।अधिकारी तालाबो की साफ सफाई खुद खड़ा होकर करा रहे थे ।सभा स्थल से आने जाने वाले मार्ग की साफ सफाई जोर शोर से हो रही थी। कोई वृक्षा रोपण करा रहे थे तो कोई अधिकारी टेंट पंडाल लगवाने में जुटे हुए थे ।कार्यक्रम स्थल के निकट कई बिद्यालय है महिला प्रोजेक्ट उच्च बिद्यालय मिडिल स्कूल हरि जी उच्च बिद्यालय है ।जहाँ बिद्यालय की साफ सफाई उसकी सौन्दर्यता में शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षक जुटे हुए दिखे।.

## वीटीआर क्षेत्रों में भालुओं की खुले में चहलकदमी देख सैलानी हो रहे रोमांचित

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर में अमूमन प्रतिदिन भालुओं की चहलकदमी देखी जा रही है। ये भालू वीटीआर जंगल से निकल कर रिहायशी इलाकों में पहुंच रहे हैं। सवाल है कि आखिर जंगल छोड़ भालू रिहायशी इलाकों में क्यों पहुंच रहे हैं? लोगों का कहना है कि पहले भालू लोगों को देखकर डरते थे और भाग जाते थे ।जानमाल को नुकसान पहुंचाते थे लेकिन अब यह फ्रेंडली होते जा रहे हैं। लोगों को नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं। अब भालू आराम से चहलकदमी करते रहता है। वन्य जीवों के जानकार बताते हैं की वीटीआर में 400 से अधिक स्लॉथ भालू हैं ।इनमें कई गुण पाए जाते हैं लेकिन इनमें सूंघने की क्षमता अधिक है ।भालू एक किमी से ज्यादा दूर के शिकार या भोजन को सूंघ लेते हैं। यही वजह है की भालू भोजन और शिकार की तलाश में कॉलोनियों तक पहुंच जा रहे हैं ।बतादें, भालू इंसान की तरह सवाहारी होते हैं। उन्हें मांस के अलावा कंद मूल और खासकर शहद बेहद पसंद है। लेकिन हाल के कुछ वर्षों में जंगल में बढ़ रही अन्य जानवरों की संख्या की वजह से भोजन मिलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है,यह खास वजह हो सकती है,जिस कारण भालू रिहायशी इलाकों का रुख कर रहे हैं। ये लोगों के बीच इतना घुलते मिलते जा रहे हैं की हमला भी नहीं कर रहे हैं।

### प्रो मोहम्मद अंजार आलम बनाए गए एनआईआरएफ के निदेशक

छपरा सदर। जे पी यू के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई ने प्रोफेसर (डॉ.) मोहम्मद अंजार आलम, प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग, गंगा सिंह कॉलेज, छपरा को जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के निदेशक एनआईआरएफ (राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेम वर्क) के रूप में नियुक्त की है। इस आशय का पत्र कुलपति के आदेश से कुल सचिव डॉ नारायण दास के द्वारा जारी किया गया है।

## 14 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण विकास विभाग और लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तत्वाधान में पखवाड़ा भर जिले में चलेगा स्वच्छता से जुड़ा कार्यक्रम। 14 सितंबर से शुरू होकर कार्यक्रम एक अक्टूबर तक चलेगा।

दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कई तरह की इवेंट होगी जिस में स्वच्छता महोत्सव, शाम को सामुदायिक सभा, स्वच्छता शपथ, ह्लस्वच्छता के लिए एक दीयाह्ल अभियान और अन्य गतिविधियां शामिल हैं। इस का उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों और अभियानों के माध्यम से स्वच्छता और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देना है। स्वच्छता की भागीदारीः मैराथन, स्वच्छता संवाद, ग्राम सभा और साइक्लोथॉन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जन भागीदारी, वकालत और जन जागरूकता पर जोर। सम्पूर्ण स्वच्छताः जिसमें सफाई कर्मचारियों के साथ आम लोगों के सहयोग से बड़े पैमाने पर सफाई अभियान होना हैं। स्वच्छता लक्षित इकाईः ब्लैक स्पॉट की मैपिंग, नागरिक भागीदारी के माध्यम से उन्हें साफ करना, प्रगति को चेक करना। मुख्य गतिविधियाँः श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान। जन प्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और स्वयंसेवकों के साथ स्वच्छता पद यात्रा (2-3 किमी)। सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वच्छता चैंपियन को सम्मानित करना। स्कूलों में स्वच्छता से जुड़ी उपलब्धियों पर गांधीजी के विचारों पर चर्चा करते हुए स्वच्छता संवाद की सुविधा प्रदान करना। अतिरिक्त आकर्षणः सांस्कृतिक कार्यक्रमः स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न, जिसमें स्थानीय विरासत को प्रदर्शित करने के लिए ह्लबिहार हमारा गौरवह्ल जैसे विशिष्ट उत्सव शामिल हैं। सेलिब्रिटी की भागीदारीः सार्वजनिक हस्तियों और प्रभावशाली लोगों द्वारा वीडियो संदेशों और सोशल मीडिया आउटरीच के माध्यम से प्रचार। बड़े पैमाने पर कार्यक्रमः स्वच्छता उत्सव और अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कला प्रतिष्ठान। सफाई मित्र के लिए सामाजिक कल्याणः आयुष्मान भारत, पीएमएवाई और उज्ज्वला योजना जैसी स्वास्थ्य और सामाजिक योजनाओं से जुड़ाव। स्वच्छता ही सेवा 2024 सरकार द्वारा चलाया गया एक प्रमुख स्वच्छता अभियान है, जो स्वच्छ भारत मिशन के तहत आता है। इसका उद्देश्य स्वच्छता और साफ-सफाई के महत्व को बढ़ावा देना है और समाज के हर वर्ग को इस आंदोलन में शामिल करना है। यह अभियान विशेष रूप से लोगों को स्वच्छता से जुड़े कार्यों में सहभागिता के लिए प्रेरित करता है,

## मुखिया ने सांसद को लिखा पत्र, सड़क निर्माण में अनियमितताओं की जांच की मांग



प्रात :किरण संवाददाता

नगरा ।प्रखंड क्षेत्र के चकसरफ मोड़ से जुड़ी सड़क का निर्माण कार्य जारी है लेकिन इस कार्य में अनियमितताएं और लापरवाही सामने आ रही हैं.जिसकी शिकायत नगरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तकिया पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार यादव ने सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी को पत्र लिखकर शिकायतें की हैं.मुखिया शैलेश कुमार यादव ने पत्र में स्पष्ट किया है कि सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा गंभीर लापरवाही बरती जा रही है,जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.उन्होंने बताया कि इसी सड़क से शाहपुर पैगंबरपुर की पांच सौ मीटर लंबी सड़क जुड़ी है,जो पिछले कई वर्षों से जर्जर स्थिति में है.ठेकेदार ने इस सड़क को अधूरा छोड़कर अन्य कार्यों को प्राथमिकता दी है,जिससे यह मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गया है.मुखिया ने इस बात पर भी जोर दिया है कि ठेकेदार द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी देखी जा रही है.उन्होंने सांसद राजीव प्रताप रूडी से अनुरोध किया है कि वे इस मामले की जांच कराएं और अधूरे पड़े कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं. उन्होंने सांसद से छूटी हुई सड़क को जोड़वाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने की भी मांग की है,ताकि ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके ।

## हत्या के विरोध में सड़क पर शव रख किया घण्टो जाम

दिघवारा नगर ।थाना क्षेत्र के शीतलपुर पंचायत के छतर छपरा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल एक अधेड़ व्यक्ति की इलाज के दौरान पटना एम्स में मौत हो गई ।मृतक छतर छपरा गांव निवासी स्व परमा राय का पुत्र जलेश्वर राय बताया जाता है ।मंगलवार के दोपहर बाद पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव छतर छपरा पहुँचा, पूरे गाँव मे हलचल मच गया ।ग्रामीणों ने शव को पिरगंज चौक पर रख कर हाजीपुर छपरा व शीतलपुर परसा मार्ग को पुर्णतः अवरुद्ध कर दिया ।जिस कारण दोनों सड़को पर यातायात पुर्णतः बाधित हो गया ।आक्रोशित लोगों ने दरियापुर थाना क्षेत्र के मोलहां गांव के नामजद आठो अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे ।उधर सड़क जाम के कारण दोनों मुख्य सड़को पर वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी ।मौके पर दिघवारा बीडीओ अमरनाथ कुमार,थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार आक्रोशित लोगों को समझाने में लगे हुए थे ।लेकिन लोग मानने को तैयार नही थे ।वही देर शाम सोनपुर डीएसपी नवलकिशोर के पहुंचने के बाद लोगो ने अपनी मांग को उनके समक्ष रख ।जिसके बाद उचित करवाई का आश्वासन मिलने के बाद जाम समाप्त हुआ।

## एक लाख महीने की नौकरी छोड़ शुरू किया सरसों तेल का कारोबार

### आदर्श उधमी बने सिद्धार्थ



प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के रहनेवाले सिद्धांत ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग किया है ।अच्छी खासी नौकरी भी मिल गई थी लेकिन नौकरी छोड़ अब सरसों तेल के प्लांट से अच्छी-खासी आय अर्जित कर रहे हैं और साथ ही कई युवाओं को रोजगार भी दे रहे हैं।

दरअसल बगहा अनुमंडल के भैरोगंज नड्डा के रहनेवाले सिद्धांत राज ने एक लाख रुपए महीने की नौकरी छोड़ नड्डा ब्रांड नाम से कच्ची घानी सरसों तेल का कारोबार शुरू किया और तीन साल के अंदर ही उसे बाजार में स्थापित कर डाला। आज नड्डा सरसों तेल ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट पर भी उपलब्ध है और जल्द ही अमेजन पर भी मिलने लगेगा।

युवा उद्यमी सिद्धांत राज ने बताया कि वो स्थानीय किसानों से सरसों खरीदते हैं और उन्हें बाजार से ज्यादा रेट देते हैं ।इससे किसानों को अपना उत्पादन बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ता है

और मुझे भी आसानी से कच्चा माल मिल जाता है। सिद्धांत अपने कारोबार से बेहद ही खुश हैं और बताते हैं की मेरा बिजनेस काफी अच्छा चल रहा है। बाजार में नड्डा ब्रांड सरसों तेल की इतनी डिमांड है कि कई बार मैं मांग के अनुरूप उत्पादन नहीं कर पाता हूँ ।मेरा यह बिजनेस नौकरी से अच्छा इसलिए है कि अब मेरे बाद आनेवाली पीढ़ी को अपने भविष्य के लिए सोचने की जरूरत नहीं है।

## विद्यार्थी परिषद ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय में किया प्रदर्शन

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा सदर। मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में जयप्रकाश विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता महाविद्यालय में मूलभूत समस्याओं को लेकर के सैकड़ो परिषद के कार्यकताओं ने हल्ला बोला। परिषद कार्यकताओं ने सुबह से ही धरना पर बैठ गए और विश्वविघालय प्रशासन के खिलाप जोरदार नारेबाजी करते रहे ।विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय कैंपस सहित विश्वविद्यालय से जुड़े सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है, छात्रों को न शौच के लिए शौचालय,न पीने के लिए शुद्ध पेयजल ना ठहरने के लिए कोई कॉमन रूम यहां तक कई महाविद्यालय में बेंच डेस्क पर धूल जम रहता है ,हाल ही के दिनों में छात्रों के परीक्षा परिणाम नामांकन में भारी पैमाने पर अनियमितता देख गया है ,इसे अभिलंब सुदृढ़ करने की आवश्यकता है ,विद्यार्थी परिषद के धरना प्रदर्शन में निम्न मांगो को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा जिसमे .स्नातक एवं स्नाकोत्तर के सभी सत्रों को अभिलंब नियमित किया जाए । स्नातक एवं स्नाकोत्तर के सभी लंबित परीक्षा परिणाम को अभिलंब जारी किया जाए ।

## कायाकल्प एवं एनक्यूएएस पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।पश्चिमी चंपारण जिले के सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार की अध्यक्षता में कायाकल्प एवं एनक्यूएएस कार्यक्रम को लेकर जिले के एक निजी होटल में अनुमण्डलीय अस्पताल के उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार एवं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कायाकल्प एवं एनक्यूएएस का असेसमेंट होना है जिसमें सभी स्वास्थ्य संस्थानों को प्रॉपर डॉक्यूमेंटेशन के साथ सही रूप से तैयार रहना है और उसमें क्वालिफाई हेतु मिनिमम 70% नंबर लाना जरूरी है। डॉ आलोक ने बताया कि एनक्यूएएस के लिए 8 एरिया ऑफ कंसर्न है एवं कायाकल्प के लिए 8 थेमेटिक एरिया है। इसके अलावा संस्थान इको फ्रेंडली हो और वाश से संबंधित भी पैरामीटर दिया गया है। जिसके आधार पर सभी स्वास्थ्य संस्थानों को नंबर मिलना है। उसी के आधार पर उनका चयन होना है। अगर किसी संस्थान का इसमें चयन होता है तो उसके लिए उन्हें अवार्ड सर्टिफिकेट के साथ-साथ प्रोत्साहन राशि भी देय होता है।

## समाजसेवी सह पूर्व मुखिया का निधन

प्रात :किरण संवाददाता

डोरीगंज सदर प्रखंड के डुमरी पंचायत के पूर्व मुखिया ,समाजसेवी हरिनारायण पाण्डेय का निधन मंगलवार की अहले सुबह हो गया। उनके निधन पर ग्रामीणों व शुभ चिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई है. उनके निधन की खबर सुनकर क्षेत्र के गांव के लोगों में शोक है। समाज सेवा में मुखिया हरिनारायण पाण्डेय ने काफी योगदान दिया था। उन्होंने समाज के हर गरीब तबके के लोगों के प्रति हमेशा सेवा भावना से सहयोग किया था।वे हमेशा अपने पंचायत के गरीबों के विकास लिए काम करते थे। लिहाजा वे लगातार 1971 से 2006 तक निर्विरोध मुखिया पद पर बने रहे ,रिजर्वेशन के बाद वे चुनाव नही लरे । उनके निधन पर गहरी संवेदना जताते हुए पैक्स अध्यक्ष बिनोद सिंह,धर्मेंद्र कुमार सिंह,शिक्षक सुरेंद्र सिंह,बबन सिंह,राजीव नयन मिश्रा गनउर सिंह ने कहा कि वे मेरे आदर्श अभिभावक थे, उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा में व्यतीत कर दिया ऐसे समाजिक व्यक्ति के निधन होने से अपूर्ण क्षति हुई है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है. अलावा इनके सैकड़ों लोगों ने पूर्व मुखिया के निधन पर शोक प्रकट किया । उनका अंतिम संस्कार डोरीगंज घाट पर किया गया मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र संजय कुमार पाण्डेय ने दिया।

## विहंगम योग संत समागम आज ,तैयारी पुरी

प्रात :किरण संवाददाता

रसूलपुर ।स्थानीय चट्टी पर विहंगम योग संत समागम बुधवार 11 सितम्बर को आयोजित होगा ।शताब्दी समारोह महोत्सव 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त कन्याकुमारी से कश्मीर तक के राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा में संतप्रवर श्री विज्ञान देव जी महराज बुधवार संध्या 5 बजे रसूलपुर में के. डी. स्कूल के प्रांगण में जय स्वर्वेद कथा प्रचवन करेंगे ।समागम में गुरुभाई, गुरुबहन व संत श्रोता गण संतप्रवर श्री विज्ञान देव जी महराज के दिव्य वाणी का लाभ उठाने के लिए भारी संख्या में पहुंचेंगे ।इसकी तैयारी को लेकर एक बैठक भी हुई ।जिसमें व्यवस्था कार्य से जुड़े कार्यकाताओं की बैठक में कमलदेव यादव, उदय शंकर साह,शशिभूषण मिश्रा,उमाशंकर प्रसाद, बैद्य जी ,अलख राम,धीरज गोस्वामी, रजनीश कुमार, भीम यादव आदि उपस्थित रहे।

## परिवार नियोजन जागरूकता के लिए सारथी रथ रवाना



प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।पश्चिमी चंपारण जिले की बढ़ती जनसंख्या पर रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति बेतिया से डीसीएम राजेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर सारथी रथ रवाना किया। डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि जिले के सभी 18 प्रखंडों के सभी पीएचसी में 5 दिन सारथी रथ प्रचार- प्रसार करेगा। आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा लोगों को महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबन्दी हेतु प्रेरित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढ़ते जनसंख्या में कमी लाने का सफल प्रयास किया जाएगा। दम्पति सम्पर्क एवं परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का होगा आयोजनः जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण हेतु परिवार नियोजन कार्यक्रम की जानकारी आमजन तक पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि मिशन परिवार विकास अभियान के अन्तर्गत जिले में 14 सितम्बर तक दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा और 17 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान योग्य दम्पतियों से सम्पर्क कर इच्छित परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी सेवा प्रदान की जाएगी।


## पड़ोसियों ने मारपीट कर किया जख्मी,मामला दर्ज

प्रात :किरण संवाददाता

बनियापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सुरौधा गाव मे मामूली विवाद मे पड़ोसियों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया,जिसके बाद रेफरल अस्पताल मे इलाज के बाद दिए व्यान मे तीन लोगो को पीड़ित ने नामजद किया है। घटना मे पीड़ित हरेंद्र राय ने बताया है कि दरवाजे पर था,तभी प्रिंस कुमार मनोज राय संगीता देवी आकर गाली गलौज करने लगे जिसका विरोध करने पर मारपीट कर जख्मी कर दिया,घटना मे प्राथमिकी के बाद अनुसन्धान मे जुटी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 11 सितंबर, 2024





# 14 साल बाद प्रियदर्शन संग लौटे अक्षय



90 के दशक में हिंदी सिनेमा में स्मार्ट और हैंडसम लुक्स से अभिनेत्रियों के दिलों पर राज करने वाले अक्षय कुमार आज 57 साल के हो गए। इस खास मौके पर उन्होंने अपनी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी मूवी 'भूत बंगला' की पहली झलक शेयर की। अक्षय ने एक्स पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया। तस्वीर में अक्षय एक कटोरी में दूध पीते हुए नजर आ रहे हैं और उनके कंधे पर एक काली बिल्ली खड़ी है। अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा, साल दर साल मेरे जन्मदिन पर आपके प्यार के लिए धन्यवाद! इस साल का जश्न भूत बंगला के फर्स्ट लुक के साथ! मैं 14 साल बाद प्रियदर्शन के साथ फिर से जुड़ने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस ड्रीम कोलैबोरेशन को काफी समय हो गया है। इस जर्नी को आप सभी के साथ शेयर करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। मैजिक के लिए बने रहें! फिल्म की ज्यादा डिटेल शेयर नहीं की गई और यह 2025 में रिलीज होगी। अक्षय और प्रियदर्शन ने साथ में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। जिनमें हेरा फेरी, दे दना दन, भूल भुलैया, गरम मसाला और खट्टा मीठा जैसी फिल्में शामिल हैं। इससे पहले,बॉलीवुड के एक्शन हीरो और सुपरस्टार अक्षय कुमार ने गणेश चतुर्थी के शुभ मौके पर अपने नए प्रोजेक्ट का संकेत दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर अपनी अपकमिंग फिल्म की पहली झलक भी दिखाई, जिसे देखकर हर कोई दंग रह गया था। एक्टर ने सोशल मीडिया पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, गणपति बप्पा मोरया, आज के दिन से बेहतर दिन और क्या हो सकता है, जब आप कुछ खास होने का संकेत दें। मेरे जन्मदिन पर इसका खुलासा होगा। इंतजार करिए। अक्षय के पास कई फिल्में हैं, जिनमें सिंघम अगेन, स्काई फोर्स, जॉली एलएलबी 3, वेलकम टू द जंगल, शंकरा और हेरा फेरी 3 शामिल हैं।



# तमन्ना भाटिया ने बताया बॉलीवुड और साउथ में अंतर

तमन्ना भाटिया तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। उन्हें हाल ही में, निखिल आडवाणी की फिल्म वेदा में देखा गया। स्त्री 2 के गाने आज की रात से भी तमन्ना ने जमकर सुर्खियां बटोरीं और लोगों ने उनके डांस स्टेप को कॉपी करके खूब वीडियो बनाए। तमन्ना भाटिया ने एक पॉडकास्ट में बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों के बीच के अंतर पर अपनी राय साझा की हैं। उन्होंने ये भी बताया कि लोगों को दक्षिण भारतीय फिल्में क्यों अच्छी लगती हैं।

**दक्षिण में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं**

तमन्ना भाटिया का मानना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं और यही वजह है कि उन्हें वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल हो रही है और फिल्में डबिंग वगैरह के जरिए लोगों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि साउथ की फिल्मों में केवल वही बात कहने की कोशिश की जा रही है, जिसे वे अच्छे से जानते हैं।

**साउथ की फिल्मों में भौगोलिक स्थिति के बारे में खूब बात होती है**

तमन्ना ने राज शमनी के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए कहा कि दक्षिण की फिल्मों में वहां की भौगोलिक स्थिति के बारे में खूब बात होती हैं। तमन्ना के हिसाब से बॉलीवुड और साउथ में यही मुख्य अंतर है। उनका कहना है कि बॉलीवुड में कई दफा ऐसी फिल्में बनती है, जो सभी का मनोरंजन कर सकें और ये शायद सही से काम नहीं कर पाता। तमन्ना की आने वाली फिल्म की बात करें तो वो ओडेला 2 में नजर आएंगी। इसके अलावा उनके खाते में वेब सीरीज डेयरिंग पार्टनर्स भी है।



# प्रचार के लिए कपिल के शो में पहुंचे देवरा के सितारे, फोटोग्राफर्स पर भड़कीं जान्हवी

जूनियर एनटीआर, जान्हवी कपूर और सैफ अली खान अभिनीत फिल्म देवरा इस महीने रिलीज को तैयार है। पूरी स्टाकास्ट जोर–शोर से फिल्म का प्रचार कर रही है। प्रमोशन के सिलसिले में तीनों सितारे कपिल शर्मा शो में पहुंचे हैं। सितारे जब शो में हिस्सा लेने पहुंचे तो फोटोग्राफर्स की भीड़ उमड़ पड़ी। धक्का–मुक्की देख जान्हवी कपूर को गुस्सा आ गया। फोटोग्राफर्स को टोकने के बाद वे वैनिटी वैन में चली गईं।

**डैशिंग लुक में दिखे जूनियर एनटीआर**

अभिनेता जूनियर एनटीआर भी डैशिंग लुक में नजर आए। इस दौरान फोटोग्राफर्स की भीड़ उमड़ पड़ी। एक्टर ने भी सभी को जमकर पोज दिए। सभी ने जूनियर एनटीआर को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं भी दीं। इसके बाद एक्टर से फोटोग्राफर्स जैसे ही बातचीत करने के लिए आगे बढ़े उन्होंने समय की कमी का हवाला दिया। जूनियर एनटीआर ने घड़ी की तरफ इशारा करते हुए बड़ी ही विनम्रता से कहा कि टाइम हो गया है।

**सैफ अली खान को देख उमड़े फैंस**

जान्हवी और जूनियर एनटीआर के अलावा सैफ अली खान भी पहुंचे। उन्हें देख फैंस भी उमड़ पड़े और सेल्फी लेने की कोशिश करने लगे। हालांकि, सैफ अली खान वहां नहीं रुके। वे फोटोग्राफर्स को पोज तक देने के लिए नहीं रुके और सीधे अपनी कार में बैठकर रवाना हो गए।

**इस दिन होगी सिनेमाघरों में रिलीज**

इस दौरान जान्हवी कपूर ने पैपराजी को काफी अच्छे से पोज दिए, हालांकि ज्यादा भीड़ जुट जाने पर वह थोड़ी नाराज होती दिखीं। फिल्म देवरा 27 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन कोरतल्ला शिवा शिवा ने किया है। इस फिल्म के जरिए जान्हवी कपूर साउथ सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में सैफ अली खान खलनायक के रोल में नजर आएंगे।



# क्या सिंघम अगेन का क्लाइमैक्स बदल रहे हैं रोहित शेट्टी?

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की अगली फिल्म सिंघम अगेन दिवाली पर रिलीज होने वाली है। यह उनके कॉप यूनिवर्स की पांचवी फिल्म है। फिल्म के रिलीज होने में काफी कम समय बचा है और इसी बीच ऐसी खबरें आई कि रोहित शेट्टी ने फिल्म के क्लाइमैक्स में बदलाव करने का फैसला लिया है। बता दें कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। क्लाइमैक्स में आखिरी समय पर कोई बदलाव नहीं किया गया है और तय शेड्यूल के हिसाब से ही शूटिंग जारी है।

**विले पार्ले में हो रही है शूटिंग**

सिंघम अगेन के क्लाइमैक्स को लेकर मिड–डे में छपी रिपोर्ट के अनुसार रोहित शेट्टी विले पार्ले स्थित टोबैको फैक्ट्री में क्लाइमैक्स की शूटिंग कर रहे हैं, जहां इसके क्लाइमैक्स को फिल्माया जाएगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि क्लाइमैक्स सीन की शूटिंग के लिए एक बहुत बड़ा मंच बनाया गया है, क्योंकि इस दौरान एक नाटक की तरह के सीन शूट किए जाएंगे। सीन में लोगों की भीड़ चाहिए थी और प्रोडक्शन की टीम ने लोगों को इकट्ठा कर रखा था।

**11 सितंबर तक चल सकती है शूटिंग**

रिपोर्ट में कहा गया है कि शूटिंग 11 सितंबर तक चल सकती है और अजय देवगन भी जल्द ही सेट पर आ सकते हैं। ये भी कहा जा रहा है कि क्लाइमैक्स में लोक कथाओं पर आधारित कुछ देखने को मिल सकता है, क्योंकि कई लोग राक्षसों की पोशाक पहने सेट पर मौजूद थे।

# कंगना रनौत ने बेचा बांद्रा के पाली हिल स्थित अपना बंगला

बॉलीवुड अदाकारा कंगना रनौत ने मुंबई के बांद्रा के पाली हिल इलाके में नरगिस दत्त रोड पर स्थित अपना बंगला 32 करोड़ रुपये में बेच दिया है। यह जानकारी संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों से मिली है। दस्तावेजों से पता चला है कि बंगला कंगना रनौत ने सितंबर 2017 में 20 करोड़ रुपये में खरीदा था। यह बंगला 3,075 वर्ग फुट के निर्मित क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें 565 वर्ग फुट का पार्किंग स्थान है। यह लेनदेन 5 सितंबर, 2024 को पंजीकृत किया गया था, जिसके लिए 1.92 करोड़ रुपये का स्टांप शुल्क और 30,000 रुपये का पंजीकरण शुल्क चुकाया गया है। इस संपत्ति की खरीदार कमलिनी होल्डिंग्स की साझेदार श्वेता बथीजा हैं, जो कोयंबटूर, तमिलनाडु में रहती हैं। हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा की लोकसभा उमीदवार के रूप में कंगना रनौत ने मई 2024 में 91 करोड़ से अधिक की संपत्ति घोषित की थी, जिसमें 28.7 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 62.9 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल थी। इससे पहले चर्चा थी कि कंगना यह संपत्ति 40 करोड़ रुपये में बेच रही हैं। हालांकि, न उस समय कंगना ने इस पर कोई प्रतिक्रिया दी थी और न ही अब उन्होंने घर बेचने के बाद कोई प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, कंगना की यह वही प्रॉपर्टी है, जो 2020 में बीएमसी की जांच के दायरे में आई थी। सितंबर 2020 में बीएमसी ने अवैध निर्माण का हवाला देते हुए बांद्रा में कंगना के ऑफिस के कुछ हिस्सों को ध्वस्त कर दिया था। 9 सितंबर को बॉम्बे हाई कोर्ट के स्टे ऑर्डर के बाद तोड़फोड़ का काम बीच में ही रोक दिया गया था। कंगना ने बीएमसी के खिलाफ केस दर्ज कराया और बीएमसी से मुआवजे के तौर पर दो करोड़ रुपये की मांग भी की, लेकिन मई 2023 में अपनी मांग वापस ले ली। वहीं कंगना की आने वाली फिल्मों के बारे में बात करें तो अभिनेत्री जल्द ही फिल्म इमरजेंसी में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह निर्देशन और अभिनय दोनों कर रही हैं। फिल्मों के अलावा वह अपने राजनीतिक करियर में भी व्यस्त हैं।





# कांथा के लिए दुलकर सलमान और राणा दग्गुबाती ने मिलाया हाथ

साउथ से भावनात्मक रूप से गहन कई शानदार फिल्में देखने को मिली है। वहां के दो बड़े अभिनेता राणा दग्गुबाती और दुलकर सलमान एक बार फिर ऐसी ही एक फिल्म कांथा लेकर आने वाले हैं, जिसका आज, सोमवार को हैदराबाद में पूजा समारोह रखा गया था। राणा दग्गुबाती और दुलकर सलमान साउथ के मशहूर और लोकप्रिय कलाकारों में से एक हैं। इन दोनों सितारों की हिंदी दर्शकों के बीच भी काफी लोकप्रियता है। ऐसे में दोनों को एक साथ एक फिल्म में देखना फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा। दोनों सितारे ने जल्द ही सेल्वमनी सेल्वराज निर्देशित फिल्म कांथा में नजर आने वाले हैं, जो इस फिल्म का सह–निर्माण भी कर रहे हैं।

**हैदराबाद में हुआ कांथा का पूजा समारोह**

सोमवार को हैदराबाद में इस फिल्म का पूजा समारोह रखा गया था। इस दौरान फिल्म के कलाकार और क्रू के सदस्य पारंपरिक परिधानों में नजर आए। फिल्म का निर्माण सुरेश प्रोडक्शंस, राणा दग्गुबाती की स्पिरिट मीडिया और दुलकर की वेफेयरर फिल्म्स के द्वारा किया जा रहा है। फिल्म की टीम द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट के मुताबिक, कांथा 1950 के दशक की मद्रास में स्थित है। फिल्म में इतिहास और तत्कालीन सामाजिक परिवर्तन के साथ–साथ मानवीय रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया जाएगा। फिल्म का पहला लुक जल्द ही जारी किया जा सकता है। फिल्म तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी।

**मानवीय भावनाओं और इतिहास का दिखेगा संगम**

इस फिल्म के निर्माण को लेकर राणा दग्गुबाती ने कहा,कांथा सुरेश प्रोडक्शंस की 60वीं वर्षगांठ मनाने और स्पिरिट मीडिया के साथ नई शुरुआत करने के लिए एक आदर्श फिल्म है। वहीं, लकी भास्कर अभिनेता दुलकर सलमान ने भी फिल्म को लेकर उत्साह दिखाते हुए कहा कि यह एक खूबसूरती से लिखी हुई कहानी है, जो मानवीय भावनाओं की गहराई को पकड़ती है और हमारे अभिनय के लिए बहुत सारी गुंजाइश देती है। सेल्वमनी ने कहा कि इस फिल्म के साथ उनका लक्ष्य दर्शकों को एक बीते वक्त में ले जाना है और एक ऐसी कहानी बताना है, जो समकालीन भावनाओं के साथ तालमेल बिठाती भी दिखाई दे। सेल्वामनी सेल्वराज निर्देशित इस फिल्म का शांत पोटलुरी और जोम वर्गीस भी सह– निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी डैनी लोपेज कर रहे हैं, जबकि फिल्म का संगीत झानू ने दिया है। फिल्म की कहानी तमीज प्रभा ने लिखी है और इस फिल्म का संपादन लेवेलिन एंथनी गोंजाल्विस कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण भी किया है, जिसमें दानी सांचेज लोपेज ने छायांकन किया है, झानू ने संगीत दिया है, रामलिंगम ने कला निर्देशन किया है, तमीज़ प्रभा ने लिखा है और लेवेलिन एंथनी गोंजाल्विस ने संपादन किया है।



# लोगों के जजमेंट्स से तंग आ चुकी हैं अनन्या पांडे

अनन्या पांडे इन दिनों अपनी हालिया रिलीज सीरीज कॉल मी बे को लेकर काफी चर्चा में चल रही हैं। इसके अलावा अभिनेत्री अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। अब हाल ही में, इंडियन एक्सप्रेस के साथ एक इंटरव्यू में अनन्या ने खुलासा किया कि बतौर अभिनेत्री वह बहुत सारे जजमेंट्स फेस करती हैं। अनन्या ने कहा कि हर किसी का एक नजरिया होता और सोच होती है, मैं वक्त के साथ कई चीजें सीख रही हूं। अनन्या ने आगे कहा, लोग हमेशा कुछ न कुछ तो कहते ही रहेंगे, आप कैसे भी काम कर लो, कुछ भी कर लो, लोगों को कुछ न कुछ नेगेटिव कहना ही होता है, इसलिए अब मैं ध्यान नहीं देती हूं। अनन्या ने आगे कहा कि अब लोगों की सोच का मुझ पर कोई फर्क नहीं पड़ता है






## वॉलमार्ट फाउंडेशन ने इनोवेटिव टेक्नोलॉजिकल सॉल्यूशंस के लिए बढ़ाया अपना सहयोग

**दिल्ली, एजेंसी।** वॉलमार्ट फाउंडेशन ने भारत में कृषि क्षेत्र में टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए कुल 2.78 मिलियन डॉलर के तीन नए अनुदानों का एलान किया है। वॉलमार्ट फाउंडेशन से मिलने वाली इस फंडिंग के माध्यम से नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप नेटवर्क (एनईएन), टाटा-कॉर्नेल इंस्टीट्यूट फॉर एग्रीकल्चर एंड न्यूट्रिशन (टीसीआई) के सहयोग से कॉर्नेल यूनिवर्सिटी एवं प्रेसिजन डेवलपमेंट का लक्ष्य संयुक्त रूप से भारत में 3,00,000 से ज्यादा किसानों तक पहुंचना है। एनईएन और पीएंडडी साथ मिलकर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में किसानों को सहयोग प्रदान करेंगे। इन अनुदानों का उद्देश्य टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित समाधानों के माध्यम से किसानों की आजीविका को बेहतर करना, बाजार तक उनकी पहुंच बढ़ाना और पर्यावरण के अनुकूल कृषि प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना है।

## वैश्विक सहकारिता सम्मेलन – 2024 का आयोजन भारत में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के 130 साल के लंबे इतिहास में पहली बार इफको की पहल पर भारत द्वारा आईसीए महासभा और वैश्विक सहकारिता सम्मेलन की मेजबानी की जाएगी। आईसीए निदेशक मंडल की 28 जून 2023 को ब्रुसेल्स में आयोजित बैठक के दौरान इफको ने आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी भारत में करने का प्रस्ताव रखा था जिसे निदेशक मंडल के सदस्यों ने सहर्ष मंजूर कर लिया। इसके पश्चात संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भारत में वैश्विक सहकारिता सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का आधिकारिक शुभारंभ भी होगा। सहकारिता मंत्री, भारत सरकार अमित शाह की गरिमामयी उपस्थिति में 25 नवंबर 2024 को शाम 3 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। वे मुख्य अतिथि के रूप में वैश्विक सहकारिता सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

## कुबोटा ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन के लिए कैयारा पर मुकदमा दायर किया

**नई दिल्ली एजेंसी।** कुबोटा ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन के लिए कैयारा पर मुकदमा दायर किया दिल्ली उच्च न्यायालय ने अंतरिम राहत दी जापानी कृषि उपकरण कंपनी, कुबोटा ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के दुरुपयोग और उल्लंघन के लिए चेन्नई स्थित कृषि उपकरण कंपनी, कैयारा एग्रोस के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। यह कंपनी कुबोटा के एक पूर्व कर्मचारी द्वारा शुरू की गई थी। कुबोटा द्वारा दायर मुकदमे में मांगी गई आईपीआर राहतों में, कैयारा पर जापानी कंपनी की गोपनीय जानकारी और औद्योगिक कॉपीराइट रेखाचित्रों के बेईमानीपूर्वक दुरुपयोग, उल्लंघन और पासिंग ऑफ करने का आरोप लगाया गया है। न्यायालय द्वारा मुकदमे में कैयारा एवं अन्य प्रतिवादियों के खिलाफ अंतरिम निषेधाज्ञा जारी कर दी गई है, तथा इसे कुबोटा के साथ उल्लंघन मानते हुए उनके द्वारा इस ट्रेडमार्क का उपयोग करने पर रोक लगा दी गई है।

# सोना-चांदी खरीदने का सुनहरा मौका, गिर गए दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी ( के वायदा भाव आज (10 सितंबर) गिरावट देखने को मिल रही है। खबर लिखे जाने के समय आज सोने के वायदा भाव 0.04 फीसदी गिरावट के साथ 71,600 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 0.19 फीसदी गिरकर 83,487 रुपए के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई।

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 700 रुपए टूटकर 73,500 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को सोना 74,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि सोने की ही तरह जबकि चांदी का भाव 2,000 रुपए लुढ़ककर 83,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ जिसका कारण औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ओर से कमजोर उठाव था। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 85,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 500 रुपए गिरकर 73,350 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछला बंद भाव 73,850 रुपए था। घरेलू स्तर पर, व्यापारियों ने सोने की कीमतों में गिरावट का कारण विदेशों में कमजोर रुख के बीच स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की सुस्त मांग को बताया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में दोनों के भाव सुस्त प गए। कामेक्स पर सोना 2,536 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,532.70 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.70 डॉलर की नरमी के साथ 2,532 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कामेक्स पर चांदी के वायदा भाव 28.69 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 28.65 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.02 डॉलर की गिरावट के साथ 28.63 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।



### इस साल सोने में अब तक 8 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी

आइबीजेए के अनुसार, इस साल अब तक सोने के दाम 8,218 रुपए ब चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 71,570 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बकर 82,085 रुपए पर पहुंच गए हैं।

### मिस्ड कॉल लगाकर जानें सोने-चांदी का भाव

आइबीजेए केंद्र सरकार की छुट्टियों और शनिवार और रविवार को रेट जारी नहीं करता है। आपको 22 कैरेट और 18 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी का रेट जानना है, तो 8955664433 पर मिस्ड कॉल सकते हैं। मिस्ट कॉल के कुछ ही समय बाद एसएमएस के जरिए रेट्स मिल जाते हैं।

## भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली व्हिस्की है मैकडॉवेल्स ?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** व्हिस्की ने भारत में सभी प्रांतों में व्यापक लोकप्रियता हासिल की है। प्रीमियम अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के साथ-साथ भारतीय व्हिस्की भी अपने समृद्ध स्वाद और किफ़ायती होने के कारण पसंद की जाती हैं। शहरी मध्यम वर्ग की बदलती प्राथमिकताओं और बढ़ती डिस्पोजेबल आय ने बाज़ार के विकास को बढ़ावा दिया है। इसके अलावा, घरेलू व्हिस्की ब्रांडों के उभरने और प्रीमियम मिश्रणों की बढ़ती चाहत ने देश में व्हिस्की की गहरी लालसा को बढ़ावा दिया है।

मैकडॉवेल्स भारत और विदेशों में सबसे ज्यादा बिकने वाली व्हिस्की है। पिछले साल 2023 में इस रिकॉर्ड बिक्री की वजह से इसने भारत की सबसे पसंदीदा व्हिस्की का अवॉर्ड भी जीता। इस लाजवाब व्हिस्की की 31.4 मिलियन केस बिकीं। जबकि 2022 में इसकी बिक्री 2.1 फीसदी रही। 1968 में लॉन्च की गई मैकडॉवेल की नंबर 1 लग्जरी प्रीमियम व्हिस्की कई सालों से शीर्ष पर बनी हुई है।




### दो नंबर पर कौन ब्रांड

भारतीय व्हिस्की बाजार में नंबर दो पर रॉयल स्टैग रॉयल स्टैग का स्थान है। पिछले साल भारत में रॉयल स्टैग की बिक्री 3 प्रतिशत बढ़कर 27.9 मिलियन केस पर पहुंच गई है। तभी तो इसका दूसरा स्थान बरकरार रहा है। साल 2022 में पहली बार इसने यह स्थान हासिल किया था। पेरनोड रिकार्ड के स्वामित्व वाले इस ब्रांड ने पिछले दो वर्षों में 24.6 प्रतिशत की वृद्धि की है। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टीलर्स के स्वामित्व वाली ऑफिसर्स चॉइस का स्थान व्हिस्की के बाजार में तीसरे नंबर पर है। साल 2022 में इसकी बिक्री 6 प्रतिशत गिरने के बावजूद यह तीसरे नंबर पर मज़बूती से खड़ा है। पिछले साल इसने23.4 मिलियन केस बेचे हैं।

## बेरोजगारी से निपटना सबसे बड़ी चुनौती, इन उपायों से रोजगार दिलाने की हो रही कोशिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में इस समय बेरोजगारी दर 8.3 फीसदी के करीब है। सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार मई के महीने में बेरोजगारी दर सात फीसदी के करीब दर्ज की गई थी जो जून में 9.2 फीसदी तक पहुंच गई थी। इस दृष्टि से देखें तो बेरोजगारी दर में कमी आई है। लेकिन इसके बाद भी यह चिंताजनक स्तर पर बनी हुई है। इससे निपटना केंद्र-राज्य सरकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। केंद्र और राज्य सरकारें विभिन्न योजनाओं में भारी निवेश कर और स्किल डेवलपमेंट कर बेरोजगारी से निपटने की कोशिश कर रही हैं।

किसी देश के सेवा क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विस्तार को उसके विकसित होने की गारंटी मान लिया गया है, लेकिन अर्थव्यवस्था के जानकार मानते हैं कि मूलभूत ढांचे में निवेश और उत्पादन की लाइन में निवेश बढ़ाकर ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। यदि बढ़ती आबादी में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार दिलाना है तो सरकारों को इसी दिशा में काम करना चाहिए। आर्थिक मामलों के जानकार डॉ. नागेंद्र कुमार शर्मा ने अमर उजाला से कहा कि केंद्र सरकार ने मूलभूत ढांचे में भारी निवेश को विकास का मूलमंत्र बना रखा है। जिस समय दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हिचकोले खाती हुई दिखाई दे रही हैं, उस समय में भी यदि भारत ने अपनी विकास दर बनाए रखने में सफलता पाई है ।

## बिक जाएगी क्वालिटी बेल्स, कॉर्नेटो और मैग्नम आइसक्रीम ! खरीदने के लिए तीन प्रमुख कंपनियां आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान यूनिलीवर ने अपने आइसक्रीम बिजनेस के पुनर्गठन की संभावनाओं का आकलन करने के लिए स्वतंत्र निदेशकों की एक समिति गठित की है। कंपनी इस बिजनेस को बेचने पर विचार कर सकती है। कई कंपनियों ने उसके आइसक्रीम बिजनेस को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। हिंदुस्तान यूनिलीवर के पोर्टफोलियो में क्वालिटी वॉल्स, कॉर्नेटो और मैग्नम जैसे ब्रांड्स शामिल हैं। आरजे कॉर्प- पहले से क्रीम बेल आइसक्रीम बेचती है, जो भारत के शीर्ष पांच आइसक्रीम ब्रांडों में शामिल है। इसके पास 25 राज्यों में उपस्थिति और 11,000 पुश कार्ट हैं। एमएमजी ग्रुप- उत्तर और पूर्वी भारत में मैकडॉनल्ड्स चलाता है और कोका-कोला के लिए फ्रैंचाइजी बॉटलर है। इसका आइसक्रीम और फ्रोजन डेसर्ट में बैक-एंड तालमेल है। नेस्ले- नेस्ले इंडिया ने पिछले दशक में ग्लोबल आइसक्रीम ब्रांड मोवेनपिक्स को बेचा था। कंपनी नेस्ले की भारतीय यूनिट इस बिजनेस को खरीदने में दिलचस्पी दिखा रही है। हिंदुस्तान यूनिलीवर के आइसक्रीम बिजनेस में प्रमुख ब्रांड्स जैसे क्वालिटी वॉल्स, कॉर्नेटो और मैग्नम शामिल हैं।

## चीन में अगस्त माह के निर्यात में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि, आयात में नरमी



**हांगकांग एजेंसी।** चीन के निर्यात में लगातार पांचवें महीने वृद्धि दर्ज की गई, जो विदेशों में बढ़ती मांग का संकेत है। हालांकि, धीमी होती चीनी अर्थव्यवस्था के बीच आयात में गिरावट आई है। चीन के सीमा शुल्क कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8.7 प्रतिशत बढ़कर 308.65 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह अर्थशास्त्रियों के करीब 6.5 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। जुलाई में निर्यात सात प्रतिशत की दर से बढ़ा था। अगस्त में यह आंकड़ा 18 महीने में सबसे मजबूत है। इसकी बड़ी वजह अगस्त 2023 में कम आधार है, जब निर्यात में 8.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। तुलनात्मक रूप से, एक साल पहले की तुलना में आयात में केवल 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह अर्थशास्त्रियों द्वारा लगाए गए करीब दो प्रतिशत के अनुमान से कम है। कैपिटल इकोनॉमिक्स के जिचुन हुआंग ने कहा, '' निर्यात मूल्य पिछले 17 महीने में सबसे तेज गति से बढ़े हैं। निर्यात की मात्रा रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। हमें उम्मीद है कि निकट भविष्य में निर्यात मजबूत रहेगा, जिसे चीन की वास्तविक प्रभावी विनिमय दर में गिरावट से समर्थन मिल रहा है। चीन का व्यापार अधिशेष अगस्त में बढ़कर 91.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो जुलाई में 84.65 अरब अमेरिकी डॉलर था। निर्यात की मांग बढ़ रही है लेकिन चीन घरेलू मांग को बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहा है। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अगस्त में 0.6 प्रतिशत बढ़ा, जो पूर्वानुमानों से कम है। अधिकारियों ने खराब मौसम के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि को उच्च सीपीआई का कारण बताया। हालांकि मुख्य सीपीआई (जिसमें खाद्य व ऊर्जा की कीमतें शामिल नहीं हैं) अगस्त में केवल 0.3 प्रतिशत बढ़ा, जो तीन वर्षों में सबसे कम है। फैक्टरी प्रबंधकों के एक आधिकारिक सर्वेक्षण के अनुसार अगस्त में चीन की विनिर्माण गतिविधि छह महीने के निचले स्तर पर आ गई।

## बिक जाएगी क्वालिटी वॉल्स, कॉर्नेटो और मैग्नम आइसक्रीम ! खरीदने के लिए मची है होड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान यूनिलीवर ने अपने आइसक्रीम बिजनस के पुनर्गठन की संभावनाओं का आकलन करने के लिए स्वतंत्र निदेशकों की एक समिति गठित की है। माना जा रहा है कि कंपनी इस बिजनस को बेच सकती है। कई कंपनियों ने उसके आइसक्रीम बिजनस को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। हिंदुस्तान यूनिलीवर के पोर्टफोलियो में क्वालिटी वॉल्स, कॉर्नेटो और मैग्नम जैसे ब्रांड्स शामिल हैं। कंपनी के आइसक्रीम बिजनस को खरीदने के लिए आरजे कॉर्प, एमएमजी ग्रुप और नेस्ले ने दिलचस्पी दिखाई है। हिंदुस्तान यूनिलीवर की सालाना 60,000 करोड़ की बिक्री में आइसक्रीम बिजनस की हिस्सेदारी करीब 3 प्रतिशत है। कंपनी ने हाल में बताया कि वह आइसक्रीम बिजनस की समीक्षा के लिए एक स्वतंत्र समिति का गठन कर रही है। यह समिति को रिस्ट्रक्चरिंग पर काम करने को कहा है। आरजे कॉर्प क्विक सर्विस चेन केएफसी और पिज्जा हट ऑपरेट करने के साथ ही पेप्सिको के लिए बॉटलिंग का काम संभालती है। एमएमजी ग्रुप उत्तर और पूर्वी भारत में मैकडॉनल्ड्स चलाता है और सात ही कोका-कोला के लिए एक फ्रैंचाइजी बॉटलर भी है। एक सूत्र ने कहा कि प्रत्येक संभावित दावेदार का आइसक्रीम बिजनस के साथ सीधा तालमेल है। यह बातचीत बिजनस की वैल्यूएशन पर निर्भर करेगी। ॥रुऔर नेस्ले इंडिया ने ईमेल का जवाब नहीं दिया जबकि रवि जयपुरिया के आरजे कॉर्प और एमएमजी ग्रुप के अधिकारियों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। आरजे कॉर्प पहले से ही क्रीम बेल आइसक्रीम बेचता है। कंपनी की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार क्रीम बेल की 25 राज्यों में उपस्थिति है। 800 वितरकों और 11,000 पुश कार्ट के साथ यह भारत के शीर्ष पांच आइसक्रीम ब्रांडों में शामिल है। हालांकि पेप्सिको की बॉटलिंग और क्विक-सर्विस चेन ञ्चस्नष्ट, पिज्जा हट और कोस्टा कॉफी बिजनस की तुलना में कंपनी का यह बिजनस काफी छोटा है।

## बोल्डन्यू ह्यूंडई अल्काज़ार! ह्यूंडई ने पेश की इंटेलीजेंट, वर्सटाइल, इंटेंस 6 एवं 7 सीटर एसयूवी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एच एम आई एल) ने अपनी बोल्ड न्यू ह्यूंडई अल्काज़ार अल्काज़ार को लॉन्च किया। ट्रैवल एक्सपीरियंस को रीडिफाइन करते हुए यह 6 एवं 7 सीटर प्रीमियम एसयूवी भव्यता, कंफर्ट एवं कन्वीनियंस, टेक्नोलॉजी, एनर्जेटिक परफॉर्मेंस और एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स के साथ ग्राहकों के हर सफर को समृद्ध करेगी।




इस लॉन्चिंग के मौके पर ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री उनसू किम ने कहा, 'ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड में हम अपने डायवर्स एवं वर्सटाइल प्रोडक्ट्स के माध्यम से ग्राहकों के अनुभव को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम ग्राहकों की लगातार बदलती जरूरतों को समझने और साथ ही उनकी उम्मीदों के अनुरूप बदलाव करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बोल्ड न्यू ह्यूंडई अल्काज़ार हमारी इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम अपनी इस इंटेलीजेंट, वर्सटाइल और इंटेंस एसयूवी को लॉन्च करते हुए उत्साहित हैं, जो एसयूवी सेगमेंट में ग्रैंडनेस, कंफर्ट एवं कन्वीनियंस को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। हमें भरोसा है कि इस एसयूवी से हमारे ग्राहकों को यूनीक वैल्यू एक्सपीरियंस होगा।'

ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ग्राहकों को अनूठा मोबिलिटी एक्सपीरियंस देने के लिए प्रतिबद्ध है। बोल्ड न्यू ह्यूंडई अल्काज़ारके लिए टैगलाइन रखी गई है 'इंटेलीजेंट, वर्सटाइल, इंटेंस', जिसने अनूठे तरीके से इस एसयूवी के डीएनए को अपने अंदर समाया है। बोल्ड न्यू ह्यूंडई अल्काज़ारको ह्यूंडई की ग्लोबल डिजाइन आइडेंटिटी 'सेंसुअस स्पोर्टीनेस' के आधार पर बनाया गया है, जो भारत की सड़कों पर राज करने के लिए तैयार है। खूबसूरती से तैयार यह एसयूवी स्पेशियस, वाइडर और टॉलर है, जिससे इसकी रोड प्रजेंस दमदार होती है। प्रीमियम 6 एवं 7 सीटर एसयूवी में नई ॥-शेप्ड एलईडी डीआरएल, खास क्वाड बीम एलईडी हेडलैंप, ऑल न्यू हुड डिजाइन, नई स्किड प्लेट के साथरग्ड फ्रंट बंपर और नया डार्क क्रोम फ्रंट ग्रिल दिया गया है। ये खूबियां निश्चित तौर पर हर किसी की निगाह को अपनी ओर मोड़ने में सक्षम हैं। इस एसयूवी की अपील को बढ़ाते हुए इसमें ब्लैक पेंटेड क्लैडिंग के साथ ऑल न्यू आर18 डायमंड कट अलॉय व्हील दिए गए हैं, जो बोल्ड न्यू ह्यूंडई अल्काज़ार के प्रोफाइल को डायनामिक बनाते हैं। ब्रॉडर, टॉलर और मॉडर्न रियर डिजाइन के साथ अनूठी ब्रिज टाइप रूफ रेल इस एसयूवी को और भी एलिवेटेड स्टांस देती है। बोल्ड न्यू ह्यूंडई अल्काज़ार के फ्रंट डिजाइन को कॉम्प्लिमेंट करते हुए इसके रियर डिजाइन में इंटीग्रेटेड स्टॉप लैंप के साथ नया स्पॉइलर, नया बंपर व स्किड प्लेट डिजाइन और ऑल न्यू कनेक्टेड एलईडी टेललैंप दिए गए हैं।

## राज्यपाल राधाकृष्णन ने कॉफी टेबल बुक लॉन्च की

**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने आज एनएसई मुख्यालय में एनएसई बुल की प्रतिष्ठित प्रतिमा का उद्घाटन किया और 1.4 बिलियन सपनों को सशक्त बनाने की यात्रा नामक एक स्मारक कॉफी टेबल बुक लॉन्च की। इस अवसर पर एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीष कुमार चौहान भी मौजूद थे।




एनएसई बुल की प्रतिमा शक्ति, ताकत और लचीलेपन का प्रतिनिधित्व करती है - ऐसे गुण जो भारत के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। बैल के मजबूत पैर, प्रमुख कूबड़ और दुर्जेय उपस्थिति देश के मजबूत वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक है। भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाली विविध पृष्ठभूमियों - जैसे कि एक स्कूल जाने वाला लड़का, एक ग्रामीण महिला और पेशेवर - से घिरी यह मूर्ति भारत के निवेश परिदृश्य की समावेशिता और एकता को रेखांकित करती है। यह प्रतिष्ठित रचना राष्ट्र के सामूहिक प्रयासों को दर्शाती है, जो आर्थिक प्रगति के एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं।

एनएसई की कॉफी टेबल बुक, द जर्नी ऑफ एम्पावरिंग 1.4 बिलियन ड्रीम्स एनएसई के विकास और पिछले 30 वर्षों में भारत की विकास कहानी में इसके योगदान पर एक प्रतिबिंब है। 1994 में अपने परिचालन की शुरुआत के बाद से पिछले 30 वर्षों में, एनएसई ने भारत के पूंजी बाजारों में क्रांति ला दी है। यह पुस्तक भारत के विकास के लिए उत्प्रेरक और दर्पण के रूप में एनएसई की महत्वपूर्ण भूमिका का वर्णन करती है।

एनएसई की बुल मूर्ति और कॉफी टेबल बुक भारत की पूंजी बाजार यात्रा में प्रतीकात्मक मील के पत्थर के रूप में खड़े हैं। आज, भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और चौथा सबसे बड़ा पूंजी बाजार है, जबकि एनएसई ऑर्डर और ट्रेड की संख्या के मामले में गतिविधि के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज बन गया है। यह उपलब्धि भारत की विश्व स्तरीय संस्थानों का निर्माण और रखरखाव करने की क्षमता का प्रमाण है जो देश की आर्थिक आकांक्षाओं की सेवा करते हैं और माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा परिकल्पित एक विकसित भारत की दिशा में प्रगति करते हैं। इस अवसर पर महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा - मुझे एनएसई के बैल की प्रतिमा और कॉफी टेबल बुक का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है। मैं एनएसई को बैल और कॉफी टेबल बुक के लिए बधाई देना चाहता हूँ जो भारत के पूंजी बाजारों में क्रांति लाने और देश के विकास में इसके योगदान में एनएसई की भूमिका को दर्शाता है।

# दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के लिए टीमों का ऐलान

### कई स्टार प्लेयर बाहर, रिंकू सिंह को मिली जगह



**अनंतपुर (एजेंसी)।** ऋषभ पंत, लोकेश राहुल और शुभमन गिल सहित बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए भारतीय टीम में चुने गए अधिकतर खिलाड़ियों को 12 सितंबर से यहां शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर से मंगलवार को आराम दिया गया। रविवार को राष्ट्रीय टीम में आकाश दीप, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल को भी जगह मिली। इन सभी को दूसरे दौर में खेलने से छूट दी गई है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल और सरफराज खान को हालांकि दलीप ट्रॉफी से नहीं हटाया गया है जिससे संकेत मिलते हैं कि वे चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय एकादश का हिस्सा नहीं होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा, 'चयनकर्ताओं ने गिल के विकल्प के तौर पर प्रथम सिंह (रेलवे), लोकेश राहुल के विकल्प के तौर पर अक्षय वाडकर (विदर्भ) और जुरेल के विकल्प के तौर पर एसके रशीद (आंध्र) को चुना है।% बयान के अनुसार, 'बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी टीम में कुलदीप की जगह लेंगे जबकि आकाश दीप की जगह आकिब खान (उत्तर प्रदेश) को चुना गया है। गिल की जगह मयंक अग्रवाल को भारत 'ए' टीम का कप्तान बनाया गया है। जायसवाल और पंत के विकल्प के तौर पर चयनकर्ताओं ने सुयश प्रभुदेसाई और रिंकू सिंह को चुना है। भारत 'डी' टीम में अक्षर के स्थान पर निशांत संधू को जगह मिली है। तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे हल्की चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं। रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली भारत 'सी' टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिसंबर 2022 के बाद पहली बार लाल गेंद का क्रिकेट खेलते हुए पंत ने दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में प्रभावित किया था। लोकेश राहुल और आकाश दीप ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

### अपडेट टीम इस प्रकार हैं

**भारत ए** – मयंक अग्रवाल (कप्तान), रियान पराग, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, आवेश खान, कुमार कुशाग्र, शाश्वत रावत, प्रथम सिंह, अक्षय वाडकर, एसके रशीद, शम्स मुलानी और आकिब खान।

**भारत बी**–अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), सरफराज खान, मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीशन, सुयश प्रभुदेसाई, रिंकू सिंह और हिमांशु मंत्री।

**भारत डी** - श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व ताइडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, सारांश जैन, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत, सौरभ कुमार, संजू सैमसन, निशांत संधू और विद्वथ कावेरप्पा।

### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी

# जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगा भारत




**हुलुनबुइर (चीन) (एजेंसी)।** पहले दो मैच में जीत से उत्साहित गत चैंपियन भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में बुधवार को यहां मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैच में जीत का अपना सिलसिला जारी रखने के लिए उतरेगी। भारतीय टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था लेकिन तब मैदानी गोल नहीं कर पाना उसके लिए चिंता का विषय बना हुआ था। प्रतियोगिता में भारत ने 15 गोल किए थे लेकिन इनमें केवल तीन मैदानी गोल शामिल हैं। वर्तमान टूर्नामेंट में हालांकि उसके युवा स्ट्राइकरों ने उसकी इस चिंता को कुछ हद तक कम किया है।

ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भी इस क्षेत्र में सुधार करने की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था, 'अगर हमें भारतीय हॉकी टीम को अगले स्तर पर पहुंचाना है और ओलंपिक में लगातार पदक जीतने हैं तो हमें अधिक मैदानी गोल करने होंगे क्योंकि हमारी रक्षापंक्ति की भी अपनी सीमाएं हैं। भारतीय रक्षापंक्ति लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भी उसने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराकर खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। उसने अपने अगले मैच में जापान को 5-1 से हराया था। भारत ने अभी तक जो आठ गोल किए हैं, उनमें सात मैदानी गोल शामिल है जबकि युवा ड्रैग-फ्लिकर संजय ने जापान के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला था। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रहे युवा स्ट्राइकर सुखजीत सिंह ने अभी तक तीन मैदानी गोल किए हैं जबकि अभिषेक और उत्तम सिंह ने दो-दो मैदानी गोल किए हैं।

वर्तमान फॉर्म को देखते हुए भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में जीत की प्रबल दावेदार है। वह इससे पहले चार बार चैंपियन रह चुकी है। दूसरी तरफ मलेशिया का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा जबकि एक अन्य मैच उसने ड्रॉ खेला। भारत ने हालांकि नए ओलंपिक चक्र की शुरुआत की है और ऐसे में वह किसी भी टीम को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगा। छह टीमों के राउंड रोबिन मैच के बाद चोटी पर रहने वाली चार टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी जो 16 सितंबर को खेले जाएंगे। फाइनल 17 सितंबर को होगा।

### धोनी बनाम विराट बनाम रोहित

# वीरेंद्र सहवाग ने अपने पसंदीदा क्रिकेटर रोहित को चुना



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वीरेंद्र सहवाग ने 'दिस ऑर दैट' चैलेंज में विराट कोहली, एमएस धोनी और रोहित शर्मा के बीच अपने पसंदीदा क्रिकेटर का खुलासा किया है। 'दिस ऑर दैट' चैलेंज सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड बन गया है जिसमें मशहूर हस्तियों को रैपिड-फायर राउंड में दो नामों में से एक चुनने के लिए कहा जाता है। भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने भी दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट में इस चैलेंज में हिस्सा लिया समें उन्हें क्रिकेट इतिहास के कुछ सबसे बड़े नामों में से अपनी पसंद बताने के लिए कहा गया। चुनौती की शुरुआत सहवाग से एमएस धोनी और बेन स्टोक्स में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया और पूर्व भारतीय कप्तान का नाम लिया। हालांकि धोनी दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी एबी डिविलियर्स से हार गए, जिनका नाम अगले नंबर पर आया। जब सहवाग से डिविलियर्स और विराट कोहली में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया तो उन्होंने कोहली वाले को प्राथमिकता दी। लेकिन जब कोहली का सामना रोहित शर्मा से हुआ, तो सहवाग ने टीम इंडिया के मौजूदा वनडे और टेस्ट कप्तान को चुना। रोहित शर्मा का कद पिछले एक साल में बढ़ा है, खासकर तब जब उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम को वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचाया, हालांकि वह टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मुकाबले में उनके और टीम के लिए दिल तोड़ने वाला रहा।

# मुशीर खान ने मात्र 7 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर सभी को बनाया मुरीद, अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएंगे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के टेस्ट क्रिकेटर सरफराज के भाई मुशीर खान को इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल किया जाना तय है क्योंकि उन्होंने दलीप ट्रॉफी 2024 के पहले मैच में शानदार शतक लगाया था। मुशीर ने कथित तौर पर बेंगलुरु में भारत ए बनाम भारत बी दलीप ट्रॉफी मैच में दबाव में अपने स्वभाव से मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का ध्यान आकर्षित किया है।

दलीप ट्रॉफी में अपने पदार्पण मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने दूसरे छोर पर विकेट गिरने के बावजूद अपना धैर्य नहीं खोया और 181 रन बनाए जो उनका तीसरा प्रथम श्रेणी शतक है। उनकी मैराथन पारी ने भारत बी को 94/7 के मुश्किल स्कोर से उबारा और 321 रन बनाने में सक्षम बनाया, जो निर्णायक कारक साबित हुआ और उन्होंने मैच 76 रनों से जीत लिया।

रिपोर्ट के मुताबिक अब 19 वर्षीय मुशीर खान ए शैडो टूर के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें तीन 'चार दिवसीय' टेस्ट मैच होंगे। रणजी क्वार्टर फाइनल में दोहरा शतक और फाइनल में शतक लगाने के बाद मुशीर चयन समिति के रडार पर आ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए टीम का चयन दलीप ट्रॉफी के प्रदर्शन और शेष भारत और रणजी चैंपियन मुंबई के बीच ईरानी कप मैच के आधार पर किया जाएगा, जो ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले होगा।

फिटनेस संबंधी किसी भी चिंता को छोड़कर मुशीर और राजस्थान के बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार चयन के लिए मजबूत दावेदार हैं। सुथार ने सौरभ कुमार को पीछे छोड़ दिया है और वे रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ बाएं हाथ के स्पिनर बन गए हैं। मुशीर के प्रभावशाली प्रदर्शन जिसमें रणजी ट्रॉफी फाइनल जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर और शीर्ष तेज गेंदबाजों के खिलाफ बड़े रन बनाने की उनकी क्षमता शामिल है, उन्हें भारत ए के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए संभावित विकल्प बनाते हैं। उनकी 373 गेंदों की पारी (116 में से 62.1 ओवर) और पुछल्ले बल्लेबाज नवदीप सैनी के साथ साझेदारी से प्रदर्शित उनके धैर्य और धैर्य ने चयन के लिए उनके दावे को और मजबूत कर दिया है।

मुशीर ने अपने सात मैचों के प्रथम श्रेणी करियर में पहले ही तीन शतक और एक अर्धशतक जड़ दिया है। उनके दो शानदार शतक तब आए जब उनकी टीम काफी दबाव में थी और दांव बहुत ऊंचे थे। मूविंग बॉल के खिलाफ उनकी दिक्कतें एक मुद्दा हो सकती हैं लेकिन वह केवल 19 साल के हैं और सुधार करेंगे। तथ्य यह है कि मुशीर एक उपयोगी बाएं हाथ के स्पिनर हैं, ऐसे समय में जब भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों में से शायद ही कोई नियमित रूप से गेंदबाजी करता हो, यह निश्चित रूप से उनके पक्ष में काम करेगा।

पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया ने कहा, मुशीर को जो चीज अलग बनाती है, वह है उनकी मानसिकता, जो बहुत मजबूत है। मैं भविष्यवाणी नहीं कर सकता, लेकिन अगर वह लगातार रन बनाते रहे, तो वह भारतीय टीम के लिए एक बहुत अच्छा विकल्प हो सकते हैं। दहिया मुशीर की निरंतरता से हैरान थे। उन्होंने कहा, उनकी बल्लेबाजी की सबसे खास बात उनकी निरंतरता है। उन्होंने पिछले सीजन में जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की। उन्होंने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल और फाइनल में रन बनाए और फिर 2024 में घरेलू क्रिकेट के पहले दिन शतक बनाया।

# 'ऐसा कुछ नहीं है...', विराट कोहली से प्रतिस्पर्धा पर बोले स्टीव स्मिथ




**मुंबई (महाराष्ट्र)** । भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के करीब आने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने खुलासा किया कि वे अक्सर टेक्स्ट मैसेज का आदान-प्रदान करते हैं और बताया कि उनके भारतीय समकक्ष 'ऑस्ट्रेलियाई' क्यों हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी। विराट के बारे में बात करते हुए स्मिथ ने कहा, हम काफी अच्छे से मिलते हैं, समय-समय पर संदेश साझा करते हैं। देखिए, वह एक महान व्यक्ति हैं और जाहिर तौर पर एक शानदार खिलाड़ी हैं। इसलिए, इस गर्मी में उनके खिलाफ फिर से खेलना अच्छा रहेगा। स्मिथ ने टिप्पणी की कि विराट विचारों और कार्यों में ऑस्ट्रेलियाई हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से वह हर तरह से इसमें शामिल होते हैं, चुनौती लेते हैं और विपक्ष पर हावी होने की कोशिश करते हैं। मैं कहूंगा कि वह शायद भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ऑस्ट्रेलियाई हैं। बल्लेबाज के तौर पर विराट से प्रतिस्पर्धा के बारे में स्मिथ ने कहा कि वह ऐसा नहीं सोचते, बल्कि ऑस्ट्रेलिया की सफलता सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, ऐसा कुछ नहीं है कि मुझे उसे हराना है या ऐसा कुछ है। यह सिर्फ मैदान पर जाकर खेलने और ज्यादा से ज्यादा रन बनाने और ऑस्ट्रेलिया को सफलता दिलाने की कोशिश करने के बारे में है। यही सब कुछ है। स्मिथ और विराट इंग्लैंड के जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन के साथ आधुनिक युग के फैब फोर बल्लेबाजों में से हैं। 109 टेस्ट मैचों में स्मिथ ने 195 पारियों में 32 शतकों और 41 अर्द्धशतकों के साथ 56.97 की औसत से 9,685 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 239 है। वहीं विराट ने 113 टेस्ट और 191 पारियों में 29 शतकों और 30 अर्द्धशतकों के साथ 49.15 की औसत से 8,848 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254 है।

दो कड़े प्रतिद्वंद्वियों के बीच एक हार्दिक क्षण 2019 विश्व कप के दौरान आया था, जब विराट ने भीड़ को सैंडपेपर गेट गाथा पर स्मिथ पर चिल्लाने से रोका था। बाद में स्मिथ ने इस इशारे की सराहना की और पूर्व भारतीय कप्तान को इसके लिए धन्यवाद दिया। ऑस्ट्रेलिया में विराट का टेस्ट रिकॉर्ड शानदार है, उन्होंने 13 टेस्ट में 54.08 की औसत से 1,352 रन बनाए हैं, जिसमें 25 पारियों में छह शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 169 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 25 टेस्ट मैचों में कुल मिलाकर उन्होंने 44 पारियों में आठ शतक और पांच अर्द्धशतक के साथ 47.48 की औसत से 2,042 रन बनाए हैं।

# भारतीय चुनौती के लिए तैयार हैं बांग्लादेश का युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा, पाक के खिलाफ निभाई थी अहम भूमिका

**ढाका (एझेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 2-0 की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा की निगाहें अब भारत के खिलाफ होने वाली श्रृंखला पर लगी हैं। यह 21 वर्षीय तेज गेंदबाज निरंतर 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने में सक्षम है। पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में दूसरे टेस्ट मैच में उन्होंने 44 रन देकर चार विकेट लेकर अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई थी। बांग्लादेश क्रिकेट ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें राणा ने कहा, 'निश्चित रूप से हम भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। हमने अभ्यास शुरू कर दिया है। हम जितना अधिक अभ्यास करेंगे उतना अधिक हम मैच के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा, 'भारत की टीम बहुत अच्छी है लेकिन जो टीम अच्छा खेल दिखाएगी उसे जीत मिलेगी।

राणा ने इस साल मार्च में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और इस मैच में उन्होंने 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार निकाल कर लोगों का ध्यान खींचा था। पाकिस्तान के खिलाफ भी उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। राणा ने कहा, 'पाकिस्तान दौरे पर जाने से पहले मैंने कहा था कि मैं अपने देश के लिए कुछ हासिल करना चाहता हूं और मुझे खुशी है कि मुझसे जो उम्मीद की गई थी उस पर मैं खरा उतरा। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा जहां की पिच से उछाल मिलने की उम्मीद है। राणा से पूछा गया कि वह क्या फिर से 152 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने के लिए तैयार हैं, उन्होंने कहा, 'मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। रफ्तार को लेकर आप हमेशा भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं। यह लय पर निर्भर करता है।

# रैना, हरभजन, हाफीज, ब्रावो यूएस मास्टर्स टी10 के दूसरे सीजन में बिखेरेंगे जलवा

### आठ नवंबर से शुरु होगा



**लॉडरहिल (फ्लोरिडा) (एजेंसी)।** अमेरिका के टेक्सास में आठ नवंबर से 17 नवंबर तक होने वाले यूएस मास्टर्स टी-10 के दूसरे सीजन सुरेश रैना, हरभजन सिह, हाफीज सईद, ड्वेन ब्रावो सहित क्रिकेट के कई पूर्व दिग्गज टूर्नामेंट में बिखेरेंगें अपना जलवा। पहले संस्करण की तरह इस सीजन में भी कई रोमांचक मुकाबले होने वाले हैं और निश्चित रूप से क्रिकेट के सबसे तेज तथा मनोरंजक प्रारूप में कई बड़ी हिट्स देखने को मिलेंगी। टूर्नामेंट में 60 स्थानों के लिए दावेदारी के साथ दुनियाभर के 500 से अधिक क्रिकेटरों ने यूएस मास्टर्स टी-10 के सीजन 2 के लिए प्लेयर ड्राफ्ट के लिए पंजीकरण कराया। इस लीग में कैलिफोर्निया बोल्ट्स, डेट्रायट फाल्कन्स, शिकागो प्लेयर्स, न्यूयॉक 'वॉरियर्स, मॉरिसविले यूनिटी कैंप और अटलांटा राइडर्स टीमों के लिए दुनियाभर के खिलाड़ी खेलेंगे। टी-10 ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा, 'अमेरिका में क्रिकेट तेजी से बढ़ रहा है और हम इस खास यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं। इस साल आईसीसी टी-20 विश्वकप ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है और हम उस गति को बनाए रखना चाहते हैं और इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। यूएस मास्टर्स के दूसरे सीजन के साथ हमारा लक्ष्य प्रशंसकों को अधिक यादगार मुकाबले प्रदान करना और इस खेल को और अधिक रोमांचक बनाने में मदद करना है।

### 45वां शतरंज ओलंपियाड

# भारतीय महिला टीम को शीर्ष वरीयता

**बुडापेस्ट , हंगरी (एजेंसी)।** भारतीय महिला शतरंज टीम को 10 सितंबर से शुरू होने जा रहे 45वें विश्व शतरंज ओलंपियाड में शीर्ष वरीयता दी गई है , पिछले बार की कांस्य पदक विजेता भारतीय महिला टीम इस बार दिग्गज महिला खिलाड़ी ग्रांड मास्टर हरिका द्रोणावल्ली के नेतृत्व में खेलने उतरेंगी और युवा खिलाड़ियों से भरी इस टीम से देश को स्वर्ण पदक की आस रहेगी । भारतीय टीम में पहले बोर्ड पर हरिका दूसरे बोर्ड पर वैशाली आर , तीसरे बोर्ड पर दिव्या देशमुख , चौथे बोर्ड पर वन्तिका अग्रवाल और पांचवें बोर्ड पर तानिया सचदेव खेलते हुए नजर आएंगी । महिला वर्ग में 2467 औसत रेटिंग के साथ भारत को पहली , 2462 रेटिंग के साथ जॉर्जिया को दूसरी ,और 2422 रेटिंग के साथ पोलैंड तीसरी वरीय टीम है । अन्य टीमों में चीन , उक्रेन , अजरबैजान, यूएसए जर्मनी ,स्पेन और कज़ाकिस्तान को क्रमशः चौथे से दसवीं वरीयता दी गई है । महिला वर्ग में इस बार 184 टीमों की प्रतिभागिता नें एक नया रिकॉर्ड बना दिया है । शतरंज ओलंपियाड 11 सितंबर से 22 सितंबर के दौरान खेला जाएगा ।

# न्यूजीलैंड ने महिला टी20 विश्व कप टीम की घोषणा की, डिवाइन-बेट्स रिकॉर्ड नौवीं बार खेलेंगी




**ऑकलैंड (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने अगले महीने यूएई में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स रिकॉर्ड नौवीं बार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में खेलेंगी। अनुभवी जोड़ी ने 2009 में इसकी शुरुआत से लेकर अब तक महिला टूर्नामेंट के हर संस्करण में हिस्सा लिया है। टूर्नामेंट के समापन पर टी20 कप्तान के पद से हटने वाली डिवाइन टीम की अगुआई करेंगी। वह ट्रॉफी जीतने की उम्मीद करेंगी, जो टीम को टूर्नामेंट के पहले दो संस्करणों 2009 और 2010 में उपविजेता रहने के बाद से नहीं मिली है।

डिवाइन ने कहा, टी20 विश्व कप महिलाओं के खेल के विकास और वृद्धि में एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है और यह सोचना वास्तव में मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैंने इसके शुरू होने से ही इसमें खेला है। मैं वास्तव में विश्व स्तरीय टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के एक और अवसर की प्रतीक्षा कर रही हूं, जो ट्रॉफी को अपने घर ले जाने की होड़ में हैं। तेज गेंदबाज रोजमेरी मैयर इंग्लैंड की घरेलू श्रृंखला के दौरान लगी पीठ की चोट के बाद टीम में लौटी हैं, वह जून-जुलाई में होने वाले वापसी दौरे से बाहर हो गई थीं। तेज गेंदबाजी विभाग में जेस केर, ताहुहू, हन्ना रोवे और मौली पेनफोल्ड अन्य हैं। ऑफ स्पिनर लेह कास्पेरेक स्पिन आक्रमण को मजबूत करेंगी, जो अपने चौथे टी20 विश्व कप में भाग लेने के लिए तैयार हैं, उनके साथ साथी स्पिनर मेली केर, फ्रैन जोनास और ईडन कार्सन भी हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज इजी गेज आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के अनुभव के बिना टीम की एकमात्र सदस्य हैं।

मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि विश्व कप टीम में शामिल होना एक विशेष अवसर है। सॉयर ने कहा, इस टीम में नामित सभी खिलाड़ियों को बधाई, विश्व कप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मैं इस टीम से वास्तव में प्रसन्न हूं, मुझे लगता है कि ये हमारे सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी हैं जो संभावित रूप से विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढल सकते हैं।

उन्होंने कहा, सोफ और सुज के पास विश्व कप से लेकर फ्रैंचाइजी लीग तक के टूर्नामेंट का बहुत बड़ा अनुभव है, इसलिए हम निश्चित रूप से इस ज्ञान का उपयोग इस काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा में करेंगे। रोजमेरी पिछले कुछ महीनों में चोट के कारण दुर्भाग्यपूर्ण रूप से परेशान रही हैं और उन्होंने इस टूर्नामेंट के लिए फिट होने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने खुद को हमारे प्रमुख पेस विकल्पों में से एक के रूप में साबित किया है और हम उत्साहित हैं कि वह वापस आ रही हैं।

न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। वे 4 अक्टूबर को भारत के खिलाफ अपने पहले ग्रुप मैच से पहले दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेंगे। टूर्नामेंट की तैयारी के लिए टीम 16 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैके और ब्रिस्बेन में तीन टी20 मैच खेलने के लिए रवाना होगी।

**न्यूजीलैंड की टीम** – सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रूक हॉलिडे, फ्रान जोनास, लेघ कास्पेरेक, अमेलिया केर, जेस केर, रोजमेरी मैयर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहू ।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 11 सितम्बर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### नागपुर में तेज रफ्तार ऑडी ने कई वाहनों को टक्कर मारी, दो गिरफ्तार

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नागपुर में तेज रफ्तार ऑडी ने अलग-अलग जगहों पर कई वाहनों को टक्कर मार दी। पुलिस ने चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑडी कार महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे के नाम पर पंजीकृत होने की जानकारी सामने आई है। यह घटना नागपुर के रामदासपेठ इलाके की है। सीताबल्डी थाने में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान चालक अर्जुन हावरे और रोनित चित्तमवार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शराब के नशे की वजह से ये घटना हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों की मेडिकल जांच भी कराई है। रिपोर्ट का इंतजार है। ऐसी खबर है कि नेता के बेटे को बचाने के लिए ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीताबल्डी थाने की इंस्पेक्टर अनामिका मिर्झापुरे ने कहा कि यह घटना रात में सेंटर प्वाइंट होटल के सामने हुई है। एक तेज रफ्तार कार दो कार और एक बाइक को टक्कर मारके भाग गई थी। दो आरोपियों अर्जुन हावरे और रोनित चित्तमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी मेडिकल जांच कराई गई है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। सीताबल्डी थाने के एक अधिकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार ऑडी ने पहले शिकायतकर्ता जितेंद्र सोनकांबले की कार को देर रात एक बजे टक्कर मारी थी। इसके बाद एक मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो युवक घायल हो गए। हालांकि, यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इस पूरे मामले पर को लेकर विपक्ष आक्रामक है। चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि कार मेरे बेटे के नाम पर है, घटना की निष्पक्ष जांच की जाए, जो दोषी हो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### कंगना रनौत ने 32 करोड़ रुपए में बेचा अपना बंगला, बीएमसी का भी चल चुका है बुलडोजर



**मुंबई, एजेंसी।** भाजपा सांसद और बॉलीवुड एक्टर कंगना रनौत, जो अब अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म इमरजेंसी से सभी का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, इस बीच कंगना ने अब अपना बंगला बेच दिया है, जो बांद्रा के पाली हिल के आलीशान इलाके में स्थित है। जैपकी को मिले संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार, बंगला 32 करोड़ रुपए में बेचा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बंगला खरीदने वाली शख्स कमलिनी होल्डिंग्स की पार्टनर श्वेता बथिजा हैं, जो तमिलनाडु के कोयंबटूर में रहती हैं। यह बंगला हैदराबाद की एक कंपनी द्वारा खरीदा गया है।

# सावधान! 6 माह, 20 हजार वारदात और 285 करोड़ की ठगी; साइबर अपराधियों के निशाने पर गुरुग्राम

**गुरुग्राम एजेंसी।**
मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में साइबर ठगी की वारदात दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पिछले छह महीने के अंदर साइबर ठगी की 20 हजार वारदात हुई। इसमें साइबर ठगों ने करीब 285 करोड़ रुपये ठग लिए। गुरुग्राम पुलिस ने इनमें से करीब 16 हजार मामलों को सुलझाने का दावा किया है, लेकिन अभी तक सिर्फ करीब 45 करोड़ रुपये की राशि को ही वसूल किया जा सका है। पुलिस ने ठगी के 597 मामलों को दर्ज किया है। अब तक 788 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

यदि साल 2021 की बात करें तो साइबर ठगी के करीब 11 हजार मामले पुलिस के समक्ष आए थे, जिसमें सभी मामलों को सुलझा लिया गया था। इस दौरान करीब 6.82 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी, जिसमें से 6.49 करोड़ रुपये वसूल किए जा चुके हैं। 131 साइबर ठगों को इस दौरान पकड़ा गया था। साल 2022 में करीब 18 हजार लोगों को साइबर ठगों ने अपना निशाना बनाया था। इनसे करीब 109 करोड़ रुपये ठगे गए थे। पुलिस ने इन मामलों में 335 ठगों को पकड़ा है। सभी वारदातों को सुलझाया जा चुका है,



लेकिन सिर्फ 4.79 करोड़ रुपये की राशि इन ठगों से वसूली गई है।

साल 2023 में ठगी की वारदात साल 2022 की अपेक्षा दोगुनी हो गई। इन साइबर ठगों ने इस साल करीब 33 हजार लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने ठगी के इन सभी मामलों को सुलझा लिया। डिजिटल अरेस्ट के जरिये 121 लोगों से ठगी = साइबर ठगों ने गुरुग्राम के 121 लोगों को डिजिटल अरेस्ट करके करीब दो करोड़ रुपये की ठगी की। जालसाजों ने खुद को दिल्ली, मुंबई और सीबीआई का अधिकारी बताकर ठगी की।

मूलरूप से जींद के नरवाना के गांव बेलरखा निवासी शैलेंद्र फिलहाल सुशांत लोक दो के एच ब्लॉक में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि एक जून को उनके पास वॉट्सऐप के माध्यम से मैसेज आया, जिसमें विज्ञापन को स्टार रेटिंग देने के नाम पर कमाई करने की बात कही गई थी। उसके रुचि दिखाने के बाद उसे टेलीग्राम पर ग्रुप जॉइन करवाया गया। विज्ञापन को स्टार रेटिंग देकर कमाई गई राशि को लेने के लिए उससे 1 जून से लेकर 3 जून तक उसने 11 खातों में 6.29 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। युवक को बाद में ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

सहायक उपायुक्त (साइबर अपराध) प्रियांशु दीवान ने कहा, सावधानी बरतकर साइबर ठगों से बचा जा सकता है। यदि किसी का अधिक कमाई का लालच देने के लिए कॉल आता है तो उसे नजरअंदाज किया जाए। किसी के साथ अपने बैंक खातों, एटीएम या क्रेडिट कार्ड की जानकारी को साझा नहीं करें। कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में डरने की आवश्यकता नहीं है। इस तरह की कॉल आने पर पुलिस से संपर्क किया जाना चाहिए। पुलिस के अनुसार साइबर ठगी की शिकायत साइबर सेल के टोल फ्री नंबर 1930 और 155260 पर कॉल कर की जा सकती है। ठगी की शिकायत 24 घंटे में करने पर रकम वापसी की उम्मीद रहती है।

## 20 लाख दो वरना... गाजियाबाद में महिला डॉक्टर से मोहम्मद हसीन ने ऐठें 20 लाख

**गाजियाबादएजेंसी।** गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र में अस्पताल संचालक द्वारा अश्लील वीडियो और फोटो के जरिये स्त्री रोग विशेषज्ञ को ब्लैकमेल कर 20 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पति और बेटी की हत्या की धमकी देकर आरोपी 20 लाख रुपये और मांगने लगा तो पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मूलरूप से मेरठ निवासी आरोपी फिजियोथेरेपिस्ट को गिरफ्तार कर लिया। राजनगर एक्सटेंशन की सोसाइटी में रहने वाली डॉक्टर का कहना है कि वह स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। उनके पति भी सशस्त्र बल चिकित्सा में चिकित्सक हैं। वह अपनी बेटी के साथ ससुरालवालों के साथ रह रही हैं। अक्तूबर 2023 में डॉ. मोहम्मद हसीन ने उनसे संपर्क किया। मूलरूप से तहसील सरधना, जिला मेरठ के गांव पिथलोखर निवासी डॉ. हसीन वर्तमान में राजनगर एक्सटेंशन की ब्रेव हार्ट सोसाइटी में रहता है। उसने खुद को एमबीबीएस डॉक्टर और बाल रोग विशेषज्ञ बताया। साथ ही साहिबाबाद स्थित आरएस अस्पताल के मालिक होने का दावा किया। डॉ. हसीन के कहने पर वह विजिटिंग स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में उसके अस्पताल जाने लगी। एक दिन मोहम्मद हसीन ने उनसे कहा कि वह अगर अस्पताल के उपकरणों में निवेश करेंगी तो उन्हें भी आर्थिक लाभ मिलेगा। उसने 20 लाख रुपये की अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने के लिए कहा। उन्होंने पैसा लगाने से इनकार कर दिया तो मोहम्मद हसीन उन पर दबाव डालने लगा। चिकित्सिका का कहना है कि एक दिन मोहम्मद हसीन ने अस्पताल में पैसा लगाने के संबंध में आखिरी बार बात करने के लिए उन्हें ब्रेव हार्ट सोसाइटी स्थित अपने घर आने को कहा। 11 नवंबर 2023 को वह डॉ. हसीन के घर गईं तो उसने कोल्डड्रिंक पीने को दी। उसे पीते ही वह बेहोश हो गईं। इसके बाद वह अस्पताल गईं तो डॉ. हसीन ने अपने मोबाइल में उनके अश्लील फोटो और वीडियो दिखाए। फोटो-वीडियो डिलीट करने के बदले अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदने के लिए 20 लाख रुपये की व्यवस्था करने को कहा।

## भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने एनसी-कांग्रेस गठबंधन पर साधा निशाना



**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद के चंगुल से मुक्त कराया और इस क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास की गारंटी दी है। ठाकुर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा का मतलब राहत है। जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस का मतलब आफत है। एनसी-कांग्रेस गठबंधन केवल लोगों के लिए विनाश और दुख ला सकता है। ठाकुर ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब उन्होंने भाजपा के जम्मू उत्तर से उम्मीदवार शाम लाल शर्मा और जम्मू पश्चिम से उम्मीदवार अरविंद गुप्ता के साथ विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करवाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उनके साथ थे। इस दौरान पार्टी के समर्थन में नारे लगाए गए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सिर्फ भाजपा ही शांति स्थापित कर सकती है। विकास सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब-जब नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने मिलकर काम किया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए विनाश और कठिनाइयाँ लाई हैं। जम्मू-कश्मीर में एनसी और कांग्रेस की गलतियों के कारण 45 हजार से अधिक लोगों की जान चली गई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। एनसी-कांग्रेस अनुच्छेद 370 को वापस लाने की बात कर रहे हैं। लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूँ कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाला: असम पुलिस ने सुमी बोरा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया

**गुवाहाटी, एजेंसी।**
असम पुलिस ने असमिया अभिनेत्री-कोरियोग्राफर सुमी बोरा और उनके पति तारिक बोरा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। यह करोड़ों रुपये के ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में गिरफ्तारी से बच रहे हैं। इससे पहले पुलिस को आशंका थी कि सुमी बोरा और उनके पति मेघालय जाकर छिप गए होंगे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घोटाले के सरगना बिशाल फुकन की गिरफ्तारी के तुरंत बाद यह दोनों नेपाल भाग गए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, हम आरोपी सुमी बोरा और उसके पति को पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चला रहे हैं। हमारी टीम अलग-अलग जगहों पर फैली हुई है। हमें पूरा भरोसा है कि उन्हें बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी आश्वासन दिया है कि बोरा किसी भी समय पुलिस के घेरे में आ जाएंगी। कुछ गिरफ्तारियां अपराध के तुरंत बाद होती हैं। लेकिन कुछ गिरफ्तारियों के लिए लंबे समय की जरूरत होती है और यह स्थिति पर निर्भर करता है। हालांकि, मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि कोई भी बहुत लंबे समय तक पुलिस की गिरफ्तारी से बच नहीं सकता। पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

बता दें कि बिशाल फुकन की गिरफ्तारी के बाद सुमी बोरा तुरंत पुलिस की नजर में आ गईं। पुलिस गुवाहाटी के पठार क्वारी इलाके में उनके अपार्टमेंट में गई; हालांकि, अभिनेत्री और उनके पति घर पर नहीं थे। पुलिस ने सोसायटी परिसर के हर अपार्टमेंट की तलाशी ली, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिला।



एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हमें अपार्टमेंट के बेसमेंट में सुमी बोरा की लग्जरी कार मिली। हालांकि, जांच टीम के वहां पहुंचने से पहले ही दोनों फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, फुकन ने असमिया फिल्म इंडस्ट्री में बोरा के नेटवर्क का इस्तेमाल किया। वह ग्राहकों को अधिक रिटर्न की उम्मीद में फुकन की कंपनी में निवेश करने के लिए राजी करने में सफल रही।

पुलिस ने पिछले हफ्ते असम में ऑनलाइन ट्रेडिंग से जुड़े 2,200 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया था। पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों- डिब्रूगढ़ के बिशाल फुकन और गुवाहाटी के स्वप्निल दास को उनके घरों से गिरफ्तार किया था। अदालत ने दोनों को पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस बड़े घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए पुलिस ने अब तक कुल 39 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच गोलाबारी में 8 तालिबानी लड़ाके मारे गए



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच रविवार रात भारी गोलीबारी हुई। पाकिस्तानी वेबसाइट जियो न्यूज के मुताबिक इसमें कम से कम 8 तालिबानी लड़ाके मारे गए। वहीं, 16 घायल हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि खोस्त प्रोविंस में बॉर्डर पर रात 9 बजे दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हुई जो चार घंटे तक चली। सीमा सुरक्षा कर्मियों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मारे गए लोगों में अफगान तालिबान के 2 वरिष्ठ कमांडर खलील और जान मुहम्मद भी शामिल हैं। भिड़ंत में पाकिस्तान के कितने सैनिक हताहत हुए हैं इसकी जानकारी नहीं है। इससे पहले भी पाकिस्तान-तालिबान के बीच 4 सितंबर की रात गोलाबारी हुई थी। दरअसल तालिबान सरकार पाकिस्तान से जुड़े सीमावर्ती इलाकों में नई चौकियों का निर्माण कर रही है। यही वजह है कि दोनों पक्षों के बीच आए दिन झड़प हो रही है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान को एक काल्पनिक डूरंड रेखा अलग करती है, लेकिन अफगानिस्तान ने इसे मान्यता नहीं दी है। अफगानिस्तान का मानना है कि ये रेखा जानबूझ कर ब्रिटिश अफसरों ने खींची थी ताकि पश्तो समुदाय का बंटवारा किया जा सके। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच इसे लेकर विवाद रहता है। जानकारों के मुताबिक पाकिस्तान को उम्मीद थी कि तालिबान शासन डूरंड लाइन को मान्यता देगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दोबारा सत्ता में आने के बाद तालिबान ने पुरानी सरकार के रूख पर कायम रहते हुए सीमावर्ती इलाकों पर अपना दावा ठोक दिया। इसके इलावा तालिबान सरकार ने इन इलाकों में नई चौकियों को तैयार करना शुरू कर दिया। इस बीच ब्रिटेन दौरे पर गए पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने इस हालत का जिम्मेदार इमरान खान को बताया है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक इशाक डार ने कहा कि इमरान सरकार ने तालिबान का समर्थन करने और अशरफ गनी की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कई ऐसे आतंकियों को रिहा कर दिया जो आज देश के लिए मुसीबत बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये आतंकी ही बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सैनिकों को निशाना बना रहे हैं। डार ने लंदन स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिना नाम लिए एक तीन सितारा जनरल का जिक्र किया। डिप्टी पीएम ने कहा कि एक कप चाय पीने के लिए काबुल गए एक थ्री स्टार जनरल के फैसलों ने देश को काफी नुकसान पहुंचाया है।

## इमरान खान की पार्टी के शीर्ष नेता संसद भवन के बाहर गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के शीर्ष नेताओं को पुलिस ने नेशनल असेंबली के सत्र के बाद संसद भवन के बाहर से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। 'डॉन अखबार ने पुलिस प्रवक्ता जावेद ताकी के हवाले से बताया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेता बैरिस्टर गौहर अली खान, शेर अफजल खान मारवात और एडवोकेट शोएब शाहीन को इस्लामाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ऐसी जानकारी है कि सबसे पहले मारवात को हिरासत में लिया गया। मारावात की गिरफ्तारी के संदर्भ में पीटीआई पार्टी ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''पीएमएलएन सरकार को नेशनल असेंबली के मौजूदा सदस्य के खिलाफ इस तरह के कदम पर पूरी तरह शर्म आनी चाहिए। यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है। पार्टी ने इस्लामाबाद पुलिस पर ''अवैध आदेशों का पालन करने का आरोप लगाया और



इस्लामाबाद के पुलिस महानिरीक्षक से ''इस कार्रवाई को रोकने का आह्वान किया। सूत्रों ने जियो न्यूज को बताया कि मारवात को एक नए कानून-शांतिपूर्ण सभा और सार्वजनिक व्यवस्था विधेयक, 2024 के तहत नियमों का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पीटीआई सांसद पर एक दिन पहले पुलिस कर्मियों के साथ झड़प का आरोप लगाया गया था। एक अन्य पोस्ट में पीटीआई पार्टी ने पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर की गिरफ्तारी को ''गैरकानूनी बताते हुए इसकी निंदा की। मारवात ने 'एक्स पर पोस्ट एक बयान में कहा, ''सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह इमरान खान और उनके सिपाहियों से कितनी डरी हुई है। विपक्ष के नेता उमर अयूब खान ने गिरफ्तारियों की निंदा की और आरोप लगाया कि इस्लामाबाद पुलिस ने उन्हें, पीटीआई नेता जरताज गुल वजीर और ''अन्य सहकर्मियों को गिरफ्तार करने के लिए दल गठित किए हैं।

### इराक ने अमेरिकी सांसदों के तेल तस्करी के आरोपों को नकारा

**बगदाद , एजेंसी।** इराक ने अमेरिका के कुछ सांसदों के उस आरोप को नकार दिया है, जिसमें कहा गया था कि ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों का बावजूद इराक उसकी मदद करने के लिए अवैध तरीके से कच्चे तेल की तस्करी कर रहा है। इराक के तेल मंत्रालय ने अमेरिकी सांसदों के इस आरोप को बेवजह का मनगढ़ंत आरोप बताया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, बुधवार को पांच अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन को पत्र लिखकर कई इराकी दलों और अधिकारियों पर ईरान को अवैध तरीके से कच्चा तेल तस्करी करने का आरोप लगाया था। उन्होंने पत्र में इराकी तेल मंत्री हयान अब्दुल गनी पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। हयान अब्दुल गनी जल्द ही अमेरिका की यात्रा करने वाले हैं। इन अमेरिकी सांसदों ने रविवार को राष्ट्रपति बाइडेन से आग्रह किया कि वह इस मामले की जांच पूरी होने तक गनी को वाशिंगटन आने से रोकें।

## यूक्रेन का रूस पर आग उगलने वाले ड्रोन से हमला, लावा से रूस के जंगलों में आग लगी

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन ने रूसी हमले का जवाब देने के लिए खतरनाक 'ड्रैगन ड्रोन' का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। यूक्रेनियन डिफेंस मिनिस्ट्री ने बुधवार को सोशल मीडिया पर कई वीडियो पोस्ट किए हैं। वीडियो में दिख रहा है कि ड्रोन पेड़ों के ऊपर उड़ रहा है। वह लावा फेंक रहा है जिसकी वजह से जंगल में आग लग गई है।

सीएनएन के मुताबिक यूक्रेनी सेना ने पेड़ों की ओट में छिपे रूसी सैनिकों को खत्म करने के लिए इसका इस्तेमाल किया है। इस ड्रोन में थर्माइट का इस्तेमाल हुआ है जो एल्युमिनियम पाउडर और आयरन ऑक्साइड का एक मिश्रण है। यह 4 हजार डिग्री फारेनहाइट तापमान पर जलता है।

यह ड्रोन जब उड़ता है तो इससे आग का लावा निकलता है जो कि पौराणिक कथाओं के ड्रैगन जैसा दिखाई देता है। यही वजह है कि इसे ड्रैगन ड्रोन कहा जाता है। इस ड्रोन से निकलने वाला लावा पेड़ ही नहीं बल्कि स्टील को भी पिघला सकता है।

रूस और यूक्रेन दोनों ही थर्माइट का इस्तेमाल कर रहे रिपोर्ट के मुताबिक रूस और यूक्रेन दोनों ही देश इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। रूस ने 2023 में पूर्वी यूक्रेनी शहर वुहलदार पर थर्माइट बम का इस्तेमाल किया। जलता हुआ थर्माइट जल्दी नहीं बुझाया जा सकता है इसलिए इसकी जद में आने वाले भारी वाहन हों या हथियार सभी बर्बाद हो जाते हैं।

अब यूक्रेन की 60वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड इसका इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि ये ड्रोन इतने सटीक हैं



कि कोई भी दूसरा इसका मुकाबला नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि जब हमारा 'विदार' उड़ेगा तो रूसी महिलाओं को नींद नहीं आएगी। विदार पुराने समुद्री लड़ाके वाइकिंग्स के देवता हैं जो बदला लेने के लिए जाने जाते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक थर्माइट को पहली बार 1890 में एक जर्मन केमिस्ट ने तैयार किया था। इसका इस्तेमाल मूल रूप से रेल की पटरियों को आपस में जोड़ने के लिए किया जाता था। लेकिन बाद में इसका इस्तेमाल जंग में भी होने लगा।

पहली बार युद्ध में जर्मनी ने इसका इस्तेमाल किया। उन्होंने ब्रिटेन पर एक जेप्लिन से इसे गिराया। जेप्लिन एक प्रकार का गुब्बारा होता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। ) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129